



खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 01 अप्रैल, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-91

### कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को देने पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

# श्रीलंका को क्यों दिया भारत का द्वीप?



**मेरठ, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ ऐक्शन जरूर होगा उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद रविवार को मेरठ में गौरव समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। तमिलनाडु में भारत के समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच में समुद्र में एक द्वीप है जिसे कच्चातिवु द्वीप के नाम से जाना जाता है। ये सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था। लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले कह दिया कि ये द्वीप फालतू और गैर जरूरी है। इसके बाद मां भारती का एक अंग कांग्रेस के लोगों ने काट दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के इस रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। उनकी नाव को कब्जा कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि कच्चातिवु द्वीप को लेकर दाखिल की गई एक आरटीआई रिपोर्ट रविवार को सामने आई। उन्होंने कहा कि आरटीआई रिपोर्ट में आंखें खोलने और चौंकाने वाला सच सामने आया है। विपक्षियों को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा कि रिपोर्ट से पता चलता है कि कांग्रेस ने किस तरह बेरहमी से कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को उपहार के रूप में सौंप दिया था। हर भारतीय इससे नाराज है। भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का 75 सालों से काम करने का तरीका रहा है। हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते।

**मेरठ से मोदी ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन पर जमकर किया प्रहार**

**देश की अखंडता कमजोर कर रही कांग्रेस, यह पार्टी भरोसे योग्य नहीं**

**भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक्शन जरूर होगा**

**1974 में इंदिरा की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को गिफ्ट कर दिया था**

बताते चलें कि तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई सामने आने पर पता चला है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। बताया गया है कि इंदिरा गांधी ने तमिलनाडु में लोकसभा अभियान को देखते हुए यह समझौता किया था। संसद के आधिकारिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड से पता चलता है कि किस तरह अस्थिर भारत पाक जलडमरूमध्य में द्वीप पर नियंत्रण की लड़ाई एक छोटे देश से हार गया, जो इसे छीनने के लिए प्रतिबद्ध था।

इतना ही नहीं रिपोर्ट में इस मुद्दे पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की टिप्पणियों का भी हवाला दिया गया है। बताया गया है कि नेहरू ने कहा था कि उन्हें द्वीप पर दावा छोड़ने में कोई संकोच नहीं होगा। उन्होंने कहा था, मैं इस छोटे से द्वीप को कोई महत्व नहीं देता हूं और मुझे इसके लिए अपने दावों को छोड़ने में कोई संकोच नहीं होगा। नेहरू ने लिखा था कि मुझे यह पसंद नहीं है कि यह अनिश्चित काल के लिए लंबित रहे और संसद में इस मुद्दे को फिर से उठाया जाए। कच्चातिवु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ▶9पर

## मोदी की गारंटी पर भारत को भरोसा: योगी



**मेरठ, 31 मार्च (एजेंसियां)।** सम्पूर्ण देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। मोदी की गारंटी का मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों के घर में रसोई गैस का सिलेंडर, 12 करोड़ के घरों में शौचालय की व्यवस्था, 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन, 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा का कवर, मोदी की गारंटी के कारण यह देश एक स्वर में बोल रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। ▶9पर

# आयकर ने कांग्रेस को थमाया 1745 करोड़ रुपए का नया टैक्स नोटिस

### दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, आईटी ने कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

कांग्रेस को आयकर विभाग ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आयकर विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है।

कांग्रेस को 2 दिन पहले यानी 29 मार्च को ही शुक्रवार को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने कहा गया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

कांग्रेस के सीनियर नेता विवेक तन्खा ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ रुपए के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद।

लेकिन ये याद रखें, भारतीय मतदाताओं ने कभी भी निरंकुश आचरण का समर्थन नहीं किया है। विपक्षी दलों के बिना कोई भी लोकतंत्र संभव नहीं है। टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने पिछले सालों से जुड़ी टैक्स डिमांड के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही वसूल कर लिए हैं।

हालांकि कांग्रेस ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है।



कांग्रेस ने चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसिडिंग शुरू करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा और जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने 28 मार्च को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। इनकम टैक्स अधिकारियों के पास टैक्स असेसमेंट पर एक्शन लेने के लिए ठोस सबूत थे, इसलिए एक्शन लिया गया है। कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू करने के खिलाफ दायर की थी। इससे पहले भी कांग्रेस ने 2014-15 से 2016-17 तक असेसमेंट प्रोसीडिंग को चुनौती दी थी।

उसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। 25 मार्च को भी कोर्ट ने कांग्रेस की तीन याचिकाएं यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि कांग्रेस ने मूल्यांकन पूरा होने का समय खत्म होने से कुछ दिन पहले और प्रोसिडिंग के लास्ट स्टेज में कोर्ट में अपील करने का विकल्प चुना है।

8 मार्च को कोर्ट ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) के आदेश को बरकरार रखा था। ट्रिब्यूनल ने 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स की वसूली के लिए कांग्रेस को जारी डिमांड नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## गोवा चुनाव प्रचार में प्रयोग हुए थे रिश्वत से मिले 45 करोड़

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

दिल्ली शराब नीति घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने कहा है कि इस घोटाले से मिले 45 करोड़ रुपयों का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी द्वारा 2022 में हुए गोवा चुनाव में अपने प्रचार अभियान के लिए प्रयोग किए थे। अदालत में दाखिल दस्तावेजों में यह भी दावा किया गया है कि इस बात की पुष्टि सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अपनी अलग-अलग जांच में की है। इन दस्तावेजों में ईडी ने अदालत को बताया है कि मामले में जांच के क्रम में प्रवर्तन निदेशालय हवाला ऑपरेटरों और अंगड़ियाओं के नेटवर्क की भी जांच कर रहा है। ईडी ने 45 करोड़ रुपयों की मनी ट्रेल के लिए पांच अंगड़िया फर्म संचालकों के बयान भी दर्ज किए हैं। 45 करोड़ रुपयों को लेकर ईडी ने दावा किया है कि ये रुपये राजनेताओं और शराब व्यवसायियों द्वारा ▶9पर

# मदरसा शिक्षक हत्या मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बेदाग रिहा

**कोच्चि, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

केरल की एक अदालत ने मदरसा शिक्षक की हत्या से जुड़े एक मामले में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया। तीनों आरोपियों ने बिना जमानत के सात साल जेल में बिताएं हैं। कासरगोड प्रधान सत्र न्यायालय के न्यायाधीश केके बालाकृष्णन ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि आरोपियों की मुस्लिम समुदाय से किसी तरह की दुश्मनी थी। इसके अलावा, अभियोजन पक्ष यह भी साबित नहीं कर पाए कि आरोपी का आरएसएस से किसी भी तरह का संबंध रहा है। मामला 2017 का है। आरोप है कि तीन आरएसएस कार्यकर्ताओं- अखिलेश,



निधिन और अजेश ने चुरी की मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के अंदर मुअज्जिन मोहम्मद रियास मौलवी (34) और चूरी के मदरसा शिक्षक की हत्या कर दी थी। तीनों पर कथित तौर पर आरोप है कि उन्होंने मौलवी का गला काट दिया था।अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा कि आरोपियों और अभियोजन पक्ष के गवाहों से जब्त किए गए फोन से भी कुछ भी उपयोगी नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि मृतक ने किन-किन लोगों से बात की। उन्होंने एक अच्छा मौका गंवा दिया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की चुप्पी ही तीनों व्यक्तियों पर लगे आरोपों को खारिज करने के लिए पर्याप्त है। सबूतों और गवाहों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि जांच मानकों के अनुसार ही हुई है। अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि पीड़ित की हत्या इन्हीं आरोपियों ने ही की थी। अदालत ने कहा कि उन पर आरोप साबित नहीं हुए इसलिए तीनों इन अपराधों के लिए दोषी नहीं हैं।

**तीनों आरोपियों ने बिना जमानत के सात साल जेल में बिताए**

हालांकि अभियोजन पक्ष ने फैसले पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे आदेश के खिलाफ अपील करेंगे। अभियोजकों ने कहा कि मामले में मजबूत सबूत पेश किए गए थे। एक आरोपी के कपड़ों पर मौलवी का खून भी मिला था। ▶9पर

## जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने पर हिरासत में ब्रिटिश नागरिक

**पूरी, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

ओड़ीसा पुलिस ने एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। उस पर आरोप है कि पहले उसने जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश किया। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस की टीम पर ही हमला कर दिया।

इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विदेशी पर्यटक की पहचान थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में की गई है। थॉमस दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ का रहने वाला है। आपको बता दें कि 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हैं। इसके बाद भी थॉमस ने मंदिर में प्रवेश किया। जब पुलिस कर्मियों ने उसे रोका और मंदिर परिसर छोड़ने के लिए कहा तो थॉमस ने ▶9पर

## बीआरएस नेता कडियम श्रीहरि व उनकी बेटी काव्या कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता और विधायक कडियम श्रीहरि अपनी बेटी कडियम काव्या के साथ रविवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं ने दो दिन पूर्व पिता-पुत्री की जोड़ी को सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। तेलंगाना के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रीहरि ने अपने समार्थकों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया। श्रीहरि हाल के चुनावों में स्टेशन घनपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए थे। उनकी बेटी को वारंगल लोकसभा सीट के लिए बीआरएस उम्मीदवार घोषित किया गया था, लेकिन 28 मार्च को उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं कि कांग्रेस वारंगल लोकसभा सीट से श्रीहरि या उनकी बेटी को मैदान में उतारेगी या नहीं। ▶9पर




## स्वदेशीकरण और तकनीकी समावेश होगा सेना का फोकस : एके सिंह



**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय सेना लगातार अपने खेमे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने सेना की मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण, तकनीकी समावेश और परिचालन क्षमता में वृद्धि सेना की दक्षिणी कमान के फोकस क्षेत्र होंगे। बताते चलें कि दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी कमान है। यह 11 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले भारत के 41 प्रतिशत भूभाग को कवर करती है। दक्षिणी कमान एक अप्रैल को 130वां स्थापना दिवस मनाएगी।

लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने साल 2024 के दौरान बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की कमान की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जिसे सेना द्वारा प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है, भारतीय सेना साल 2024 को प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मना रही है क्योंकि यह धीरे-धीरे एक आधुनिक बल में परिपक्व होने की कोशिश कर रही है। इनमें पैदल सेना, तोपखाने और सभी क्षेत्रों में ड्रोन और काउंटर-ड्रोन प्रणालियों को शामिल करने के लिए एक नया परिचालन दर्शन होगा। बख्तरबंद बटालियनें और अन्य पारंपरिक विषमताओं को पाटने के अलावा, कमांड साइबर ऑपरेशंस सपोर्ट विंग की स्थापना की गई है। ▶9पर

**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : $38^0$
न्यूनतम : $27^0$

### विपक्षी गठबंधन में रार! असम कांग्रेस अध्यक्ष ने रणनीति पर उठाए सवाल

# आपा का अलग चुनाव लड़ना उसकी सबसे बड़ी भूल

**गुवाहाटी, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

देश के विपक्षी गठबंधन इंडिया में रार जैसे संकेत दिखाई दे रहे हैं। अब असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने की विपक्षी पार्टियों की कोशिश राष्ट्रीय राजनीति के कारण नाकाम हो गई। उन्होंने दावा किया कि आम जनता पार्टी (आपा) का राज्य में अलग चुनाव लड़ना उसकी सबसे बड़ी भूल होगी। जबकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को कोई सीट देने से इनकार करने से पूर्वोत्तर राज्य में गठबंधन पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

बोरा ने कहा, हमने इंडिया गठबंधन के बनने से आठ महीने पहले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) का गठन किया था।



भूपेन कुमार बोरा

हमारा 16 दलों का मंच है। इनमें से तीन सीधे लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन यह राज्य में मेरे नेतृत्व या राजनीति के कारण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के कारण है। बता दें, राज्य की कुल 14 सीटों में से कांग्रेस 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और एक सीट उसने यूओएफए के सदस्य असम जैत्य परिषद के लिए छोड़ी है। राज्य में यूओएफए के जिन अन्य घटकों ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं उनमें आम आदमी पार्टी (आपा), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और माकपा शामिल हैं। बोरा ने कहा कि आप और कांग्रेस के बीच दिल्ली में सीटों का बंटवारा हो रहा है, लेकिन पंजाब में वे सभी सीटों पर अलग-अलग लड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, असम में आप ने तीन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया, लेकिन बाद में गुवाहाटी से उन्होंने नाम वापस ले लिया। मैंने आपा के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश चौधरी से आग्रह किया था कि उन्हें अकेले नहीं लड़ना चाहिए और हम उन्हें एक सीट देने के लिए तैयार थे, लेकिन उन्होंने तीन पर जोर दिया। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) प्रमुख ने दावा किया, मुझे लगता है कि यह आम आदमी पार्टी के लिए सबसे बड़ी राजनीतिक भूल होगी क्योंकि नतीजों के बाद यह साबित हो ▶9पर




## कार्टून कॉर्नर



शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# डोनाल्ड ट्रंप ने हाथ–पैर बंधे बाइडन की तस्वीर की साझा, राष्ट्रपति की टीम ने लगाया बड़ा आरोप



**वॉशिंगटन, 31 मार्च (एजेंसियां) ।**

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। इस वीडियो में एक ट्रक गुजरता दिख रहा है, जिसके पीछे बाइडन की एक तस्वीर लगी है। अब इस वीडियो को साझा करने के लिए ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है। दरअसल, वीडियो में दिखाई गई तस्वीर में हाथ–पैर बंधे हुए राष्ट्रपति बाइडन दिखाए गए है।

### बाइडन की टीम का भड़का गुस्सा

यह वीडियो न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के दिवंगत अधिकारी जोनाथन डिलर के निधन के बाद ट्रंप के निजी जेट में वापस जाने के बाद पोस्ट किया गया था। इसमें कैप्शन लिखा था कि यह वीडियो न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में बनाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर बाइडन के प्रचार अभियान का गुस्सा भड़क गया है। उन्होंने मौजूदा डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति को शारीरिक नुकसान पहुंचाने का सुझाव देने वाले वीडियो की निंदा की है।

### ट्रंप हिंसा को बढ़ावा दे रहे

बाइडन के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइकल टायलर ने कहा, ट्रंप लगातार राजनीतिक हिंसा को भड़का रहे हैं। अब समय आ गया है कि लोग उन्हें गंभीरता से लें। कैपिटल पुलिस के अधिकारियों से पूछें कि छह जनवरी को हुई हिंसा के पीछे किसका हाथ था।

### पूर्व राष्ट्रपति की टीम का जवाब

इस पर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने जवाब दिया, वीडियो एक पिकअप ट्रक का है, जो राजमार्ग से गुजर रहा था। डेमोक्रेट और पागल लोगों ने न केवल राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ घृणित हिंसा का आह्वान किया बल्कि वास्तव में उनके खिलाफ न्याय प्रणाली को हथियार बना रहे हैं।

यूएस सीक्रेट सर्विस ने एक बयान जारी कर कहा कि यह सुरक्षात्मक खुफिया मामलों की पुष्टि या टिप्पणी नहीं करता है। बता दें, वीडियो में ट्रम्प 2024 के साथ एक गुजरते ट्रक को दिखाया गया है। साथ ही पुलिस के समर्थन का दावा करने वाले झंडे दिखाए गए हैं। वहीं वाहन के पिछले हिस्से पर हाथ–पैर बंधे असहाय हालात में दिखाई दे रहे बाइडन की एक तस्वीर लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतवंशी राष्ट्रपति ने बंद की पश्चिम की बोलती, कहा- हमारा तेल खनन विनाश, पश्चिम करे तो विकास



**जॉर्जटाउन।** गुयाना के भारतवंशी राष्ट्रपति इरफान अली ने पर्यावरण संरक्षण पर पश्चिम के पाखंड को लेकर जोरदार प्रहार किया है। बीबीसी को दिए साक्षात्कार में अली ने कहा कि गुयाना जैसे देश तेल–गैस खनन करते हैं, तो इससे पर्यावरण का विनाश होता है, जबकि पश्चिम के इसी काम को विकास कहा जाता है। इस पाखंड को अब बंद करना चाहिए। बीबीसी के पत्रकार स्टीफन सैकुर ने साक्षात्कार के दौरान भारतवंशी अली से गुयाना के तटीय क्षेत्र में तेल और गैस खनन की योजना को लेकर सवाल किया कि इससे करीब 200 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन होगा। वह अपना सवाल पूरा करते इससे पहले ही अली ने फटकार लगाते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर उन्हें उपदेश देने का कोई हक नहीं रखते हैं। पश्चिम को तो गुयाना जैसे देशों से यह सीखना चाहिए कि प्रकृति और पर्यावरण को कैसे बचाया जाता है। उन्होंने कहा कि आप (बीबीसी) उन लोगों (पश्चिमी देशों) की जेब में हैं, जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के नाम पर पर्यावरण को क्रूरता से नष्ट किया और इसे विकास का नाम दिया है। गुयाना के जंगल की बात पर सैकुर ने सवाल किया कि क्या इससे गुयाना को कार्बन उत्सर्जन का अधिकार मिल जाता है। इसके जवाब में अली ने कहा कि क्या हमारे उत्सर्जन करने से आपको (पश्चिम) हमें जलवायु परिवर्तन पर उपदेश देने का अधिकार मिल जाता है। नहीं, बल्कि पश्चिम को हमसे उपदेश लेना चाहिए, क्योंकि हमने इन जंगलों को बचाए रखा है, जो 19.5 गीगाटन कार्बन स्टोर करते हैं। इनका पश्चिम और पूरी दुनिया आनंद ले रही है, जिसके बदले गुयाना को फूटी कौड़ी भी नहीं मिलती है। अली ने कहा कि वे कार्बन उत्सर्जन पर उन्हें उपदेश देने से पहले जान लें कि गुयाना में आज भी पूरे इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के आकार जितने जंगल हैं। गुयाना में पूरी दुनिया में सबसे कम जंगल काटे गए हैं।

### पाकिस्तान के हाल बेहाल: कार्यक्रमों में नहीं होगा रेड कार्पेट का इस्तेमाल, आर्थिक तंगी के बीच लेना पड़ा फैसला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक तंगी किसी से छिपी नहीं है। आए दिन अपनी गरीबी का दुख सुनाकर आईएमएफ के सामने हाथ फैला देता है। अब पड़ोसी देश के इतने बुरे दिन आ गए है कि उसने सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री शरीफ और कैबिनेट के सदस्यों ने धन जुटाने के सरकार के प्रयासों के तहत स्वेच्छा से अपना वेतन और भत्ता छोड़ने का फैसला किया था। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी प्राथमिका बेफिजूली खर्च को रोकना है।

### मेडागास्कर में गैमेन तूफान की वजह से मची तबाही,18 लोगों की मौत, विस्थापित किए गए 20 हजार लोग

**एंटानानारीवो।** मेडागास्कर द्वीप पर आए चक्रवाती तूफान गैमेन की वजह से बड़ी तबाही मची है। इस तूफान की वजह से इस सप्ताह कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा अब तक 20 हजार लोग विस्थापित किए जा चुके हैं। तीन लोग घायल हैं और चार लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ब्यूरो (बीएनजीआरसी) ने एक रिपोर्ट में बताया है कि उष्णकटिबंधीय चक्रवात गैमेन ने मेडागास्कर के उत्तर–पूर्व में तबाही मचा दी। बीएनजीआरसी ने बताया कि चक्रवाती तूफान 'गैमेन' ने मेडागास्कर के उत्तरी क्षेत्र में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तबाही मचा दी। धीरे धीरे यह खत्म तो हुआ लेकिन बाढ़ की वजह से बड़ा नुकसान हो गया। कई सड़कें और पुल ढह चुके हैं। देश के सात क्षेत्रों को तबाह करने वाले चक्रवात से 9,024 घरों सहित कुल 36,307 लोग प्रभावित हुए हैं। बीएनजीआरसी के अनुसार गैमेन चक्रवात की वजह से आई बाढ़ ने देश में व्यापक रूप से क्षति पहुंचाई है। लगभग 6,675 घर जलमग्न हो गए, जबकि 617 घर पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। मेडागास्कर के उत्तर में सड़कें और पुल ढह चुके हैं। इस साल देश में पहले चक्रवाती तूफान के रूप में गैमेन सबसे ज्यादा प्रभावशाली रहा।

## आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति पुतिन को लेकर रूस का बड़ा दावा

# अब तक 144 की मौत, 134 लोगों की हुई पहचान, विस्फोट में 551 लोग हुए घायल

**मॉस्को, 31 मार्च (एजेंसियां) ।**

22 मार्च को मॉस्को शहर के क्रोकस सिटी कॉन्सर्ट हॉल में घुसे आतंकियों ने गोलीबारी और विस्फोट किया। इस आतंकी हमले में 144 लोग मारे गए थे। इनमें से 134 लोगों की पहचान कर ली गई है, बाकी बचे शवों का आनुवांशिक परीक्षण जारी है। इस हमले में 551 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी मामले में जांच कर रही समिति के प्रेस कार्यालय टीएएसएस द्वारा दी गई है। उधर देश के राष्ट्रपति पुतिन इस आतंकी हमेले के बाद से बेहद परेशान बताए जा रहे हैं।

### जांच समिति ने क्या कहा

जांच समिति का कहना है कि सभी लोग दिन रात एक कर काम कर रहे हैं। इस जघन्य अपराध से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। जांच समिति का कहना है कि आतंकी हमले में मारे गए 144 लोगों में से 134 लोगों की पहचान हो चुकी है और बाकी बचे शवों का परीक्षण लगातार जारी है।

### बेहद परेशान हैं पुतिन


टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि क्रोकस सिटी हॉल पर घातक आतंकवादी हमले के बाद से पुतिन बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी त्रासदियों को देखकर राष्ट्रपति का दिल दुखता है।


### पकड़े गए हमलावरों का यूक्रेन से संबंध

जांचकर्ताओं के अनुसार, सभी चार संदिग्ध हमलावरों को पकड़ लिया गया है। जबकि उनकी मदद करने वाले पांच संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी है। रूसी जांच समिति का दावा किया कि हमलावरों के यूक्रेन से संबंध हैं। इस हमले में घायल हुए लोगों की संख्या 551 तक पहुंच गई है।

### मॉस्को में क्या हुआ था

22 मार्च को मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में





धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। वहीं, आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस्लामिक स्टेट ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। हमले में 144 लोगों की मौत हो गई और 550 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### सीरिया में बम धमाका, हमले में 8 लोगों की मौत, 23 घायल

**बेरूत।** सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि अलेप्पो प्रांत के अजाज में एक लोकप्रिय बाजार के बीच में एक कार में बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोग के मारे गए हैं और 23 अन्य घायल हैं। मरने वालों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। तुर्की समर्थक बलों के कब्जे वाले उत्तरी सीरियाई शहर के एक बाजार में एक बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और 23 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। मौके पर मौजूद एक युद्ध निगरानीकर्ता ने इसकी जानकारी दी। ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी, जिसके पास सीरिया के अंदर स्त्रोतों का एक नेटवर्क है उसने जानकारी दी कि विस्फोट स्थल पर कई एम्बुलेंस और बचाव कर्मी मौजूद थे। तुर्की सेना और उनके सीरियाई प्रतिनिधियों ने सीमा के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है, जिसमें अज़ाज़ जैसे कई प्रमुख शहर और कस्बे शामिल हैं। साल 2011 में सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को दबाने के बाद सीरिया का युद्ध शुरू हुआ और यह एक घातक संघर्ष में बदल गया जिसमें जिहादियों और विदेशी सेनाओं को शामिल किया गया।



# बाल्टीमोर हादसे को बीत गए पांच दिन, फिर भी जहाज में अभी भी मौजूद हैं भारतीय



मालवाहक जहाज 'फ्रांसिस स्कॉट की' पुल से टकरा गया था

**न्यूयॉर्क, 31 मार्च ।**

अमेरिकी शहर बाल्टीमोर में डाली नाम का मालवाहक जहाज 'फ्रांसिस स्कॉट की' पुल से टकरा गया था। इसके बाद पुल पूरी तरह से ढह गया था। इस हादसे को पांच दिन बीत चुके हैं लेकिन जहाज के चालक दल के 20 भारतीय सदस्य अभी भी जहाज पर ही मौजूद हैं।

### जहाज में क्या कर रहे हैं 20 भारतीय

एक रिपोर्ट के अनुसार जब तक पुल के क्षतिग्रस्त टुकड़ों को साफ नहीं कर दिया जाता, तब तक चालक दल के सदस्य वहीं रहेंगे। इसके साथ ही वे सभी लोग जहाज की देखभाल भी करेंगे। मैरीलैंड के गवर्नर ने बताया कि अधिकारियों द्वारा सबसे पहले मलबे के टुकड़े हटाने की योजना बनाई गई है। उधर अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा बताया गया है कि हादसे के बाद भारतीय चालक दल के एक सदस्य को अस्पताल ले जाया गया था। अब वह जहाज पर लौट आया है। बताया गया है कि चालक दल के सदस्यों को पर्याप्त मात्रा भोजन और पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा जनरेटर को चालू रखने के लिए पर्याप्त ईंधन भी मौजूद है।

### कब लौटेंगे 20 भारतीय

डाली जहाज की प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन के साथ काम करने वाले एक अधिकारी का कहना है कि अभी यह नहीं कह सकते कि मलबे को कब तक हटाया जाएगा। जब तक राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और कोस्ट गार्ड द्वारा पूरी जांच नहीं की जाती, तब तक चालक दल को नहीं भेजा जा सकता।

### अधिकारियों ने की भारतीय चालक दल की तारीफ

वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा भारतीय चालक दल की तारीफ की गई है। चालक दल द्वारा हादसे से पहले ही स्थानीय अधिकारियों को संदेश भेजे गए थे। इस वजह से तुरंत ही यातायात को रोकने में मदद मिली थी। बता दें कि इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे छह लोगों की मौत हो गई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया है कि चालक दल के 21 सदस्य हैं, जिनमें से 20 भारतीय हैं। सभी सुरक्षित हैं और सभी का स्वास्थ्य ठीक है।

# टैक्सास में बर्ड फ्लू के कारण दूध का रंग पड़ा फीका

## गायों में सामने आई यह खतरनाक बीमारी

**टैक्सास, 31 मार्च ।**



सुनने में यह थोड़ा अजीब जरूर लग रहा होगा लेकिन यह सच है कि अमेरिका के टैक्सास में बर्ड फ्लू बीमारी के कारण गायों का दूध अचानक गाढा हो गया और दूध का रंग भी फीका पडने लगा। यह बर्ड फ्लू किसी और को नहीं दूध देने वाली गायों को हुआ है। दुनिया में पहली बार हुआ गाय में बर्ड फ्लू फैल गया है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर की तरफ से इसकी औपचारिक पुष्टि की गई है। अमेरिकी कृषि विभाग के एक बयान में कहा कि टेक्सास, कैनसस और न्यू मैक्सिको में मुख्य रूप से पुरानी डेयरियों में गायों के बीच इस बीमारी की जांच कर रहे, जिसके कारण स्तनपान में कमी, कम भूख और अन्य लक्षण हो रहे हैं। इन इलाकों के कुछ किसानों ने अपने अपने खेतों में बड़ी संख्या में पक्षियों को मरा हुआ पाया। यह सभी पक्षी प्रवासी थे। जो अक्सर इस मौसम में इन इलाकों में आ जाते थे। जांच की गई तो पता चला कि गायों में यह वायरस इन्हीं पक्षियों से पहुंचा है। बताया गया कि अब तक इस वायरस से बहुत कम गायों ने अपनी जान गंवाई है।

हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि गाय में बर्ड फ्लू के चलते इन प्रांतों में दूध उत्पादन करीब 40 प्रतिशत तक गिर गया है। कृषि विभाग ने कहा, डेयरियों को केवल स्वस्थ जानवरों के दूध की सप्लाई का निर्देश दिया गया है। बर्ड फ्लू से प्रभावित जानवरों के दूध को तुरंत नष्ट करने का आदेश दिया गया है ताकि यह खाद्य आपूर्ति में प्रवेश न कर सके। इसके अलावा, पाश्चुरीकरण लगातार बैक्टीरिया और वायरस को निष्क्रिय करने में सिद्ध हुआ है, जैसे दूध में इन्फ्लूएंजा। अंतरराज्यीय वाणिज्य में प्रवेश करने वाले किसी भी दूध के लिए पाश्चुरीकरण आवश्यक है।

# न्यायाधीश की बेटी पर पोस्ट कर फंसे डोनाल्ड ट्रंप, मैनहट्टन के वकीलों ने लगाया गैग का उल्लंघन करने का आरोप

**वॉशिंगटन, 31 मार्च (एजेंसियां) ।**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। वह कई मुकदमे में अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। इस बार हश–मनी मामले में डोनॉल्ड ट्रंप मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। दरअसल, मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

### गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करें

न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था। अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है।



### सजा दी जानी चाहिए

सहायक जिला अटॉर्नी जोशुआ स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप अगर आगे उल्लंघन करते हैं तो उन्हें सजा दी जानी चाहिए।

### ट्रंप के वकीलों का यह तर्क

इस पर ट्रंप के वकीलों ने तर्क दिया कि जिला अटॉर्नी का कार्यालय आदेश की गलत व्याख्या कर रहा है। यह आदेश उन्हें एक राजनीतिक सलाहकार लॉरेन मर्चन के बारे में टिप्पणी करने से नहीं रोकता है। बता दें, लॉरेन ने ट्रंप के प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य डेमोक्रेट के लिए अभियानों पर काम किया है।

ट्रंप के वकील टॉड ब्लैंच और सुसान नेशेल्स ने अभियोजन पक्ष के पत्र के जवाब में मर्चन को लिखा, अदालत राष्ट्रपति ट्रंप को ऐसा कुछ करने का निर्देश नहीं दे सकती, जहां गैग आदेश की जरूरत नहीं है। गैग ऑर्डर के अर्थ को स्पष्ट या पुष्टि करने के लिए जिस तरह से लोग सुझाव देते हैं, उसका विस्तार करना होगा।

### यह है मामला

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मर्चन ट्रंप को लाने के लिए पैसे बनाने का काम कर रही हैं। साथ ही ट्रंप ने गलत तरीके से उन्हें सलाखों के पीछे दिखाते हुए एक फोटो पोस्ट करने का आरोप लगाया। वहीं, न्यूयॉर्क की स्टेट कोर्ट सिस्टम के एक प्रवक्ता का कहना है कि ट्रंप का दावा झूठा है। वह जिस सोशल मीडिया अकाउंट का जिक्र कर रहे हैं, वह अब लॉरेन मर्चन का नहीं है।

### आखिर क्या है हश-मनी

आपको बता दें कि किसी को ब्लैकमेल करने या मुंह बंद करने के लिए दी जाने वाली राशि को 'हश–मनी' कहा जाता है। जानकारी के मुताबिक न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने डोनाल्ड जे. ट्रंप के उस प्रयास को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक पोर्न स्टार को चुपचाप पैसे देकर उनके खिलाफ लगाए गए आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग की थी। इस मामले में अब अगले महीने के लिए सुनवाई की तारीख तय की गई है।

मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने लोअर मैनहट्टन अदालत कक्ष में सुनवाई के दौरान इस निर्णय की घोषणा की, जब ट्रंप बचाव पक्ष की मेज से कार्यवाही को देख रहे थे।

# तुर्किये के नगर निकाय चुनाव में एर्दोगन की असल परीक्षा, इस्तांबुल पर सबकी नजरें

**अंकारा, 31 मार्च (एजेंसियां) ।**

तुर्किये में आज नगर निकाय चुनाव होने जा रहा है। 31 मार्च को हो रहे इस चुनाव को देश के राजनीतिक भविष्य के रुझान की तरह देखा जा रहा है। सभी 81 प्रांतों में मतदान होगा, लेकिन असली लड़ाई 1.6 करोड़ लोगों वाले शहर इस्तांबुल के लिए है। इस देश की राजनीति में एक कहावत है कि जो भी इस्तांबुल जीतता है उसका मतलब है कि वह तुर्किये जीतता है। यही कारण है कि राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन और विपक्ष दोनों के लिए यह चुनाव बेहद अहम है।

### 2019 में हुआ था स्थानीय चुनाव

एर्दोगन 2014 से तुर्की के राष्ट्रपति हैं। मई 2023 में हुए आम चुनाव में वह दोबारा जीतकर राष्ट्रपति बने। जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ही उन्होंने स्थानीय चुनावों का बिगुल बजा दिया था। हालांकि, साल 2019 में देश भर में हुआ पिछला स्थानीय चुनाव उनके लिए निराशाजनक रहा था। उनकी जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) देश के तीन सबसे बड़े शहरों– इस्तांबुल, अंकारा और इजमीर में हार गई थी। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एक्रेम इमामोग्लू से इस्तांबुल हारना एर्दोगन के लिए बड़ा झटका था। इसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में बहुमत हासिल करके राष्ट्रपति बनकर एक बार फिर अपने विपक्षियों पर पलटवार किया।

### यह बदलाव देखे जा सकते हैं

आज होने वाले चुनाव नाटो के सदस्य तुर्किये पर एर्दोगन के नियंत्रण को मजबूत कर सकते हैं या प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्था के विभाजित राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का संकेत दे सकते हैं। वहीं, इमामोग्लू के भविष्य में राष्ट्रीय नेता बनने की उम्मीदों को बल मिल सकता है।



दरअसल, एर्दोगन के मुकाबले इमामोग्लू विपक्ष का मुख्य विकल्प बनकर उभरे हैं। माना जा रहा है कि अगर इस बार भी इमामोग्लू चुनाव जीत जाते हैं, तो वह 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में खड़े हो सकते हैं। यह जीत उनकी संभावनाएं बढ़ा देगी, लेकिन अगर वह हारते हैं, तो ये ना केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि विपक्ष की संभावनाओं को भी बड़ा झटका दे सकता है।

### सुबह सात बजे पड़ेंगे वोट

पूर्वी तुर्किये में मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल जाएंगे। वहीं, अन्य जगह सुबह आठ बजे वोटिंग शुरू होगी। सभी जगह शाम सात बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस्तांबुल में इमामोग्लू और एकेपी उम्मीदवार मूरत कुरुम, जो एक पूर्व मंत्री हैं के बीच टक्कर है।

### एर्दोगन के राजनीतिक करियर पर नजर

एर्दोगन ने राजनीतिक करियर की शुरुआत इस्तांबुल से ही की है। साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में वह देश के राष्ट्रपति बने। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वो तुर्किये को जीतता है।

### नौ मई की हिंसा मामले में इमरान के 51 समर्थकों को पांच साल की सजा

**लाहौर।** बीचे साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने में शामिल होने के लिए दो मामलों में पाकिस्तान की एटीसी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 9 मई को हुए दंगों के संबंध में पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों में यह पहली सजा है। एटीसी जज नताशा नसीम ने हिंसा के मामले में सजा का एलान किया। उन्होंने जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल, गुजरांवाला में कार्यवाही की और फैसला सुनाया। दोषियों में पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी शामिल हैं। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि जेल की सजा के साथ ही सभी पर 10,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# देश के 4 राज्यों में बारिश-तूफान से तबाही पश्चिम बंगाल में 4 की मौत, 100 घायल

## असम एयरपोर्ट की छत गिरी, मिजोरम में ढही चर्च की इमारत

**गुवाहाटी/ कोलकाता, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम और मणिपुर में रविवार को अचानक आए तूफान और बारिश से काफी तबाही मची। वेस्ट बंगाल के जलपाईगुड़ी में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 लोग घायल हुए हैं। असम के गुवाहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तेज बारिश से काफी नुकसान हुआ। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा गिर गया। फ्लाइट की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। वहीं छह फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। मिजोरम के चम्फाई जिले के लुंगटन गांव में एक चर्च की इमारत ढह गई। वहीं आइजोल जिले के सियालसुक में एक और चर्च की इमारत को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा कुछ घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। उधर मणिपुर के थौबल और खोंगजोम इलाके में भी कई पेड़ उखड़ गए और घरों की टीन की छतें उड़ गईं।



पश्चिम बंगाल में तूफान और बारिश से काफी नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया, मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि पुलिस और आपदा प्रबंधन के कर्मियों को तैनात किया गया है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, यह जानकर दुख हुआ कि आज दोपहर अचानक भारी बारिश और तूफानी हवाओं ने जलपाईगुड़ी-मयनागुड़ी के कुछ इलाकों में काफी नुकसान पहुंचाया। बनर्जी ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। प्रशासन सभी पीड़ितों की हर तरह से सहायता प्रदान करेगी। जिला प्रशासन मौतों के मामले में परिजनों और घायलों को नियमों के अनुसार और एमसीसी (आदर्श आचार संहिता) का पालन करते हुए मुआवजा प्रदान करेगा। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्थिति का जायजा लेने और चक्रवात प्रभावित लोगों से मिलने के लिए जलपाईगुड़ी के लिए रवाना हो रही हैं। इसे देखते हुए, टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की कल की जलपाईगुड़ी यात्रा रद्द कर दी गई है। पार्टी ने इस बारे में जानकारी दी है।

गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बारे में वहां के सीएओ उत्पल बरुआ ने बताया कि भारी बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ उखड़ गया है, जिसे टर्मिनल तक लोगों और ईंधन की आपूर्ति में बाधा आई है। इसके अलावा, मौसम की बदली दशाओं के कारण कुछ देर के लिए परिचालन को भी रोकना पड़ा। इतना ही नहीं, कई उड़ानों को भी डायवर्ट करना पड़ा है। बरुआ ने यह भी कहा कि बारिश और तूफान के कारण फोरकोर्ट एरिया में छत का एक हिस्सा भी टूट गया। इसके कारण पानी भी अंदर भर गया था। हालांकि किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। सीएओ बरुआ ने कहा कि वे खुद हालात की जानकारी ले रहे हैं जिससे यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तूफान और भारी बारिश के कारण दृश्यता कम हो गई और हमें छह उड़ानें डायवर्ट करनी पड़ीं हैं। इनमें इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों को अगरतला और कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया है।

# भाजपा के 370 सीटों का टारगेट दक्षिण भारत करेगा पूरा : गडकरी

**नागपुर, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विश्वास से भाजपा के 370 जीतने की बात कह रहे हैं, ये लक्ष्य दक्षिण भारत पूरा करेगा। भाजपा की देश में सबसे ज्यादा टीआरपी है। देश में विपक्षी नेत-ाओं की तरफ से अपोजिशन को कमजोर करने की बात कही जा रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि विपक्ष कमजोर हो या मजबूत, क्या ये हमारी जिम्मेदारी है? गडकरी ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में ये भी कहा कि जब हमारी पार्टी बीजेपी की दो सीटें थीं और हमारी पार्टी की कमजोर स्थिति थी, तब किसी ने भी हमें सहानुभूति नहीं दी थी। अब मेरे दिमाग में कोई संशय नहीं है। भाजपा की अगुआई वाला एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि हमारी सरकार ने 10 साल में ठोस काम किया है।



गडकरी ने इस आरोप को खारिज किया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों (ईडी, सीबीआई) को हथियार की तरह इस्तेमाल कर विपक्ष को कमजोर कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के विरोधियों को इस तरह की बातें करने की बजाय लोगों का विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए। भाजपा आज जितनी मजबूत है, उसके लिए बीते सालों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है।

भाजपा को 370 और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें कैसे मिलेंगी, इस पर गडकरी ने कहा कि इसके लिए आपको राज्यवार विश्लेषण की जरूरत नहीं है। भाजपा इस बार दक्षिण से सफलता का स्वाद चखेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 10 साल में दक्षिण और नॉर्थ-ईस्ट में जबरदस्त काम किया है। इसके नतीजे मिलने शुरू हो गए हैं। गडकरी के मुताबिक, हमने तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काफी काम किया है। पहले इन राज्यों में काफी कम मौजूदगी थी। अब हम तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में अच्छा करेंगे। उत्तर भारत में तो हम अच्छा कर ही रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, टीवी मीडिया में जिसकी टीआरपी ज्यादा होती है, उसे ज्यादा एडवर्टाइजमेंट, जिसकी टीआरपी कम होती है, उसे कम विज्ञापन मिलते हैं। आज हम सत्ताधारी पार्टी हैं, इसलिए हमें ज्यादा डो-नेशन मिले। अगर कल कोई और पार्टी सत्ता में आती है तो उसे ज्यादा डोनेशन मिलेगा।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर मैं कुछ नहीं बोलना चाहता, क्योंकि ये मुद्दा कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सभी राजनीतिक दलों को साथ आना चाहिए। कुछ देशों में सरकार राजनीतिक दलों को पैसा देती है। मेरा मानना है कि हमारे पास भी कुछ विकल्प होना चाहिए।

जब कोई विपक्षी नेता भाजपा में आ जाता है तो उस पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप खत्म हो जाते हैं, इस पर गडकरी ने कहा- ऐसा नहीं है। कानून अपना काम कर रहा है।

जांच एजेंसियां सबूतों के आधार पर कार्रवाई करती हैं। एअर इंडिया भ्रष्टाचार मामले में एनडीए में शामिल एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल को क्लीन चिट मिलने पर गडकरी ने कहा- इसका भाजपा या प्रधानमंत्री से कोई लेना-देना नहीं है। जांच में सच सामने आ जाएगा।

# सीएए के नाम पर लोगों को डरा रही ममता बनर्जी : भाजपा

**कोलकाता, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले तमाम राजनीति दलों के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। जहां टीएमसी लगातार भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेती रही हैं।

इस बीच, भाजपा ने रविवार को सीएम ममता बनर्जी पर सीएए के खिलाफ लोगों के मन में डर पैदा कर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा निर्णायक तरीके से काम करती है, वहीं टीएमसी विभाजनकारी तरीके से काम करती है। उन्होंने कहा कि सीएए का उद्देश्य सही दावेदारों को नागरिकता का अधिकार देना है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और



राम मंदिर की स्थापना की तरह, नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं।

भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि चाहे ममता बनर्जी सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहें, वह अच्छी तरह से जानती हैं कि सीएए को बदला नहीं जा सकता है। इसके प्रति उनका विरोध वर्षों से बंगाल में काम कर रहे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई न करने के उनके रुख से उपजा है। भाजपा इन सभी का भंडाफोड़ करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शुरू होने दीजिए। जैसे-जैसे मतदान कई चरणों में प्रवेश करेगा, टीएमसी अधिक से अधिक असंगठित होगी। लोग अब उनके साथ नहीं हैं। केंद्र ने इस महीने की शुरुआत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू किया था, जिसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आने वाले बिना दस्तावेज वाले गैर मुस्लिम प्रवासियों के लिए तेजी से नागरिकता प्रदान करने के लिए संसद द्वारा कानून पारित किए जाने के चार साल बाद नियमों को अधिसूचित किया गया था। इससे पहले दिन में, ममता बनर्जी ने कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों को चेतावनी दी थी कि सीएए के तहत आवेदन करने पर उन्हें विदेशी के रूप में नामित किया जाएगा।

# विश्व भारती यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर यौन शोषण का आरोप

## लड़कियों को मैसेज भेजे, लिखा- रात गुजारो तो एग्जाम पास करवा दूंगा

**कोलकाता, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

विश्वभारती यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं ने एक गेस्ट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनका आरोप है कि इस प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे और कई बार उन्हें गलत तरीके से छुआ। छात्राओं ने 28 मार्च को



शांतिनिकेतन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि परीक्षा में फेल होने का डर दिखाकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। छात्राएं सबूत लेकर थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को प्रोफेसर के भेजे मैसेज दिखाए। जिनमें उसने छात्राओं से अलग से मिलने और रात गुजा-रने की भी बात लिखी थी।

हालांकि, आरोपी प्रोफेसर ने विश्व भारती के छात्राओं की शिकायत को खारिज कर दिया। प्रोफेसर ने कहा- मैं इस वक्त बोलपुर में नहीं हूं। बाहर हूं। मैं इस बारे में कुछ नहीं जानता। मुझे फंसाया जा रहा है। वॉट्सएप पर अगर किसी छात्र को कोई मैसेज भेजा जाता है तो वह पढ़ाई को लेकर होता है। उनका किसी और से कोई रिश्ता नहीं है। मैं यहां इतने लंबे समय से पढ़ा रहा हूं। पहले कभी भी मेरे खिलाफ इस तरह के आरोप नहीं लगे।

यह पहला मौका नहीं है, जब विश्व भारती का नाम विवादों में आया है। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित शांतिनिकेतन को सितंबर 2023 में यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया। नवंबर में यूनिवर्सिटी में एक शिलापट्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वाइस चांसलर का नाम लिखी पट्टिका लगाई गई, जिस पर जमकर विवाद हुआ था। 7 दिसंबर को विवादित पट्टिका को बदल दिया गया।

विश्व भारती यूनिवर्सिटी फैकल्टी एसोसिएशन के प्रवक्ता सुदीप्त भट्टाचार्य ने कहा कि आर-ोपों की जल्द से जल्द उचित जांच की जानी चाहिए। विश्व भारती के एक अधिकारी ने ंबिताया कि अगर तीनों छात्राएं सेंट्रल यूनिवर्सिटी आईसीसी (आंतरिक शिकायत समिति) से संपर्क करती हैं, तो वह आरोपों पर गौर करेगी और उचित कार्रवाई करेगी। शांतिनिकेतन की शुरुआत रविंद्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में एक आश्रम के तौर पर की थी। 1901 में रविंद्रनाथ टैगोर ने गुरुकुल सिस्टम पर आधारित स्कूल और आर्ट सेंटर में बदला। टैगोर ने 1921 में यहां विश्व भारती की स्थापना की, जिसे 1951 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया। रविंद्रनाथ टैगोर ने यहां लंबा वक्त बिताया था। दुनिया भर में 1172 वर्ल्ड हेरिटेज प्रॉपर्टीज हैं। शांतिनिकेतन वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल होने वाली भारत की 41वीं धरोहर है।

# मुस्लिम लड़कियां और युवा भाजपा को देंगे वोट : सीएम हिमंत

**गुवाहाटी, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने भरोसा जताया है कि इस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय की लड़कियां-महिलाएं और युवा भाजपा को वोट देंगे। उन्होंने कहा कि वे मुस्लिम समुदाय की महिलाओं और बच्चों के लिए राज्य में संघर्ष कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि बाल विवाह न हो और महिलाओं को संपत्ति का अधिकार मिले। इसलिए वे भाजपा को वोट करेंगे। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा सरकार में बिना रिश्वत दिए युवाओं को नौकरी मिली है। इसीलिए उनके राज्य के बेरोजगार युवा जिसमें मुस्लिम समुदाय के युवा भी शामिल हैं, वे भी उनकी पार्टी को वोट देंगे।



इस दौरान उन्होंने धुबरी लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद बदरुद्दीन अजमल और कांग्रेस नेता कीबुल हुसैन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि अगर संभव हो तो कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) दोनों के उम्मीदवार जीतें और असम के भविष्य के लिए दिल्ली जाएं। गैंडे के अवैध शिकार में कांग्रेस नेता की कथित संलिप्तता की ओर इशारा करते हुए सीएम हिमंता ने कहा कि मैं रकीबुल हुसैन की जीत की उम्मीद कर रहा हूं। यदि वह दिल्ली जाते हैं, तो हमें काजीरंगा में इतनी बटालियन की जरूरत नहीं होगी। वहीं, अगर अजमल दिल्ली जाते हैं, तो हमारी कई मुस्लिम लड़कियों को कम उम्र में शादी नहीं करनी पड़ेगी।

सीएम हिमंता सरमा ने कहा कि मैंने उनके समाज को सुधारने की कोशिश की है। मुस्लिम समुदाय के युवा मुझे बहुत समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने मेरी बातों का स्वागत किया है, किसी ने आपत्ति नहीं जतायी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्षी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस चुनाव अवधि के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होते रहेंगे। गौरतलब है कि रकीबुल हुसैन असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के कार्यकाल के दौरान वन मंत्री थे। उन पर काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गैंडों के अवैध शिकार का आरोप लगाया गया था। वहीं, एआईयूडीएफ प्रमुख और धुबरी के मौजूदा सांसद बदरुद्दीन अजमल ने हाल ही में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सीएम सरमा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि भाजपा मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रही है और यदि वह दोबारा शादी करना चाहते हैं, तो कोई उन्हें नहीं रोक सकता क्योंकि उनका धर्म उन्हें ऐसा करने की अनुमति देता है।

# धोखाधड़ी के आरोप में निशिकांत दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रांची, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया।



शर्मा ने एफआईआर में बताया था कि उन्होंने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दुबे ने उनसे 20 लाख रुपये लिए थे और उन्हें वित्तीय संकट से बाहर निकालने की बात कही थी। लेकिन इसके बजाय उन्होंने पिछले साल दिसंबर में नीलामी के जरिए उसे हड़प लिया। आरोप लगाया गया है कि नीलामी के दौरान अकेले बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने बोली लगाई। यह ट्रस्ट भाजपा सांसद का है।

थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि गोड्डा सांसद और उनकी पत्नी सहित सात लोगों के खिलाफ मामले की सत्यता का पता लगाने के लिए जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

# प्रकाश आंबेडकर की वीबीए ने की 11 और उम्मीदवारों की घोषणा

## महा विकास आघाड़ी से नहीं बनी बात

**मुंबई, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र से 11 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची घोषित की। इस सूची के बाद वीबीए के कुल 20 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जिन सीटों पर वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) ने अपने



उम्मीदवार उतारे हैं उसमें हिंगोली, लातूर, सोलापुर, माधा, सतारा, धुले, हटकनंगले, रावेर, जालना, मुंबई उत्तर मध्य और रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग शामिल हैं। इससे पहले, वीबीए ने पिछले सप्ताह नौ उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस सूची में प्रकाश आंबेडकर को अकोला से मैदान में उतारा गया था। बता दें कि 2019 के आम चुनावों में वीबीए उम्मीदवार कई निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर रहे थे। जहां कांग्रेस या एनसीपी (अविभाजित) के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, हाल ही में महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के साथ तालमेल नहीं बनने पर वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) ने साफ किया था कि वे जल्द ही एक नया गठबंधन बनाएंगे।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र

आपका साथ और सहयोग हमारा सम्बल है

हिंदी दैनिक 'शुभ-लाभ' के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, सहयोगियों और शुभेच्छुकों को नए वित्तीय वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
यह उम्मीद और विश्वास है कि विगत वर्षों की भांति आप सबका स्नेह और सहयोग यथावत बना रहेगा।
सधन्यवाद...



गोपाल अग्रवाल
चेयरमैन,
शुभ-लाभ प्रकाशन समूह

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

अपने जीवनसाथी के साथ धन से जुड़े किसी मामले को लेकर आज आपका झगड़ा हो सकता है। हालांकि अपने शांत स्वभाव से आप सबकुछ ठीक कर देंगे। परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। उनके सुख–दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाक़ई उनका ख़याल रखते हैं। एकतरफ़ा लगाव आपके लिए सिर्फ दिल तोड़ने का काम करेगा। ऐसे बदलाव लाएँ जो आपके रूप–रंग में निखार ला सके और संभावित साथियों को आपकी ओर आकर्षित करे। आपके जीवनसाथी की मांगें तनाव का कारण बन सकती हैं।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए। घरेलू ज़िंदगी सुकूनभरी और ख़ुशनुमा रहेगी। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। अगर आप अपनी चीज़ों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने या चोरी होने की संभावना है। आप अपने जीवनसाथी के प्यार की मदद से ज़िन्दगी की मुश्किलों का आसानी से सामना कर सकते हैं। आपके घर का कोई सदस्य आज आपसे प्यार से जुड़ी कोई समस्या शेयर कर सकता है। आपको उन्हें उचित सलाह देनी चाहिए।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आपको आर्थिक फ़ायदा होगा । पुरखों की जायदाद की ख़बर पूरे परिवार के लिए ख़ुशी ला सकती है। खाली समय में आप कोई खेल आज के दिन खेल सकते हैं लेकिन इस दौरान किसी तरह की दूर्घटना होने की भी संभावना है इसलिए संभलकर रहें। मुमकिन है कि आज आपका जीवनसाथी ख़ूबसूरत शब्दों में यह बताए कि आप उनके लिए कितने क़ीमती हैं। जिन्दगी आपके अनुसार तभी चल सकती है जब आप सही विचार और सही लोगों की संगति में रहें।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का ग़लत फ़ायदा न उठाने दें। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। जो भी आपसे मिले, उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बहुत कम लोग ही आपके इस आकर्षण का राज़ जान पाएंगे। कुछ लोग सोचते हैं कि वैवाहिक जीवन ज़्यादातर झगड़ों और सेक्स के इर्द–गिर्द ही घूमता है, लेकिन आज आपके सब कुछ शान्त रहने वाला है। धन को इतनी अहमियत न दें कि आपके रिश्ते ही खराब हो जाएँ।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

इस राशि के कुछ लोगों को आज जमीन से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर धन खर्च करना पड़ सकता है। गृह–प्रवेश के लिए शुभ दिन है। ज़िन्दगी की हक़ीक़त का सामना करने के लिए आपको अपने प्रिय को कम–से–कम कुछ वक़्त के लिए भूलना पड़ेगा। दूसरों की राय को ग़ौर से सुनें– अगर आप आज वाक़ई फ़ायदा चाहते हैं तो। आपका जीवनसाथी आपकी ज़रूरतों को अनदेखा कर सकता है, जिसके चलते आप चिड़चिड़े हो सकते हैं।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा–खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। परिवार के लिए किसी अच्छे और ऊँचे लक्ष्य को हासिल करने के नज़रिए से समझ–बूझकर थोड़ा ख़तरा उठाया जा सकता है। चूके मौक़ों की वजह से डरें नहीं। आपकी बातें घरवालों को परेशान कर सकती हैं लेकिन इन बातों का हल अवश्य निकलेगा। आपको महसूस होगा कि आपका जीवनसाथी इससे बेहतर पहले कभी नहीं हुआ। सेहत के लिहाज़ से दौड़ लगाना आपके लिए फ़ायदेमंद रहेगा ।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है जिससे आप परेशान होंगे। आपके माता–पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है। आज आप हर तरफ़ प्यार–ही–प्यार फैलाएं–गे। बातचीत में कुशलता आज आपका मज़बूत पक्ष साबित होगी। थोड़ी–सी कोशिश करें तो यह दिन आपके वैवाहिक जीवन के सबसे विशेष दिनों में से एक हो सकता है। आज आप किसी दोस्त या करीबी रिश्तेदार से अपने दिल के गम साझा कर सकते हैं।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

बिना विचार किये आपको किसी को भी अपना पैसा नहीं देना चाहिए नहीं तो आपको आने वाले वक्त में बड़ी परेशानी है सकती है। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार–चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। आपका बदला हुआ बर्ताव उनके लिए ख़ुशी का सबब साबित होगा। अगर आप वैवाहिक तौर पर लंबे समय से कुछ नाख़ुश हैं, तो आज के दिन आप हालात बेहतर होते हुए महसूस कर सकते हैं। शांति का वास आपके दिल में रहेगा और इसीलिए आप घर में भी अच्छा माहौल बना पाने में कामयाब होंगे।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

ख़ुद को सेहतमंद और दुरुस्त रखने के लिए वसायुक्त और तली–भुनी चीज़ों से दूर रहें। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। जितना आपने सोचा था, आपका भाई उससे ज़्यादा मददगार साबित होगा। आज आप बच्चों के साथ बच्चों के जैसा ही व्यवहार करेंगे जिससे आपके बच्चे सारे दिन आपसे चिपके रहेंगे।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। घर में परेशानियाँ पैदा हो सकती हैं– लेकिन अपने साथी को छोटी–छोटी बातों के लिए ताने देने से बचें। आज काफ़ी दिमागी कसरत मुमकिन है। आपमें से कुछ भविष्य की योजनाओं पर गहराई से सोच सकते हैं। अकेलापन कई बार काफ़ी दिक़्क़त भरा हो सकता है, ख़ास तौर से उन दिनों में जब कि आपके पास ज़्यादा कुछ करने के लिए न हो। इससे छुटकारा पाने की कोशिश करें और अपने दोस्तों के साथ थोड़ा समय व्यतीत करें।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

जो लोग अब तक पैसे को बिना सोचे विचारे उड़ा रहे थे उन्हें आज पैसे की बहुत आवश्यकता पड़ सकती है और आज आपको समझ में आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है। आपको अपने रोज़मर्रा के कामों से छुट्टी लेकर आज दोस्तों के साथ घूमने का कार्यक्रम बनाना चाहिए। खेलकूद जीवन का जरुरी हिस्सा है लेकिन खेलकूद में इतने भी व्यस्त न हो जाएं कि आपकी पढ़ाई में कमी आ जाए। अपने प्रिय के साथ पर्याप्त समय बिताने की संभावना है। ऐसा हो भी क्यों न, ऐसे पल ही तो किसी संबंध को प्रगाढ़ बनाते हैं।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज़ रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफ़ा भी मिले। आपको अपनी भावनाओं को नियन्त्रित करने में कठिनाई होगी, लेकिन आस–पास के लोगों से झगड़ा न करें नहीं तो आप अकेले रह जाएंगे। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आपका अपने जीवनसाथी के साथ तनावपूर्ण संबंध रह सकता है। जहां तक सम्भव हो बात को बढ़ने न दें। अपने साथी के लिए कोई बेहतरीन पकवान बनाना आपके फीके पड़े रिश्तों में गर्मजोशी भर सकता है।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 01 अप्रैल 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : सप्तमी रात्रि 09:21 तक
नक्षत्र : मूल रात्रि 11:12 तक
योग : वरियान रात्रि 08:28 तक
करण : विष्टि प्रातः 09:27 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 06:10 , सूर्यास्त 06:29 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:15 , सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:02 , सूर्यास्त 06:20 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– भद्रा प्रातः 09:26 तक , शीतला सप्तमी , गण्डमूल रात्रि 11:12 तक , खरमास चालू हैं

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई

**जयपुर,31 मार्च (एजेंसियां)।**

जयपुर में इलाज के नाम से युवक से ठगी किए जाने का एक मामला सामने आया है। इलाज करने के बहाने आए कुछ लोगों ने कालवाड़ निवासी ब्रजेश गुप्ता से 25 लाख रुपये ठग लिए। दरअसल ब्रजेश कमर और घुटने के दर्द से परेशान था और उसने इसके लिए एक डॉक्टर से संपर्क किया था। एक दिन डॉक्टर और उसके सहायक ने ब्रजेश के घर आकर कमर और घुटने से कफ निकालने की बात कही।

उन्होंने कहा कि एक बार कफ निकालने का खर्च करीब साढ़े सात हजार आएगा। इसके बाद उन्होंने करीब तीन सौ बार उसके कमर और घुटनों से कफ निकाला। इलाज के बाद भी आराम नहीं मिलने पर मरीज जब दिए गए नंबरों पर संपर्क किया तो वे नंबर बंद निकले। इसके बाद ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसी महिला से की छेड़छाड़

दूसरी तरफ जवाहर नगर थाना इलाके में एक महिला ने पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ और परेशान करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है कि उसके मकान के पीछे रहने वाला नीरज कपूर आए दिन उसे परेशान करता रहता है। एक दिन आरोपी ने महिला को अपने घर के पीछे बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। किसी तरह वह उसकी चंगुल से निकल भागी। इसके बाद आरोपी उसे फोन पर धमकी देने लगा तो इन धमकियों से परेशान होकर महिला ने सारी जानकारी परिजनों को बताते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया।

### होटल में बुलाकर किया दुष्कर्म




जवाहर सर्किल थाना इलाके में ही एक युवक ने युवती को होटल में मिलने बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जगतपुरा निवासी 25 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि साल 2020 में बलराम मीणा से मुलाकात के बाद उसने दोस्ती करके शादी करने का ऑफर रखा। कुछ समय बाद मिलने के बहाने जगतपुरा स्थित होटल में बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया और शादी करने का झांसा देकर देह शोषण किया। बाद में शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी से मना कर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

### पहाड़ियों में महिला का शव मिला

आमेर थाना इलाके में पहाड़ी पर एक महिला का सड़ा–गला शव मिला है। शव करीब 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। पहाड़ी पर घूमने गए युवकों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि हाडीपुरा नाड्या कॉलोनी के कुछ युवकों ने पहाड़ी पर झाड़ियों में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंच कर सबूत जुटाए। फिलहाल शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है और शव की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिसकर्मी बनकर महिलाओं को लूटा

इधर पुलिसकर्मी बनकर महिलाओं को लूटने वाली गैंग ने 27 मार्च को दो महिलाओं से जेवरात ले जाने के बाद 29 मार्च को फिर से चार महिलाओं को अपना शिकार बनाया। इस गैंग के सदस्यों ने मात्र 45 मिनट में आदर्श नगर, जवाहर नगर, मोती डूंगरी और अशोक नगर थाना इलाके में वारदातों को अंजाम दिया है। चारों जगह बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाया गया और उनसे लाखों के गहने लूट लिए गए। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को अपना शिकार बनाया है। घटनाएं सुबह करीब 6.45 से 7.30 बजे के बीच है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए बदमाश सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### फैक्ट्री मालिक को चाकू मारने वाले गिरोह का खुलासा

मुहाना थाना पुलिस ने फैक्ट्री मालिक को चाकू मारकर लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मुख्य सरगना सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है और साथ ही वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि 15 मार्च को फैक्ट्री मालिक को चाकू मारकर लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने रईस अंसारी उर्फ बिरयानी, सलमान अहमद उर्फ लाल, हसन अली उर्फ दातला और आबिद अली को गिरफ्तार किया है, चारों ही आरोपित सरवाड़ जिला केकड़ी के रहने वाले हैं।

# कल नरेंद्र मोदी की जनसभा से होगा चुनाव प्रचार का आगाज

**जयपुर,31 मार्च (एजेंसियां)।**

बीजेपी अपने चुनाव कैंपेन की शुरुआत ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करने जा रही है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर 2 अप्रैल को मोदी की जनसभा की तैयारियां की जा रही हैं। गृह मंत्री अमित शाह जयपुर पहुंच रहे हैं। वे यहां मोदी की जनसभा की तैयारियों और लोकसभा चुनाव के लिए जमीनी कार्यों की समीक्षा करेंगे।



लोकसभा चुनावों में राजस्थान के प्रत्याशियों की कैंपेनिंग में सबसे बड़ा फैक्टर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया गया है। राजस्थान में बीजेपी इस फैक्टर को भुनाने के लिए 2 अप्रैल से पीएम की सभा की तैयारियों में जुट गई है। राजस्थान की जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर पीएम की चुनावी सभा 2 अप्रैल को होनी है।

इधर गृह मंत्री अमित शाह आज दोपहर बाद सीकर में बीजेपी प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में शहर के प्रमुख मार्गों पर एक रोड शो करेंगे। इसके पहले वे प्रदेश में चुनाव की तैयारियों को परखने के लिए वे जयपुर और जोधपुर में प्रमुख क्लस्टर बैठकों की समीक्षा भी करेंगे। साथ ही चूरू, धौलपुर, करौली, दौसा, नागौर और झुंझुनू की समीक्षा बैठक भी लेंगे। जयपुर में रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन अमित शाह चुनावी समीक्षा बैठक करने के लिए जोधपुर रवाना होंगे।

# वारदात के इरादे से घूम रहे बदमाश मजनू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एक देसी तमंचा समेत चार कारतूस बरामद

**धौलपुर,31 मार्च (एजेंसियां)।**

जिले की सरमथुरा थाना पुलिस ने शनिवार रात को कार्रवाई करते हुए वारदात के इरादे से घूम रहे बदमाश मजनू उर्फ पवन को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 315 बोर का देसी तमंचा समेत चार कारतूस भी बरामद किए हैं।

सरमथुरा थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरडा के निर्देश में अपराधी और बदमाशों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



उन्होंने बताया शनिवार रात्रि को सरमथुरा पुलिस थाने के गश्ती दल को जरिए मुखबिर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के झिरी रोड पर एक बदमाश हथियार समेत वारदात के इरादे से संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई करने के लिए मौके पर भेजा गया। पुलिस के जवानों ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर 22 वर्षीय मजनू उर्फ पवन पुत्र केदार मीणा निवासी कौनेसा को दबोच लिया। तलाशी लेने पर बदमाश के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का देसी तमंचा और चार कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया बदमाश को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# रेलवे माल गोदाम से चोरी का माल खरीदने वाले तीन कबाड़ी गिरफ्तार, माल बरामद

**धौलपुर,31 मार्च (एजेंसियां)।**

रेलवे लोको शेड से चोरी हुए माल को आरपीएफ पुलिस ने तीन कबाड़ियों से बरामद किया है। तीनों कबाड़ियों ने रेलवे से चोरी हुए सामान को खरीदा था। चोरों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। माल खरीदने वाले आरोपी फरार चल रहे थे।

रेलवे आरपीएफ थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि फरवरी माह में चोरों ने लोको शेड से 84 लोहे की कमानी की सेट को चोरी किया था। तत्कालीन समय पर मुकदमा दर्ज कर मामले में




अनुसंधान शुरू किया गया। जिस मामले में आरपीएफ पूर्व में 11 चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आगरा में दबिश देकर चोरी का माल खरीदने वाले तीन कबाड़ी प्रवीण (30) पुत्र रामनाथ निवासी ताजगंज, प्रमोद (39) पुत्र देवलाल निवासी आगरा और राकेश जैन (44) पुत्र मुन्नालाल निवासी नामनेर आगरा को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 60 लोहे की कमानी के सेट को बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अब तक चोरी के मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उनके पास से 74 सेट लोहे की कमानी के बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों कबाड़ियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया रेलवे माल गोदाम से भारी तादाद में कमानी सहित अन्य उपकरणों का माल चोरी हुआ था। अधिकांश चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चोरों की निशान देही पर माल खरीदने वाले आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया रविवार को तीन कबाड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है। माल खरीदने वाले अन्य कबाड़ी भी रेलवे पुलिस की रडार पर हैं। जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर माल को बरामद किया जाएगा।

# ईडी ने हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू की 17.82 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**चंडीगढ़,31 मार्च (एजेंसियां)।**

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की नकदी, बैंक जमा और जमीन कुर्क की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा, अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध के पैसे का प्रबंधन कर रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जब एजेंसी ने राजस्थान और हरियाणा में उसके परिवार के सदस्यों और जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ तलाशी ली थी। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की कथित अवैध भागीदारी थी।




गैंगस्टर सुरेंद्र चीकू ने अपने आपराधिक प्रभाव का इस्तेमाल किया और अपने बहनोई विकास कुमार को इस कंपनी में एक निदेशक और एक शेयरधारक के रूप में पेश किया, जिसे नारनौल में बखरीजा खदानों में खनन टेंडर दिया गया था। एजेंसी ने दावा किया कि 'इस सौदे के जरिए सुरेंद्र सिंह चीकू और विकास कुमार ने बिना व्यावसायिक निवेश के 2.84 करोड़ रुपये की उगाही की।

यह दावा किया गया कि खनन व्यवसायों से निकाली गई अपराध की आय को कानूनी बैंकिंग चैनल के माध्यम से प्राप्त किया गया, सामान्य अर्थव्यवस्था में लगाया गया और अचल संपत्तियों को खरीदने और व्यक्तिगत उपभोग के लिए इस्तेमाल किया गया। एजेंसी ने कहा कि उसने गैंगस्टर चीकू के संरक्षण में खनन व्यवसायों से उगाही गई धनराशि का कैलिब्रेटेड अनुमान लगाने के लिए खनन और राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में खनन क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण किया। ईडी ने कहा कि यह सामने आया है कि उत्खनन के परिणामस्वरूप इन खदानों से 1 लाख मीट्रिक टन से अधिक पत्थर निकाले गए हैं। ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग मामला अपहरण, हत्या और जबरन वसूली आदि के आरोपों पर चीकू और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कई एफआईआर से उपजा है।

# क्लर्क की नौकरी लगवाने के नाम पर 14 लाख रुपए की ठगी

## पेपर सीट बदलवाने का दिया आश्वासन

**नारनौल,31 मार्च (एजेंसियां)।**

नारनौल के अटेली क्षेत्र में एक महिला को क्लर्क की नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। अब महिला के पति ने दो नामजद पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायत दी है। पुलिस शिकायत में सिलारपुर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी सपना ने वर्ष 2019 में हरियाणा सिविल क्लर्क की भर्ती का पेपर दिया था। इस दौरान सिलारपुर निवासी दिनेश ने भी क्लर्क का पेपर दिया था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके एक दोस्त ने सतबीर से जान पहचान करवा दी। सतबीर ने बताया कि उसकी हरियाणा में ऊपर अच्छी चलती है और वह तेरी पत्नी सपना को हरियाणा में क्लर्क की भर्ती में पास करवा देगा। उसने कहा कि वह क्लर्क पद के लिए 10 लाख रुपये लेगा। उस समय उसकी पत्नी सपना व उसके दोस्त दिनेश ने हरियाणा क्लर्क भर्ती की परीक्षा सितंबर 2019 में दी थी। सतबीर ने उसे पूरा आश्वासन भर्ती करवाने का दिया था। जिसकी वजह से उसने और उसके दोस्त दिनेश ने सतबीर से भर्ती करवाने की बात कर ली। सितंबर 2019 में सतबीर गांव सिलारपुर आया और भर्ती करवाने के नाम पर दो लाख रुपये ले गया।


# भिवानी में गद्दा फैक्टरी में लगी आग, काले धुएं में घिरा आसमान

**भिवानी,31 मार्च (एजेंसियां)।**

भिवानी के गांव देवसर के समीप एक गद्दा फैक्टरी में रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक आग लग गई। गद्दा फैक्टरी के अंदर से धुंआ उठता देख आसपास के उद्योगों में काम कर रहे कर्मचारियों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। एक के बाद एक करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां मौके पर जुटी और आग पर काबू पाने के प्रयास आरंभ कर दिए। लेकिन फैक्टरी के अंदर आग इतनी भयानक तरीके से धधक चुकी थी कि करीब दो किलोमीटर ऊंचाई तक आसमान में सिर्फ काला धुंआ ही नजर आया।



देवसर गांव के समीप लगी गद्दा फैक्टरी में आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारी करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करते रहे, मगर आग शांत होने का नाम नहीं ले रही थी। गद्दा फैक्टरी के पास ही अन्य उद्योग भी चल रहे हैं, जिनमें काम करने वालों ने भी बाहर भागकर अपनी जान बचाई। वहीं आसपास के लोगों ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की, मगर आग दोगुने वेग से प्रचंड होती चली गई।दमकल की गाड़ियां भी एक के बाद एक खाली होकर रिफिलिंग के लिए वापस दमकल स्टेशन पर आती रही। दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन संजय ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां तो मौके पर जा चुकी हैं, जबकि और गाड़ियों को भी भेजा जा रहा है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।



# यूरोपीय नॉर्डिक-बाल्टिक देशों में निर्यात 10 तो आयात 9.5 प्रतिशत बढ़ा, स्वीडन भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

स्वीडन के साथ भारत ने करीब 269 करोड़ डॉलर का कारोबार किया, इसमें से 96.16 करोड़ डॉलर का निर्यात और 173 करोड़ डॉलर का आयात शामिल है। इसके बाद फिनलैंड के साथ भारत ने 202 करोड़ डॉलर का कारोबार किया। यूरोप के नॉर्डिक-बाल्टिक देशों के समूह के साथ भारत का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। निर्यात में 10.16 फीसदी, जबकि आयात में 9.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के मुताबिक, 2022-23 में इन देशों से भारत का आयात 540 करोड़ डॉलर पार हो गया। वहीं, स्वीडन इन देशों के समूह में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया है। स्वीडन के साथ भारत ने करीब 269 करोड़ डॉलर का कारोबार किया, इसमें से 96.16 करोड़ डॉलर का निर्यात और 173 करोड़ डॉलर का आयात शामिल है। इसके बाद फिनलैंड के साथ भारत ने 202 करोड़ डॉलर का कारोबार किया। नॉर्डिक देशों में शामिल डेनमार्क और नॉर्वे के साथ भी भारत के द्विपक्षीय कारोबार में खासी बढ़ोतरी हुई है। 2022-23 में डेनमार्क के साथ भारत का द्विपक्षीय कारोबार 168 करोड़ डॉलर व नॉर्वे के साथ 150 करोड़ डॉलर रहा है। वहीं, इस दौरान आइसलैंड के साथ 1.5 करोड़ डॉलर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ है। बाल्टिक देशो में 47.2 करोड़ डॉलर के कारोबार के साथ लिथुआनिया सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है। इसमें से भारत ने 35.7 करोड़ डॉलर का निर्यात और 11.4 करोड़ डॉलर का आयात किया है। सीआईआई के मुताबिक 2018-19 की तुलना में 2022-23 में नॉर्डिक-बाल्टिक देशों को भारत के निर्यात में 10.16 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह 245 करोड़ डॉलर से बढ़कर इस अवधि में 360 करोड़ डॉलर हो गया है। वहीं, आयात में करीब 9.5 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 384 करोड़ डॉलर से बढ़कर 544 करोड़ डॉलर पहुंच गया है।

### गूगल दक्षिण कोरिया में चुनाव से पहले राजनीतिक विज्ञापन बंद करेगा

सोल। गूगल ने दक्षिण कोरिया में अगले महीने होने वाले आम चुनाव से पहले अपनी सेवाओं पर राजनीति से संबंधित सभी विज्ञापनों को निलंबित करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, गूगल ने हाल ही में एक नोटिस पोस्ट कर कहा है कि वह दक्षिण कोरिया के चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापनों का समर्थन नहीं करेगा।

### क्लियरट्रिप ने महेन्द्र सिंह धोनी को बनाया अपना नया ब्रांड एम्बेसेडर



**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की एक कंपनी है क्लियरट्रिप प्राइवेट लिमिटेड,ने क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी को अपना नया ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। कंपनी के मुताबिक यह गठबंधन क्लियरट्रिप के लिये एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी महेन्द्र सिंह धोनी के साथ मिलकर यात्रा के मामले में सही फैसले लेने की हिमायत कर रही है। क्लियरचॉइस के तहत ब्राण्ड का मकसद यात्रियों को आसानी से फैसले लेने के लिये प्रेरित करना है। साथ ही लोगों को बिना किसी परेशानी के यात्रा का शानदार अनुभव प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि मीडिया में 42 वर्षीय धोनी की इस समय कुल संपत्ति 1040 करोड़ रुपये बताई जाती है। क्लियरट्रिप के ब्राण्ड एम्बेसेडर महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि मैंने अपने पूरे करियर में विभिन्न महाद्वीपों की यात्रा की है और मैं सही मायने में एक ग्लोबट्रोटर रहा हूं। इस तरह मुझे सफर के लिये अपने प्यार का पता चला। कई साल बाद ऐसी स्थिति हो गई कि मुझे सफर करने का इंतजार होने लगा और क्लियरट्रिप के साथ भागीदारी करने से ज्यादा रोमांचक मेरे लिये क्या हो सकता था, क्योंकि यह ब्राण्ड सफर का आईना है। यह सफर को मजेदार, यादगार और मायने रखने वाला बनाता है। मैं अपने करियर में रोजाना कड़े फैसले करता हूं, लेकिन क्लियरट्रिप के साथ फैसले करना आसान और स्पष्ट होता है। पारदर्शिता के लिये उनकी प्रतिबद्धता फैसलों को आसान बनाती है और सभी को आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की यात्रा करने देती है। क्लियरट्रिप की लॉन्चिंग जुलाई 2006 में हुई है। क्लियरट्रिप प्राइवेट लिमिटेड भारत की तेजी से आगे बढ़ती हुई ऑनलाइन ट्रैवेल टेक्नोलॉजी कंपनी है। अप्रैल 2021 में ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने क्लियरट्रिप की बड़ी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। विडेक द्वारा हाल में किए गए अध्ययन के अनुसार क्लियरट्रिप हाल ही में देश में नंबर 2 ओटीए कंपनी के तौर पर उभर कर सामने आई है।

टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू 67,260 करोड़ बढ़ी

# रिलायंस का मार्केट कैप 45,263 करोड़ बढ़ा टीसीएस में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट


**मुंबई, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

**शेयर बाजार में लिस्टेड मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश टॉप-10 में से सात कंपनियों की कंबाइंड मार्केट-वैल्यू में पिछले हफ्ते 67,259.99 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। इनमें देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप सबसे ज्यादा 45,262.59 करोड़ बढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप अब 20.14 लाख करोड़ हो गया है। रिलायंस के अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बैंक भी पिछले हफ्ते मार्केट के टॉप गेनर रहे हैं। इनके मार्केट कैप में 5,533.26 करोड़, 5,218.12 करोड़ और 4,132.67 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।**

टीसीएस का मार्केट कैप 10,691.45 करोड़ गिरा वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मार्केट कैप 10,691.45 करोड़ गिरकर 14.05 लाख करोड़ रह गया है। पिछले हफ्ते कंपनी की वैल्यूएशन में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। तब, कंपनी का मार्केट कैप 1,10,134.58 करोड़ गिरा था। टीसीएस के अलाव इंफोसिस और भारती एयरटेल का वैल्यूएशन भी गिरा है।

### पिछले हफ्ते मार्केट में तेजी रही थी

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में 819.41 अंक या 1.12 प्रतिशत की तेजी रही थी। वहीं, आखिरी कारोबारी दिन यानी 27 मार्च को सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली थी। बाजार में बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।



### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है।

मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां।

### मार्केट कैप कैसे काम आता है

किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

### मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# अभी और बढ़ेगी सोने की चमक...कीमत 75 हजार तक जा सकती



**नई दिल्ली,31 मार्च ।**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अप्रैल के लिए फ्यूचर गोल्ड की कीमतें 67,800 रुपये प्रति 10 ग्राम को खत्म हुई हैं। भारत में वित्त वर्ष का अंतिम कामकाजी दिन था। इसके बाद मार्केट जब काम शुरू करेगा, तब नया वित्त वर्ष शुरू हो जाएगा। खत्म हो रहे वित्तीय साल की आखिरी 2 तिमाही में सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है।6 महीने में गोल्ड प्रति 10 ग्राम 11,000 रुपये तक बढ़ गया है। जानकारों का मानना है कि अभी इसकी कीमत में तेजी थमेगी नहीं। इसका सबसे बड़ा श्रेय यूएस फेडर रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में 3 बार होने वाली कटौती को दिया जा रहा है। इसके अलावा भू-राजनीतिक परिस्थितियां और यूएस में मुद्रास्फीति में गिरावट भी गोल्ड की चमक के पीछे का कारण बताए जा रहे हैं। केवल गोल्ड ही नहीं सिल्वर भी तेजी दिखने की उम्मीद है। जानकार का कहना है कि इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड सितंबर 2024 तक 2,350 प्रति आउंस तक पहुंच सकता है। बता दें कि अभी स्पॉट गोल्ड का प्राइस 2,254 डॉलर है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई गोल्ड में निवेश करना चाह रहा है, तब वह फेडरल रिजर्व की मीटिंग और उस बैठक में होने वाली संभावित रेट कटौती को ध्यान में रखकर निवेश करे। बकौल फेडरल रिजर्व की अगली बैठक अप्रैल 30 अप्रैल से 1 मई के निर्धारित है जिसमें ब्याज दरों में कटौती की घोषणा हो सकती है। जानकारों के अनुसार वित्त वर्ष 25 में गोल्ड 72,000 से 75,000 रुपये के रिकॉर्ड हाई तक जा सकता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड की कीमत 2,370 से 2,450 तक जा सकती है। एक्सपर्ट के अनुसार फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित रेट कट की घोषणा के बाद से बाजार में सोने का भाव और तेज हो गया है। उन्होंने कहा कि बाजार रेट कट से पहले ही उस पर प्रतिक्रिया देने लगा है। इसके अलावा भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति में हल्की गिरावट की वजह से भी सोने को समर्थन मिल रहा है।

### घट रही है नियमित वेतन पाने वालों की मासिक कमाई, 12 वर्षों में 12,100 से घटकर 10,925 रुपये रह गई आय



**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) की नई रिपोर्ट 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' के अनुसार भारत में नियमित वेतन पाने वालों और स्व-रोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में वास्तविक कमाई का आकलन महंगाई (मुद्रास्फीति) के आधार पर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार साल दर साल नियमित कर्मचारियों के औसत मासिक वास्तविक कमाई में लगातार गिरावट आई है। 2012 में नियमित कर्मचारियों की औसत मासिक कमाई 12,100 रुपये थी। अब यह सालाना 1.2 फीसदी की गिरावट के साथ 2019 में घटकर 11,155 रुपये प्रतिमाह हो गई। 2022 में यह 0.7 फीसदी की गिरावट के साथ 10,925 रुपये मासिक रह गया। आकस्मिक श्रमिकों की कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार आकस्मिक श्रमिकों के मामले में उलट स्थिति सामने आई है। यानी पिछले दशक के दौरान उनकी वास्तविक कमाई में वृद्धि दर्ज की गई है। 2012 में इनकी औसत मासिक वास्तविक आय 3,701 रुपये थी जो सालाना 2.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 2019 में बढ़कर 4,364 रुपये तथा 2022 में 4712 रुपये हो गई प्रतिमाह हो गई। नियमित कर्मचारियों और स्वरोजगार से संबद्ध लोगों की घटती कमाई के साथ ही आकस्मिक श्रमिकों की आय में हुई बढ़ोतरी का अर्थ यह है कि 2000 से 2022 के बीच पैदा हुई नौकरियों की गुणवत्ता पैमाने पर खरी नहीं थी। खेती-बाड़ी से जुड़े मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम मेहनताना रिपोर्ट कहती है कि भारत में श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर न्यूनतम मेहनताना नहीं मिल है। श्रमिकों के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से आकस्मिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा। राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में 40.8 फीसदी नियमित श्रमिकों और 51.9 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को उतना पारिश्रमिक नहीं मिल रहा जितना उस क्षेत्र में किसी अकुशल श्रमिक के लिए प्रतिदिन के लिहाज से कम से कम तय किया गया है। इसके अलावा रिपोर्ट में निर्माण क्षेत्र में लगे श्रमिकों की कमाई का भी उल्लेख किया गया है। इस क्षेत्र से जुड़े 39.3 फीसदी नियमित कर्मचारियों और 69.5 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को अकुशल श्रमिकों के लिए प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित औसत न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है।

भारत को सेमीकंडक्टर चिप बनाने की रेस में शामिल नहीं होना चाहिए, ऐसा करके वह बर्बाद हो जाएगा

# भारत को हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट के बजाय शिक्षा प्रणाली दुरुस्त करनी चाहिए : रघुराम राजन

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

देश में चार सेमीकंडक्टर यूनिट बनाने का काम शुरू हो चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि अगले पांच साल में भारत सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाले दुनिया के टॉप 5 देशों की सूची में शामिल होगा। लेकिन आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का कहना है कि भारत को सेमीकंडक्टर चिप बनाने की रेस में शामिल नहीं होना चाहिए। ऐसा करके वह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाने से भी जरूरी कई काम हैं। उसके इस हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट पर फोकस करने के बजाय अपनी शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त करना चाहिए। शिकागो यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में फाइनेंस के प्रोफेसर रघुराम राजन ने एक नोट में कहा कि भारत सरकार हायर एजुकेशन के सालाना बजट से ज्यादा पैसा चिप मैन्यूफैक्चरिंग के लिए सब्सिडी के रूप में दे रही है। यह अच्छी बात नहीं है। निश्चित रूप से यह विकसित देश बनने का रास्ता नहीं है। मोदी सरकार की नीतियों के धुर विरोधी रहे राजन ने साफ किया कि उनकी बात का यह मतलब नहीं है कि भारत को कभी भी



सेमीकंडक्टर चिप नहीं बनाना चाहिए। लेकिन आज हर देश यही कर रहा है। इस रेस में पड़ने का मतलब खुद को बर्बाद करना है। भारत ने पिछले महीने तीन सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दी थी। इन पर कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा जिसमें सरकार की तरफ से 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। राजन ने अपने नोट में कहा कि वास्तव में चिप सब्सिडी कैपिटल सब्सिडी है। इसका मतलब यह है कि इसका फ्रंट से भुगतान किया जाएगा, यह प्रॉडक्शन पर आधारित नहीं है।

# ईवी पंजीकरण फिर 1 लाख के पार, ओला इलेक्ट्रिक सबसे आगे, ग्राहक लुटा रहे ईवी गाड़ियों पर प्यार

**मुंबई, 31 मार्च ।**

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण एक लाख का जादुई आंकड़ा पार कर गया। देश में शुरुआत होने के बाद से दूसरी बार ऐसा हुआ है। अब कंपनियां मार्च के गिनेचुने दिनों में पंजीकृत वाहनों के सर्वाधिक आंकड़े तक पहुंचकर नया मुकाम हासिल करने की तैयारी में हैं। इसकी वजह यह है कि कंपनियां छूट के द्वारा आक्रामक रूप से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का अपना स्टॉक खत्म कर रही हैं और 31 मार्च तक वाहन पंजीकरण सुनिश्चित कर रही हैं।



अगर वे ऐसा करने में विफल रहती हैं, तब भारत में फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड ऐंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम-2) के तहत मिलने वाली सब्सिडी की लागत उन्हें ही उठानी पड़ेगी। इस योजना के स्थान पर नई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस 2024) योजना लाई जा रही है जो केवल चार महीने के लिए है। इसके बाद सभी के लिए सब्सिडी आधी रहेगी और सीमा भी घटेगी। पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की संख्या 1,00,031 का आंकड़ा पार कर चुकी थी। इसमें पिछले महीने की तुलना में 25 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ है। पिछले साल मई में भी पंजीकृत ई-दोपहिया वाहनों की संख्या 1,01,372 वाहनों तक पहुंच गई थी। हालांकि मार्च महीना खत्म होने में कुछ ही दिन बचे हैं, लेकिन कंपनियों को उम्मीद है कि इस महीने सबसे ज्यादा पंजीकरण होगा।

वाहन पंजीकरण के लिहाज से ओला इलेक्ट्रिक ने फिर रफ्तार पकड़ी और 41,109 वाहनों का पंजीकरण किया। पिछले माह की तुलना में यह 20 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि है, जो उद्योग में किसी भी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी की अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। आंकड़ों के आधार पर ओला इलेक्ट्रिक के पास अब 41 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

उनकी बिक्री की गतिविधियों पर नजर रखने वाले विश्लेषकों को उम्मीद है कि मार्च के अंत तक पंजीकरण 50,000 के करीब पहुंच जाएगा। फेम 2 योजना इस महीने के आखिर में समाप्त हो जाएगी और इसका स्थान 1 अप्रैल से शुरू होने वाली ईएमपीएस 2024 ले लेगी।

# पीएलआई स्कीम से मेड इन इंडिया को मिला बड़ा बूस्ट, फार्मा सेक्टर में आया सबसे ज्यादा पैसा

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्र सरकार ने देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने चार साल पहले प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम शुरू की थी। इसमें कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने पर बड़ी छूट दी जाती है। यह योजना एक हद तक सफल रही है और इसका कुछ सेक्टर में सकारात्मक असर नजर रहा है। लेकिन, अभी भी कई मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ऐसे हैं, जिनमें सरकार की उम्मीद के मुताबिक निवेश नहीं आ रहा है। आइए जानते हैं कि किन सेक्टर में निवेश बढ़ा है और बाकी सेक्टर में इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के लिए सरकार क्या कर रही है। पीएलआई के तहत कितना निवेश आया सरकारी डेटा के मुताबिक, पीएलआई स्कीम के तहत 14 सेक्टरों को दिसंबर 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिला। इसमें फार्मा और सोलर मॉड्यूल सेगमेंट का योगदान तकरीबन आधा है। हालांकि, पिछले साल दिसंबर तक आईटी हार्डवेयर, ऑटो और ऑटो कंपोनेंट, टेक्सटाइल और एसीसी बैटरी स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में योजना को सुस्त रिस्पॉन्स मिला था। सरकार ने 2021 में टेलीकॉम, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑटोमोबाइल, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, सोलर पीवी मॉड्यूल,



अडवांस केमिस्ट्री सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई स्कीम का एलान किया था। फार्मा सेक्टर में किसने उठाया लाभ फार्मास्युटिकल्स और ड्रग्स सेक्टर में पिछले साल दिसंबर तक 25,813 करोड़ रुपये निवेश आया। सरकार को 17,275 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद थी, लेकिन आंकड़े इससे बेहतर रहे। फार्मा सेक्टर में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, सिप्ला, ग्लेनमार्क फार्मा, बायोकॉन और वॉकहार्ट लिमिटेड ने स्कीम का लाभ उठाया। वहीं, हाई एफिशिएंसी सोलर पीवी मॉड्यूल की बात करें, तो कुल 22,904 करोड़ रुपये का निवेश आया। यहां स्कीम का लाभ उठाने वाली कंपनियों में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर और टाटा पावर सोलर शामिल रहीं। अन्य सेक्टर का क्या रहा हाल फार्मा और पीवी मॉड्यूल के अलावा कई दूसरे सेगमेंट को भी पीएलआई स्कीम के तहत ठीकठाक निवेश मिला। इनमें थोक दवाएं (3,586 करोड़ रुपये), चिकित्सा उपकरण (864 करोड़ रुपये), खाद्य प्रसंस्करण (7,350 रुपये) शामिल हैं। वहीं, टेलीकॉम सेक्टर (2,865 करोड़ रुपये) मिला। सबसे बुरा प्रदर्शन आईटी हार्डवेयर सेक्टर का रहा। इसमें सरकार को 2,517 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद थी, लेकिन इन्वेस्टमेंट हुआ सिर्फ 270 करोड़ रुपये का। ऑटो और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर भी सरकार की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

### अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती को लेकर जल्दबाजी नहीं, केंद्रीय बैंक ने कहा- इससे महंगाई बढ़ने का खतरा

**न्यूयार्क।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि वह ब्याज दरों में कटौती को लेकर किसी प्रकार की जल्दबाजी में नहीं है। सैन फ्रांसिस्को फेड के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि हमें कटौती को लेकर जल्दबाजी की आवश्यकता नहीं है। पॉवेल ने कहा कि रोजगार का डेटा मजबूत रहा है। इस कारण केंद्रीय बैंक महंगाई दर के दो प्रतिशत के करीब आने का इंतजार कर रहा है। फेड चेयरमैन ने दरों में जल्द कटौती पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर हम दरों को बहुत जल्द कम करते हैं, तो संभावना है कि महंगाई फिर से बढ़ जाएगी और यह अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होगा। पॉवेल ने ब्याज दरों को उनके मौजूदा स्तर पर छोड़ने के जोखिमों की पहचान की बात भी कही। एक रिपोर्ट के अनुसार, फेडरल रिजर्व दो जोखिमों में संतुलन की कोशिश कर रहा है। पहला यह है कि केंद्रीय बैंक के अधिकारी ब्याज दरों को लंबे समय तक उच्च स्तर पर नहीं रखना चाहते हैं। इससे गैर-आवश्यक मंदी का जोखिम है। दूसरा यह है कि अधिकारी महंगाई के नियंत्रण में आने से पहले जल्दबाजी में दरों में कटौती भी नहीं चाहते हैं। इससे पहले अमेरिका के फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के दौरान बेंचमार्क ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का फैसला किया गया था। उस समय भी जेरोम पॉवेल ने कहा था कि हालिया महंगाई दर की वजह से ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने साल के अंत में तीन बार ब्याज दरों में कटौती करने के संकेत दिए थे।

संपादकीय

# सीजेआई की ट्रोलिंग

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उनके साथ हाल ही में हुई उस घटना को याद किया जब एक सुनवाई के दौरान कमर दर्द के कारण उन्हें अपनी वुसा ठीक करने की वजह से विवाद खड़ा किया गया और उन्हें ट्रोल किया गया और सोशल मीडिया पर शातिर दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। बेंगलूरू में आयोजित एक कार्यव्रम में उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के लिए तनाव प्राबंधन और जीवन शैली व काम के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत पर जोर डाला। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के पास काफी काम होता है और परिवार तथा अपनी देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाने के कारण उन्हें उपयुक्त रूप से काम करने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। प्राधान न्यायाधीश ने कहा, तनाव का प्राबंधन करना और कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन बनाने की क्षमता पूरी तरह से न्याय प्रादान करने से जुड़ी हुई है। दूसरों के घाव भरने से पहले आपको अपने घाव भरना सीखना चाहिए। यह बात न्यायाधीशों पर भी लागू होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने एक हालिया व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक अहम सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिग के आधार पर हाल में उनकी आलोचना की गई। उन्होंने कहा, महज चार-पांच दिन पहले जब मैं एक मामले की सुनवाई कर रहा था, मेरी पीठ में थोड़ा दर्द हो रहा था, इसलिए मैंने बस इतना किया थाकि अपनी कोहनियां अदालत में अपनी वुसा पर रख दीं और मैंने वुर्सा पर अपनी मुद्रा बदल ली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई टिप्पणियां की गईं, जिनमें आरोप लगाया गया कि प्राधान न्यायाधीश इतने अहंकारी हैं कि वह अदालत में एक महत्वपूर्ण बहस के बीच उठ गए। प्राधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया उन्होंने आपको यह नहीं बताया कि मैंने जो वुछ किया वह केवल वुसा पर मुद्रा बदलने के लिए किया था। 24 वर्षो से न्यायिक कार्य करना थोड़ा श्रमसाध्य हो सकता है जो मैंने किया है। उन्होंने कहा मैं अदालत से बाहर नहीं गया। मैंने केवल अपनी मुद्रा बदली, लेकिन मुझे काफी दुर्व्यंवहार ट्रोलिग का शिकार होना पड़ा.. लेकिन मेरा मानना है कि हमारे वंधे काफी चौड़े हैं और हमारे काम को लेकर आम लोगों का हम पर पूरा विश्वास है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायधीशों के समान ही तालुक अदालतों में (न्यायधीशों को) सुरक्षा नहीं मिलने के संदर्भ में उन्होंने एक घटना को याद किया जिसमें एक युवा दीवानी न्यायाधीश को बार के एक सदस्य ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने उसके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया तो वह उनका तबादला करवा देगा। कामकाज और जीवन के बीच संतुलन तथा तनाव प्राबंधन इस दो दिवसीय सम्मेलन के विषयों में से एक था। इस बारे में प्राधान न्यायाधीश ने कहा कि तनाव प्राबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है। खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। उन्होंने कहा कि अदालतों में आने वाले कई लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। उन्होंने कहा प्राधान न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में अपनी सीमा पार कर जाते हैं इसका उत्तर यह नहीं कि उन्हें अवमानना का नोटिस दें बल्कि यह समझना जरूरी होता है कि उन्होंने यह सीमा क्यों पार की।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के पास काफी काम होता है और परिवार तथा अपनी देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाने के कारण उन्हें उपयुक्त रूप से काम करने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। प्राधान न्यायाधीश ने कहा, तनाव का प्राबंधन करना और कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन बनाने की क्षमता पूरी तरह से न्याय प्रादान करने से जुड़ी हुई है। दूसरों के घाव भरने से पहले आपको अपने घाव भरना सीखना चाहिए। यह बात न्यायाधीशों पर भी लागू होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने एक हालिया व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक अहम सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के आधार पर हाल में उनकी आलोचना की गईं। उन्होंने कहा, महज चार-पांच दिन पहले जब मैं एक मामले की सुनवाई कर रहा था, मेरी पीठ में थोड़ा दर्द हो रहा था, इसलिए मैंने बस इतना किया थाकि अपनी कोहनियां अदालत में अपनी वुसा पर रख दीं और मैंने वुसा पर अपनी मुद्रा बदल ली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई टिप्पणियां की गईं, जिनमें आरोप लगाया गया कि प्राधान न्यायाधीश इतने अहंकारी हैं कि वह अदालत में एक महत्वपूर्ण बहस के बीच उठ गए। प्राधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया उन्होंने आपको यह नहीं बताया कि मैंने जो वुछ किया वह केवल वुसा पर मुद्रा बदलने के लिए किया था। 24 वर्षो से न्यायिक कार्य करना थोड़ा श्रमसाध्य हो सकता है जो मैंने किया है।

### नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं

# चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

ललित गर्ग

चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है।

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई



करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है।

दृष्टि कोण

# टीकाकरण की गति बढ़ानी होगी

भारत का कोरोना टीकाकरण अभियान विश्व में सबसे बड़ा है। सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क और निजी अस्पतालों में 250 रुपए में टीकाकरण हो रहा है। जिसमें अस्पताल का 100 रुपए शुल्क भी शामिल है। देश में जैसे ही कोरोना के खात्मे के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हुआ वैसे ही कोरोना की दूसरी लहर से जुड़ी खबरें प्रकाश में आने लगीं। बीते एक माह में ऐसा लगने लगा कि घूम-फिरकर हालात पिछले साल जैसे ही बनने की दिशा में अग्रसर हैं। देश में कोरोना संव्रामितों का आंकड़ा प्रातिदिन पचास हजार को पार कर रहा है। अनेक शहरों में रात्रिकालीन कफ्र्यू लागू करने के बाद साप्ताहिक लॉकडाउन करना पड़ा और जब उससे भी बात नहीं बनी तब लंबे लॉकडाउन का निर्णय लिया गया। ये स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। वास्तव में घोर संकट की काली छाया से निकलकर धीरे-धीरे ही सही अर्थव्यवस्था के साथ ही जनजीवन भी सामान्य होने लगा था लेकिन बीत वुछ सप्ताहों ने मानों हम दोबारा वहीं खड़े दिख रहे हैं, जहां से हमने कोरोना के विरुद्ध लड़ाई शुरू की थी। प्रश्न ये है कि कोरोना पर विजय हासिल करने के करीब पहुचंने के बाद आखिरकार ये हालात क्यों और वैसे बन गए? इसके यूं तो अनेक जवाब हो सकते हैं किन्तु सीधा और सपाट उत्तर है लोगों की लापरवाही। अमेरिका के बाद भारत दुनिया का दूसरा देश है जहां कोरोना वायरस संव्रामण के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। भारत में कोविड-19 का पहला मामला पिछले साल 30 जनवरी को सामने आया था। उस वक्त चीन के वुहान से केरल की एक मेडिकल छात्रा वापस अपने घर लौटकर आईं थी और उसमें कोविड-19 की पुष्टि हुईं थी। इससे पहले 2019 के आखिर में चीन ने अपने शहर वुहान में कोरोना वायरस के पैलने की जानकारी दी थी। कोरोना काल की काली छाया में देशवासियों ने अदम्स साहस और धैर्य को परिचय दिया। देश के महान वैज्ञानिकों ने कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया। 16 जनवरी को भारत ने बड़े पैमाने पर कोविड-19 टीकाकरण शुरू किया गया था। नईं दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान



(एम्स) में सबसे पहले सफाईंकमा मनीष वुमार को कोविड-19 वैक्सीन दी गईं थी। प्राथम पंक्ति में रहकर कोरोना के विरुद्ध लड़ रहे वर्ग को सबसे पहले टीका लगाने के अभियान के बाद सरकार का लक्ष्य जुलाईं तक 30 करोड़ लोगों को वैक्सीन देने का है। एक मार्च से वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण प्रारंभ किया गया। आगामी एक अप्रौल से 45 वर्ष से ऊपर की आयु वालों के भी टीकाकरण की शुरुआत होने जा रही है। भारत का कोरोना टीकाकरण अभियान विश्व में सबसे बड़ा है। सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क और निजी अस्पतालों में 250 रुपए में टीकाकरण हो रहा है। जिसमें अस्पताल का 100 रुपए शुल्क भी शामिल है। वैसे वुछ निजी चिकित्सालय टीके की मूल कीमत 150 रुपए ही ले रहे हैं। इस प्राकार लाखों लोगों को प्रातिदिन टीका लगाया जा रहा है। अभी तक वुछ अपवाद छोड़कर टीकाकरण को लेकर सकारात्मक खबरें ही आ रही हैं जिससे लोगों के मन में व्याप्त शंकाएं भी दूर होने लगी हैं। आवर वल्ड इन डेटा की वेबसाइट के अनुसार, टीकाकरण अभियान के दो महीने पूरे होने तक, यानि 16 मार्च तक भारत में कोरोना वैक्सीन के करीब 3.51 डोज लगाए जा चुके थे। जिन 10 देशों में कोरोना संव्रामण के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं उनमें देखा जाए तो भारत केवल अमेरिका से पीछे है जहां अब तक कोरोना के टीके के करीब 11.1 करोड़ डोज लगाए जा चुके हैं। अमेरिका में कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरुआत भारत से करीब एक महीने पहले हुईं थी। कोरोना टीकाकरण के आंकड़ों को देखने पर लगता है कि इस मामले में भारत दूसरों के मुकाबले बेहतर कर रहा है, लेकिन अगर प्राति सौ व्यक्ति के आधार पर आंकड़ों को देखा जाए तो प्रात्येक सौ लोगों में केवल 2.54 लोगों को ही कोरोना का टीका लगाया गया है, जो इन दस देशों की तुलना में सबसे कम है। लेकिन अब भारत में कोरोना टीकाकरण की रफ्तार तेज हो रही है। बीते 16 मार्च को खत्म होने वाले सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार देश में हर दिन करीब 15 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। जनसंख्या के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है और पूरी आबादी को कोरोना का टीका लगाना यहां की सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। अगर हम ये मानें कि फिलहाल जिस रफ्तार से कोरोना की वैक्सीन लगाईं जा रही है (प्राति दिन 15 लाख डोज) उस रफ्तार को आगे भी कायम रखा जाएगा और हर व्यक्ति को कोरोना वैक्सीन की दो डोज दी जाएगी, तो भी भारत को अपनी आधी आबादी तक टीका पहुंचाने में कम से कम ढाईं साल का वक्त लगेगा। लेकिन जिस तरह से सरकार कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाती जा रही है, उसके देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि देश की सबसे जोखिम वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को अनुमान से पहले वैक्सीन जरूर मिल सकेगी।

कुछ अलग

# पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव

जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' की शुरुआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।' एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं। देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है।

देश दुनिया से

# अब महिला वोट करते हैं बड़ी चोट

चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं।

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए-नए



सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते हैं। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनाव में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनाव में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनाव में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त बहुमत प्राप्त हुआ। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं की जा रही हैं। केंद्र की उज्ज्वला योजना, मध्य प्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा का करिश्मा देखा जा चुका है। आम आदमी पार्टी महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं। बहरहाल लोकतंत्र के इस महापर्व में देश की महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। चुनाव के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक कहा जा सकता है। दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आएंगी।

आप का नजरिया

# परमबीर के आरोप गंभीर हैं

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिह द्वारा अपनी याचिका में महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ उठाए गए मुद्दे अत्यंत गंभीर हैं। गृहमंत्री अनिल देशमुख के घर के बाहर लगे सीसीटीवी पुटेज को जब्त कर उसकी जांच करवाने की मांग परमबीर ने अपनी याचिका में की। परमबीर ने कहा कि अगर उनके आरोपों की जल्द जांच नहीं की गईं तो हो सकता है कि अनिल देशमुख सभी सुबूतों को मिटा दें और सीसीटीवी पुटेज को डिलीट कर दें। अनिल देशमुख ने फरवरी में अपने आवास पर कईं मीटिंग की। मुंबईं व्राइम इंटेलिजेंस यूनिट (एमसीआईंयू) के इंस्पेक्टर सचिन वाजे भी इसमें शामिल हुए थे। उस दौरान गृहमंत्री अनिल देशमुख ने वाजे को होटल, बार और रेस्टोरेंट से हर महीने 100 करोड़ रुपए की उगाही करने को कहा था। 24-25 अगस्त 2020 को राज्य खुफिया विभाग की इंटेलिजेंस कमिश्नर रश्मि शुक्ला ने डीजीपी को अनिल देशमुख की ओर से ट्रांसफर पोस्टिंग में किए जा रहे भ्रष्टाचार की जानकारी दी थी। डीजीपी ने यह जानकारी गृह मंत्रालय में एडिशनल चीफ सैव्रोटरी को दी थी। यह जानकारी टेलीफोन पर हुईं बातचीत को रिकॉर्ड कर जुटाईं गईं थी। न्यायमूर्ति संजय कौल और न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी की पीठ ने परमबीर सिह को अपनी शिकायत लेकर बंबईं उच्च न्यायालय जाने की छूट प्रादान कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें कोईं संदेह नहीं है कि यह मामला अत्यंत गंभीर है लेकिन याचिकाकर्ता को बंबईं उच्च न्यायालय जाना चाहिए। सिह का पक्ष रखने के लिए अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुवुल रोहतगी ने कहा कि वह आज ही बंबईं हाईं कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। पीठ ने रोहतगी से कहा कि दो प्राथमिक सवाल हैं—पहला यह कि अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में याचिका क्यों दायर की गईं है और याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय से सम्पर्व क्यों नहीं किया? दूसरा सवाल यह है कि सिह ने अपनी याचिका में राज्य के गृहमंत्री को पक्ष क्यों नहीं बनाया है? रोहतगी ने कहा कि वह देशमुख को मामले में पक्ष बनाएंगे और इस संबंध में आवेदन तैयार है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है जिसने राज्य के प्राशासन को प्राभावित किया है। पीठ ने कहा कि अदालत का मत है कि याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय से सम्पर्व करना चाहिए और यदि वह मामले में किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाना चाहते हैं तो उच्च न्यायालय इस मुद्दे को भी देख सकता है। रोहतगी ने कहा कि वह आज ही उच्च न्यायालय से सम्पर्व करेंगे और शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय से मामले को कल देखने के लिए कह सकती है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी पुटेज के रूप में सुबूत हैं जो एटीएस के कब्जे में हैं जिसने इन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईंए) को नहीं सौंपा है। एनआईंए उद्योगपति मुकेश अंबानी के मुंबईं स्थित घर के बाहर 25 फरवरी को मिली एसयूवी से संबंधित मामले की जांच कर रही है जिसमें विस्फोटक सामग्री रखी गईं थी। 1988 बैच के अधिकारी परमबीर सिह ने अदालत से मुंबईं पुलिस आयुक्त पद से हटाने को भी रद्द करने का भी अनुरोध किया था। उनका आरोप है कि यह आदेश मनमाना और गैर-कानूनी है।

# 9 अप्रैल से शुरू होगा विक्रम नव संवत्सर 2081

## अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग में शुरू होगा हिंदू नववर्ष

हिंदू धर्म में नव वर्ष विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इस बार 9 अप्रैल से नव विक्रम संवत्सर 2081 आरंभ होगा। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि भी आरंभ होतीं हैं। इस नवसंवत्सर 2081 को कालयुक्त नामक संवत्सर के रूप में जाना जाएगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक करीब 30 वर्षों बाद नववर्ष की शुरुआत शुभ राजयोगों में होगी। 09 अप्रैल को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 का पहला दिन होगा और इस दिन अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग का संयोग बन रहा है। इस बार विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल होंगे और मंत्री शनिदेव होंगे। ऐसे में पूरे साल शनि और मंगल का प्रभाव बना रहा है। वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार 09 अप्रैल से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 की शुरुआत होने जा रही है। हालांकि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत 01 जनवरी से होती है, लेकिन नया हिंदू वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है और सभी व्रत-त्योहार हिंदू कैलेंडर की तिथियों के आधार पर ही मनाया जाता है। इस बार नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत बहुत ही खास रहेगा।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस वर्ष आकाशीय मंडल में 2081 संवत की यदि मंत्रिमंडल की बात करें, तो इस 2081 संवत के वर्ष राजा मंगल रहेंगे। उनके मंत्री शनि होंगे। वही सेनापति का कार्यभार शुक्र संभालेंगे और संवत्सर के वाहन बैल होगा। इस विक्रम संवत का नाम कालयुक्त होगा। इस कालयुक्त संवत के राजा-मंगल, मन्त्री-शनि, सस्येश-मंगल, दुर्गेश- शुक्र, धनेश- चन्द्र, रसेश- गुरु, धान्येश-शनि, नीरसेश- मंगल, फलेश-शुक्र, मेघेश-शुक्र होंगे। 09 अप्रैल को हिंदू नववर्ष की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और शश राजयोग में होगी। इसके अलावा साल के पहले दिन रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी संयोग बन रहा है। इस दिन चंद्रमा गुरु की राशि मीन में होंगे। शनि देव स्वयं की राशि कुंभ में विराजमान होकर शश राजयोग का भी निर्माण होगा।

नव संवत्सर विक्रम संवत - 2081
नव संवत्सर आरंभ - 09 अप्रैल 2024
प्रतिपदा तिथि आरंभ - 8 अप्रैल 2024 रात 11:50 बजे से
प्रतिपदा तिथि समाप्त - 9 अप्रैल 2024 रात 08:30 बजे तक

**हिंदू नववर्ष पर 3 शुभ योग**

09 अप्रैल को हिंदू नववर्ष की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और शश राजयोग में होगी। इसके अलावा साल के पहले दिन रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी संयोग बन रहा है। इस दिन चंद्रमा गुरु की राशि मीन में होंगे। शनि देव स्वयं की राशि कुंभ में विराजमान होकर शश राजयोग का भी निर्माण होगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक 09 अप्रैल को सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सुबह 07:32 मिनट से आरंभ हो जाएगी। नया हिंदू वर्ष के राजा मंगल और मंत्री शनिदेव के होने का प्रभाव सभी 12 राशियों के लोगों पर पड़ेगा लेकिन कुछ राशि के लोगों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा जिससे उनके जीवन में सुख-शांति और अच्छे परिणाम की प्राप्ति होगी।






डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

**राजा मंगल और मंत्री शनि**

इस कालयुक्त संवत के राजा-मंगल, मन्त्री-शनि, सस्येश-मंगल, दुर्गेश- शुक्र, धनेश-चन्द्र, रसेश- गुरु, धान्येश-शनि, नीरसेश-मंगल, फलेश-शुक्र, मेघेश-शुक्र होंगे।

**भैरव प्रश्न**

भैरव माता से कहे, मेरा यही सवाल।
इक्यासी संवत् तों कह दे मैया हाल।।

**भवानी उत्तर**

इक्यासी की साल में मैं समझावु तोय।
अन होणी होवे नहीं होणी हो सो होय।।
राजा कुज मंत्री शनि इनकी खोटी चाल।
युद्ध उपद्रव जगत् में मांचे घणा बवाल।।
दिवानाथ धान्येश है, सवंत् विश्वा आठ। कहीं धान्य का नाश हो कहीं के होसी ठाठ।।
सागर तट रोहिणी बसी स्तंभ लगे है तीन।
अन्न जल की कमती नहीं इसमें मेष न मीन।।

**कालयुक्त सम्वत्सर का फल**

रोगवृद्धिः प्रजायेत् कालयुक्ते विशेषतः।
राजयुद्धं भवेद् घोरं वृष्टिर्घोरा वरानने।।

क्लिष्ट रोगों में विशेष वृद्धि के कारण प्रजा में कष्ट से हानि होगी। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों में क्षुब्धता, वैमनस्य व बिखराव के कारण युद्ध जैसे हालात बनेंगे। भयंकर वर्षा होने से खड़ी फसलों को हानि व बाढ़ से कृषक त्रस्त होंगे। भविष्यफल भास्कर के अनुसार 'कालयुक्त' संवत्सर होने से प्रजा में रोग-शोक फैलता है, परन्तु वर्षा पर्याप्त होने तथा धान्यादि के उत्पादन में वृद्धि होने से साधारण जनता सुखी च आनन्द से रहेगी। राजाओं में परस्पर युद्ध से प्रजा का विनाश भी होगा। कहीं धन-धान्य की वृद्धि तथा वृक्षों पर पुष्प-फल लगेंगे।

**राजा मंगल का फल**

वर्ष का राजा मंगल है, अतः वायुवेग अर्थात् आँधी - तूफान का प्रकोप बना रहेगा। बायुयान दुर्घटना, अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक उत्पातों में वृद्धि होगी। आतंकी-धाार्मिक उन्माद की घटनाएं बढ़ेगी, तस्करी, ठगी, लूटपाट तथा विभिन्न क्लिष्ट रोगों में वृद्धि से जनता त्रस्त होगी। तीव्र वायुवेग एवं बादल होने पर भी वर्षा की न्यूनता बनी रहेगी। तूफान, चक्रवात, आँधी, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषि उत्पादन में कमी तथा पशुधन की भी हानि होगी। आरोप-प्रत्यारोप एवं राजनैतिक वातावरण के कारण शासक कर्तव्य से भ्रमित होंगे। प्रजा में पित्त, रक्त एवं विषाणु जनित रोगों की बहुलता रहेगी। बाल अपचारियों के अपराध बढ़ेंगे। अपमृत्यु तथा प्रियजन से विछोह से कष्ट होगा।

अग्नि-तस्कर-रोगाढ्यो नृपो-विग्रहः कारकः।
गतसस्यो बहुव्यालो भीमाब्दो बालहाभृशम् ।।

**अथवा**

भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव-विग्रहश्च।
दुःखं प्रजा-व्याधि-वियोगपीड़ा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः

**मन्त्री शनि का फल**

मन्त्री शनि है, अतः राजनेताओं व राष्ट्राध्यक्षों का व्यवहार सामान्य प्रजा के प्रति कठोर होगा, उनकी नीतियों से जनता त्रस्त होकर जनता रोष प्रकट करेगी। देश के कुछ भागों में वर्षा की कमी रहने से खाद्यान्नों में कमी एवं प्राकृतिक प्रकोप का भय व्याप्त रहेगा। आमजन के पास धन-सम्पदा एवं भौतिक संसाधनों की कमी से उनमें असंतोष का भाव व्याप्त होगा। लोहा, स्टील, ताँबा, जस्ता, सिक्का, तेल आदि खाद्यान्न पदार्थ, पेट्रोल- डीजल आदि के भाव तेज होंगे।

हिन्दू कलेंडर 2081 के अनुसार मास
1. चैत्र मास, 2. वैशाख मास, 3. ज्येष्ठ मास, 4. आषाढ़ मास, 5. श्रावण मास, 6. भाद्रपद मास, 7.आश्विन मास, 8. कार्तिक मास, 9. मार्गशीर्ष मास, 10. पौष मास, 11. माघ मास, 12.फाल्गुन मास.

**हिंदू कैलेंडर 2024**

चैत्र माह 2024 - 26 मार्च 2024 - 23 अप्रैल 2024
वैशाख माह 2024 - 24 अप्रैल 2024 - 23 मई 2024
ज्येष्ठ माह 2024 - 24 मई 2024 - 22 जून 2024
आषाढ़ माह 2024 - 23 जून 2024 - 21 जुलाई 2024
सावन माह 2024 - 22 जुलाई 2024 - 19 अगस्त 2024
अश्विन माह 2024 - 19 सितंबर 2024 - 17 अक्टूबर 2024
कार्तिक माह 2024 - 18 अक्टूबर 2024 - 15 नवंबर 2024
मार्गशीर्ष माह 2024 - 16 नवंबर 2024 - 15 दिसंबर 2024
पौष माह 2024 - 16 दिसंबर 2024 - 13 जनवरी 2025
माघ माह 2025 - 14 जनवरी 2025 - 12 फरवरी 2025
फाल्गुन माह 2025 - 13 फरवरी 2025 - 14 मार्च 2025

# हिंदू धर्म सबसे विविध धर्मों में से एक



हिंदू धर्म, दुनिया के सबसे पुराने और सबसे विविध धर्मों में से एक, मान्यताओं, प्रथाओं और दर्शन की एक विस्तृत श्रृंखला को समाहित करता है। हालाँकि इसमें कोई केंद्रीकृत शासी प्राधिकरण या सार्वभौमिक रूप से अनिवार्य नियमों का एक सेट नहीं है, लेकिन कई प्रमुख सिद्धांत और दिशानिर्देश हैं जिनका अनुयायी अक्सर पालन करते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हिंदू धर्म अविश्वसनीय रूप से विविध है, और सांस्कृतिक, क्षेत्रीय और व्यक्तिगत कारकों के आधार पर प्रथाएं काफी भिन्न हो सकती हैं। यहां हिंदू धर्म के सार्वभौमिक 4 स्तंभ हैं जो किसी व्यक्ति को धार्मिकता और सदाचार के मार्ग पर मार्गदर्शन करते हैं...

**धर्म:-** धर्म, जिसे अक्सर धार्मिकता या कर्तव्य के रूप में वर्णित किया जाता है, हिंदू धर्म में एक केंद्रीय अवधारणा है। यह इस विचार पर जोर देता है कि व्यक्तियों को जीवन में अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य करना चाहिए। धर्म के मार्ग पर चलने से समाज और ब्रह्मांड में सद्भाव बनाए रखने में मदद मिलती है।

**कर्म:-** कर्म का नियम बताता है कि प्रत्येक कार्य का परिणाम या तो इस जीवन में या अगले जीवन में होता है। अच्छे कार्यों का परिणाम सकारात्मक होता है, जबकि नकारात्मक कार्यों का परिणाम दुख होता है। हिंदू धर्म अपने अनुयायियों को नैतिक व्यवहार, निस्वार्थ कार्यों और आध्यात्मिक प्रथाओं के माध्यम से अच्छे कर्म संचय करने का प्रयास करना सिखाता है।

**भक्ति:-** भक्ति का निस्वार्थ कार्य मन और शरीर की आध्यात्मिक और शारीरिक एकता के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। हिंदू धर्म सर्वोच्च शक्ति के साथ एकता का संदेश प्रसारित करता है और व्यक्तियों को अपने भीतर से जुड़ने में मदद करता है।

**मोक्ष:-** मोक्ष जन्म और मृत्यु (संसार) के चक्र से मुक्ति का प्रतीक है। मोक्ष प्राप्त करना हिंदू धर्म में अंतिम लक्ष्य है। इसे भक्ति (भक्ति), ज्ञान (ज्ञान), और अनुशासित कार्रवाई (कर्म) सहित विभिन्न मार्गों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है।

इस प्रकार, कर्म व्यक्ति को सचेतन कार्य करना और अपनी पसंद की जिम्मेदारी लेना सिखाता है। धर्म के सिद्धांतों को समझना व्यक्तियों को ब्रह्मांडीय व्यवस्था के साथ सद्भाव में रहने के लिए एक मार्गदर्शन प्रदान करता है। भक्ति का मार्ग उन्हें इस नश्वर अवस्था में अपने आंतरिक स्व और सर्वोच्च सर्वशक्तिमान से जोड़ता है। अंत में, मोक्ष की खोज व्यक्तियों को आध्यात्मिक ज्ञान और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति पाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

इन शिक्षाओं के माध्यम से, हिंदू धर्म व्यक्तियों को उद्देश्यपूर्ण, नैतिक जीवन जीने और मुक्ति और शाश्वत आनंद की ओर एक परिवर्तनकारी आध्यात्मिक यात्रा शुरू करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

# बेल वृक्ष के पास प्रभु की पूजा करने के बाद दीपक जलाने से होगा यह लाभ

हिंदू धर्म में कई ऐसे पेड़ या पौधे बताये गए हैं जिनके पास दीया जलाना शुभ माना जाता है । ऐसी मान्यता है कि इन पेड़ या पौधों के पास दीया जलाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। हालांकि हर पेड़ या पौधे के पास दीया जलाने से अलग-अलग लाभ मिलते हैं। दरअसल, हिंदू कहानियों में भगवान शिव बहुत महत्वपूर्ण हैं और लोग सोचते हैं कि वे बहुत खास हैं और वे अलग-अलग तरीकों से उनकी पूजा करते हैं और उनसे मदद मांगने के लिए विशेष कार्य करते हैं। एक काम जो वे करते हैं वह है एक विशेष पेड़ के नीचे दीपक जलाना जिसे बेलपत्र का पेड़ कहा जाता है। यह लेख बताता है कि लोग ऐसा क्यों करते हैं, किसे करना चाहिए और भगवान शिव के लिए बेलपत्र का पेड़ क्यों महत्वपूर्ण है।

बेलपत्र का पौधा भगवान शिव को अति प्रिय माना जाता है। साथ ही,कुछ शास्त्रों के अनुसार ऐसा माना जाता है। की माता पार्वती के पसीने से बेलपत्र पेड़ की उत्पति हुई हैं। इसलिए बेलपत्र का पेड़ भगवान शिव को अतिप्रिय हैं। इसी प्रकार बेलपत्र पेड़ में माता पार्वती का वास होता है ।

- बेलपत्र के पौधे के पास दीया जलाने से मां लक्ष्मी का घर में वास होता है और धन अलाभ के योग बनते हैं। घर की आर्थिक स्थिति सुधरने लगती है और तंगी, कर्ज, अधिक खर्च आदि समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।
- बेलपत्र के पौधे के पास दीया जलाने से भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है और उनकी कृपा से जीवन के दुःख दूर हो जाते हैं। जीवन में खुशहाली का आगमन होता है और हर एक काम में सफलता मिलने लग जाती है।
- बेलपत्र का पौधा अगर घर में है तो रोजाना शाम के समय बेलपत्र के पौधे के पास सरसों के तेल का दीया जलाना चाहिए। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा भी दूर होती है और घर में शांति का वास स्थापित होने लग जाता है।
- बेलपत्र के पौधे के पास दीया जलाने से घर में पसरा हुआ पारिवारिक क्लेश दूर होता है. इसके अलावा, ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना जाता है कि बलपत्र के पौधे के पास दीया जलाने से ग्रह दोष एवं वास्तु दोष भी खत्म हो दाता है।



# कुबेर मंत्र क्या है, जानें इसके जपते ही कैसे होती है धन की वर्षा

कुबेर मंत्र का महत्व हिंदू धर्म में विशेष माना जाता है। कुबेर मंत्र का उच्चारण और उसके जाप का माना जाता है कि यह धन, संपत्ति, और धन के स्रोत को प्राप्त करने में सहायक होता है। कुबेर वैश्रवण, धन का देवता माना जाता है और उन्हें पूजा और आराधना का विषय बनाया जाता है। कुबेर मंत्र के जाप का उच्चारण करने से व्यक्ति को धन, संपत्ति, और लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है, जो उनके जीवन में समृद्धि और सम्पत्ति की वृद्धि करती है। इस प्रकार, कुबेर मंत्र का महत्व है कि यह व्यक्ति को साधनों की प्राप्ति और आर्थिक स्थिरता की प्राप्ति में सहायक होता है।

**कुबेर मंत्र:** ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्त-ेश्वराय नमः

**अर्थ:** ॐ: पवित्र शब्द जो ब्रह्मांड की ऊर्जा का प्रतीक है।

श्रीं: देवी लक्ष्मी का बीज मंत्र, जो समृद्धि और धन का प्रतीक है।

ह्रीं: भगवान शिव का बीज मंत्र, जो शक्ति और सफलता का प्रतीक है।

क्लीं: देवी सरस्वती का बीज मंत्र, जो ज्ञान और शिक्षा का प्रतीक है।

वित्तेश्वराय: भगवान कुबेर का नाम, जो धन और समृद्धि के देवता हैं।

नमः: भक्ति और सम्मान का प्रतीक।

**कुबेर मंत्र के लाभ :-** धन और समृद्धि में वृद्धि होती है। कुबेर मंत्र का जप करने से भगवान कुबेर की कृपा प्राप्त होती है, जो धन और समृद्धि के देवता हैं। आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। यह मंत्र आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में मददगार माना जाता है। व्यापार और व्यवसाय में सफलता मिलेगी। यह मंत्र व्यापार और व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में सहायक माना जाता है। नौकरी और करियर में उन्नति होगी। यह मंत्र नौकरी और करियर में उन्नति प्राप्त करने में मददगार माना जाता है। घर में सुख-शांति और समृद्धि यह मंत्र घर में सुख-शांति और समृद्धि लाने में सहायक माना जाता है। यह मंत्र नकारात्मक ऊर्जा से बचाव करने में मददगार माना जाता है।




**कुबेर मंत्र जपने की विधि :-** सुबह स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनें। किसी शांत स्थान पर बैठें। तुलसी की माला या रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करें। मंत्र का 108 बार जप करें। जप करते समय ध्यान भगवान कुबेर पर केंद्रित करें। जप के बाद भगवान कुबेर से प्रार्थना करें।

कुबेर मंत्र जपते समय इन बातों का ध्यान रखें। मंत्र का जप नियमित रूप से करें। जप करते समय मन शांत और एकाग्र रखें। जप के बाद भगवान कुबेर को भोग लगाएं। दान और पुण्य कार्य करें।

**अन्य मंत्र जो धन और समृद्धि के लिए लाभकारी हैं:**

ॐ श्रीं लक्ष्मी नमः
ॐ ह्रीं श्रीं लक्ष्मी वासुदेवाय नमः
ॐ क्लीं श्रीं महालक्ष्मी नमः

इसके अलावा आप धन समृद्धि चाहते हैं तो घर में तुलसी का पौधा लगाएं। शुक्रवार को देवी लक्ष्मी की पूजा करें। दान और पुण्य कार्य करें। सकारात्मक सोच रखें। धन और समृद्धि केवल मंत्र जपने या उपाय करने से नहीं मिलती है। इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन भी जरूरी है। धैर्य रखें और निराश न हों।



# मैं बहुत खुश हूं कि रजाकार में मेरे किरदार को इतनी सराहना मिल रही है: अभिनेत्री अनुश्री

तेलंगाना के सशस्त्र संघर्ष का इतिहास में एक विशेष स्थान है। सशस्त्र युद्ध के मैदान में कूदे लोगों का संघर्ष आज भी जीवित है। ऐसी कहानी को रजाकार के रूप में भावनात्मक तरीके से पेश करने की कोशिश को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में मेरे किरदार को मिली स्वीकृति से मुझे बहुत खुशी मिली है। अभिनेत्री अनुश्री. गुडुरु नारायण रेड्डी द्वारा निर्मित, रजाकार में बॉबी सिम्हा, मकरंद देश पांडे, अनुश्री, अनसूया, प्रेमा मुख्य भूमिका में हैं, और यता सत्यनारायण द्वारा निर्देशित है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में इसमें अहम भूमिका निभाने वाली अनुश्री ने फिल्म की खूबियां साझा कीं.उन्होंने कहा फिल्म रजाकार को इतना सपोर्ट करने के लिए दर्शकों को धन्यवाद. रजाकार इसी धरती की कहानी है. फिल्म को मिले रिस्पॉन्स से मुझे काफी खुशी मिली है। फिल्म देखने के बाद दर्शक काफी इमोशनल हो रहे हैं. फिल्म देखते समय दर्शकों की आंखों में देशभक्ति नजर आई। जब मैंने सिनेमाघरों में वंदे मातरम और भारत माथकी जय के नारे लगते देखे, तो मुझे ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई। मुझे इतनी अच्छी फिल्म में मौका देने के लिए निर्देशक यता सत्यनारायण और निर्माता गुडुरु नारायण रेड्डी को धन्यवाद।मैंने बैंगलोर में कॉलेज की पढ़ाई की। मैं वहां के थिएटर ग्रुप का भी सदस्य हूं. यहीं पर अभिनय में रुचि बढ़ी। मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना और उनमें डूब जाना पसंद था। कॉलेज पूरा करने के बाद मेरे पिता चाहते थे कि मैं सिविल की पढ़ाई करूँ। मैं लगभग तीन वर्षों से अध्ययन कर रहा हूं। लेकिन अभिनेत्री बनने की चाहत प्रबल थी. मैं उस सपने को पूरा करने के लिए हैदराबाद आया था। मैंने यहां थिएटर वर्कशॉप कीं। मैंने इस फिल्म में एक भूमिका के लिए निर्देशक से संपर्क किया। तब वह निज़ाम की पत्नी की भूमिका की तलाश में थे। उन्हें लगा कि मैं उस भूमिका के लिए उपयुक्त हूं.इसमें वह निज़ाम की पत्नी के रूप में नज़र आईं। यह एक बहुत ही मजबूत लेकिन संवेदनशील किरदार है। वह पात्र जो निज़ाम को वास्तविक स्थिति से अवगत कराता है। जब कहानी सुनाई गई तो मेरी भूमिका चुनौतीपूर्ण लगी। साथ ही इसमें एकमात्र ग्लैमर रोल भी मेरा ही है। इतनी मजबूत कहानी और किरदार के साथ अपना करियर शुरू करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस रोल के लिए मैंने तीन महीने तक मेथड ट्रेनिंग भी ली। मकरंद देश पांडे के साथ लुक टेस्ट के बाद मेरा चयन हो गया। मुझे लगता है कि यह भूमिका मेरे करियर के लिए बेहतरीन होगी।रजाकार में अभिनय करना एक बेहतरीन अनुभव था। कई मशहूर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिल रहा है. बॉबी सिम्हा, राज अर्जुन के साथ मकरंद देश पांडे जैसे अद्भुत अभिनेता के साथ स्क्रीन साझा करना एक शानदार एहसास है। मैंने उनसे बहुत सी चीजें सीखीं।

# द प्राइड ऑफ भारत-छत्रपति शिवाजी महाराज में आशा भोसले की पोती आएंगी नजर






भारतीय सिनेमा की जानी-मानी गायिका आशा भोंसले की पोती और गायिका जनाई भोंसले अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।वह फिल्म द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज में नजर आएंगी।संदीप सिंह इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर निर्देशन अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसे लेकर वो काफी उत्साहित हैं।फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज में जनाई शिवाजी महाराज की पत्नी महारानी साई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी।फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। यह फिल्म 19 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।एक कार्यक्रम में जनाई ने कहा, माफ करना, आज मैं कुछ नहीं बोल पाउंगी। ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। आप सब लोगों के साथ ऐसा मौका मिला। सॉरी। धन्यवाद।फिल्म का पहला पोस्टर भी सामना आया है, जिसे दर्शकों का काफी प्यार मिल रहा है।कास्टिंग के बारे में बात करते हुए संदीप ने कहा, मैं जनाई भोसले को लॉन्च करते हुए बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की वंशज हैं। साथ ही वह दिवंगत लता मंगेशकर, और आशा भोसले जैसी प्रतिभा के परिवार से नाता रखती हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से ही एक भावपूर्ण आवाज उपहार में मिली है। साथ ही वह संगीत का शौक भी रखती हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोग जानते है कि वह एक अच्छी डांसर भी हैं। वह अपने किरदार रानी साईं बाई के साथ पूरा न्याय करेंगी।इमर्सो स्टूडियो और लीजेंड स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म 19 फरवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रिलीज होगी।

# परवीन बॉबी का दीवाना हो गया था ऑस्ट्रेलिया का इंजीनियर

## मिलने के लिए आया मुंबई और बन गया हिंदी फिल्मों का विलेन



90 के दशक की फिल्मों में अक्सर आपने एक अंग्रेज को विलेन का रोल करते हुए देखा होगा। फिल्म 'मर्द' से लेकर 'कालिया' और 'मिस्टर इंडिया' जैसी बड़ी फिल्मों में इन्होंने कई बड़े रोल निभाए। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के मशहूर विलेन बॉब क्रिस्टो की। बॉब भले ही फिल्मों में लड़ाई-झगड़े करते थे लेकिन उनकी असल जिंदगी में रोमांस के रंग भी बड़े दिलचस्प थे। बॉब का भारत पहुंचने का किस्सा भी बड़ा मजेदार था। वो मस्कट के लिए ऑस्ट्रेलिया से निकले लेकिन वीजा नहीं मिला तो भारत में ही रुकना पड़ा था। एक दिन बॉब क्रिस्टो ने एक मैगजीन में फेमस एक्ट्रेस परवीन बाबी की एक तस्वीर देखी और उन्हें देखते ही रह गए। परवीन से मिलने की ख्वाहिश लिए बॉब मुंबई पहुंचे। इसके बाद का किस्सा बेहद दिलचस्प है। आइए जानते हैं खतरनाक विदेशी विलेन की स्टोरी।।।

बॉब क्रिस्टो की पर्सनल लाइफ

बॉलीवुड के खतरनाक विदेशी विलेन बॉब क्रिस्टो का जन्म ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 1938 में हुआ था। वर्ल्ड वॉर-2 में पिता के साथ जर्मनी गए। वहां दादी और बुआ ने इन्हें पाला था। बॉब कुछ समय तक थिएटर में काम करते रहे लेकिन इस फील्ड में करियर नहीं बनाया। सिविल इंजीनियरिंग में पढ़ाई करने के बाद इसी में अपना करियर बनाया। थिएटर करने के दौरान ही बॉब की मुलाकात हेल्गा से हुई जो बाद में उनकी जीवनसाथी बनीं। दोनों के तीन बच्चे हुए। परिवार बसा ही थी कि कुछ सालों में ही एक कार एक्सीडेंट में हेल्गा की मौत हो गई। इसके बाद बॉब ने नरगिस नाम की एक महिला से दूसरी शादी की। जिनसे एक बेटा भी हुआ। 20 मार्च, 2011 को हार्ट अटैक से बॉब का निधन हो गया था।

परवीन बॉबी की फोटो देख हो गए थे दीवाने

एक बार एक इंटरव्यू में बॉब क्रिस्टो ने दिलचस्प किस्सा शेयर करते हुए बताया था कि उन्होंने एक मैगजीन के कवर पेज पर परवीन बॉबी की तस्वीर देखी तो देखते ही रह गए थे। उनसे मिलने की ख्वाहिश जगी। जब मुंबई आए तो चर्च गेट के पास उनकी मुलाकात एक फिल्म यूनिट से हुई। जहां पता चला कि कैमरामैन अगले दिन फिल्म 'द बर्निंग ट्रेन' के सेट पर परवीन बॉबी से मिलेगा। फिर अगले दिन उसकी मदद से बॉब परवीन बॉबी से मिलने पहुंच गए। वो कैमरामैन से परवीन बॉबी को लेकर बात कर ही रहे थे कि तभी पीछे से एक लड़की की आवाज आई। बॉब ने मुड़कर देखा तो परवीन बॉबी वहां थीं। वह उनके पास गए और बोले- आप परवीन बॉबी नहीं हैं। मैगजीन की कवर दिखाते हुए कहा ये लड़की परवीन है।

बॉब-परवीन में इस तरह हुई दोस्ती

बॉब की इस बात को सुनकर परवीन कुछ देर तक हंसती रहीं। फिर थोड़ा रुककर बोलीं- कभी भी शूटिंग के अलावा मेकअप नहीं करती। जिसके बाद दोनों की दोस्ती हो गई। कुछ समय बाद बॉब क्रिस्टो का नाम परवीन के साथ भी जुड़ा था लेकिन इस बात की कभी पुष्टि नहीं हुई। आगे चलकर बॉब को परवीन के साथ फिल्मों में काम करने का मौका मिला और दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया।दोनों एक-दूसरे के पड़ोस में रहते थे। सबसे पहले संजय खान ने बॉब को 1980 में आई फिल्म 'अब्दुल्ला' में विलन का रोल दिया। इसके बाद उन्होंने 'कुर्बानी', 'कालिया', 'नास्तिक', 'मर्द', 'मिस्टर इंडिया' , 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'गुमराह' जैसी फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया।



# प्रियंका चहर चौधरी ने गोल्डन बॉडीकॉन ड्रेस पहन दिए सेक्सी पोज

अपनी खूबसूरती और हॉटनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चहर चौधरी सोशल मीडिया पर बेहद मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कने लगेगा। प्रियंका चहर चौधरी ने गोल्डन कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया। अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चौधरी एक बार फिर अपने फोटोशूट को लेकर चर्चा का विषय बन गई हैं।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि उनका हर एक लुक इंस्टा पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट करते हैं।एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस के दिल मोह लिया है और वे उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



सारा अली खान को हाल ही मुंबई में शनि मंदिर के बाहर स्पॉट किया गया, जहां सारा गरीब लोगों की मदद करती नजर आ रही थी, पर जब उन्हें पैपराजी ने अपने कैमरे में शूट कर रहे थे, तो वहां सारा उन्हें मना करती नजर आई, जिसके बाद भी पैपराजी ने अपने कैमरे में उन्हें कैद कर दिया। आउटफिट की बात करें तो सारा ने ऑरेंज कलर का टॉप और ब्लैक कलर की पेंट पहनी थी। हाल ही में सारा की फिल्म मर्डर मुबारक और ए वतन मेरे वतन ओटीटी पर आई थी जिन्हें फैंस का खूब प्यार भी मिला। आपको बता दें कि सारा अपने काइंड नेचर से अक्सर अपने फैंस का दिल जीत लेती है, और इस वीडियो में भी वह कुछ ऐसा ही करती नजर आ रही है।

# राम चरण के बर्थडे पर 'गेम चेंजर' का धमाका




टॉलीवुड सुपरस्टार राम चरण आज अपना 39वां बर्थडे मना हैं। इस खास मौके पर सुपरस्टार राम चरण की अपकमिंग मूवी 'गेम चेंजर' से मेकर्स ने पहला गाना रिलीज कर दिया है। सुपरस्टार राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर मूवी 'गेम चेंजर' का पहला गाना 'जगरकंदी' रिलीज हुआ है। जो काफी रंगीन और धमाकेदार म्यूजिक से लबरेज है। सामने आए निर्देशक शंकर की अपकमिंग मूवी के इस पहले गाने को मेकर्स ने सुपरस्टार राम चरण के बर्थडे के दिन 3 भाषाओं में रिलीज किया है। फिल्म के गाने को पहले तेलुगु, तमिल के साथ-साथ हिंदी में भी जारी कर दिया है। जो इंटरनेट की दुनिया में आते ही छाने लगा। यहां देखें रिलीज हुआ राम चरण और कियारा आडवाणी की अपकमिंग मूवी का धांसू गाना।

**लोगों को पसंद आया 'गेम चेंजर' का पहला गाना**

सुपरस्टार राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर मूवी 'गेमचेंजर' का पहला गाना आते ही सोशल मीडिया पर छाने लगा है। इस मूवी के गाने को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। खासकर तमिल और तेलुगु भाषा में फिल्म के पहले गाने को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हालांकि हिंदी भाषा में इस गाने को उतना अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है। तमिल-तेलुगु में जरूर ये गाना आते ही दर्शकों की जुबां पर चढ़ता दिखा। इस गाने पर रिएक्टर करते हुए लोगों ने इसे सुपरहिट बता डाला है। एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में ये गाना इस वक्त खासा चर्चा में हैं। यहां देखें लोगों के रिएक्शन्स।

**कब रिलीज होगी राम चरण की मूवी 'गेम चेंजर'**

बता दें कि सुपरस्टार राम चरम और कियारा आडवाणी स्टारर इस मूवी को निर्देशक शंकर ने बनाया है। सुपरस्टार राम चरण की इस फिल्म को मेकर्स इसी साल सितंबर 2024 तक रिलीज करने वाले हैं। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट का मेकर्स ने अभी तक ऐलान नहीं किया है। ये एक सोशल ड्रामा मूवी है। जिसमें पहली दफा राम चरण ने निर्देशक शंकर के साथ काम किया है। यही वजह है कि मूवी को लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। तो क्या आप इस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बता सकते हैं।



# सबसे खराब रिव्यू... नजमुल हसन शांतो के डीआरएस पर क्रिकेट जगत हैरान

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।** क्रिकेट जगत उस वक्त हैरान रह गया जब बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने श्रीलंका के खिलाफ डीआरएस लिया। क्रिकेट फैंस ने इसे इतिहास में लिए गए सभी रिव्यू में खराब डीआरएस करार दिया है।

चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में, बांग्लादेश के कप्तान द्वारा किए गए फैसले से अंपायर और श्रीलंकाई बल्लेबाज दोनों चकित थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इस फैसले की खूब अलोचना हुई।

### शांतो ने लिया सबसे खराब डीआरएस

दरअसल, 30 मार्च को बांग्लादेंश और श्रीलंका दूसरे टेस्ट के दौरान एक दूसरे के सामने आए। श्रीलंका की पहली पारी के दौरान कुसल मेंडिस को आउट करने के लिए नजमुल हसन शांतो ने डीआरएस लिया था। ताइजुल इस्लाम की गेंद पर मेंडिस ने आगे आकर बॉल को डिफेंस किया था। इस पर शांतो ने कुछ देर साथी खिड़ियों से बात की, उसके बाद डीआरएस का इशारा कर दिया।

### क्रिकेट रह गया हैरान -

बाद में थर्ड अंपायर ने रिप्ले में देखा की गेंद सीधे जाकर बल्ले पर जाकर लगी थी। थर्ड अंपायर ने मेंडिस को नॉट आउट करार दिया। रिप्ले देखकर मैदान पर उपस्थित सभी खिलाड़ी हंसते हुए दिखाई दिए। वहीं, मेंडिस के साथ-साथ अंपयार भी हैरान रह गए। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, फैंस शांतो की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

बता दें कि श्रीलंका ने पहले दिन स्टंप्स तक 4 विकेट पर 314 रन बना लिए हैं। दिनेश चंडमल 34 और धनंजय डी सिल्वा 15 रन बनाकर नाबाद लौटे। कुसल मेंडिस ने 93 रन और करुणारत्ने ने 86 रन का योगदान दिया। निसान मदुशका ने 57 बनाए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बाबर पाकिस्तान के वनडे और टी-20 के कप्तान बने: बोर्ड ने फिर कमान सौंपी, वनडे वर्ल्ड कप के बाद छोड़ी थी कप्तानी

नई दिल्ली। बाबर आजम फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वाइट-बॉल (वनडे और टी-20) के कप्तान नियुक्त किए गए हैं।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसका ऐलान किया। पाकिस्तान का वनडे वर्ल्ड कप 2023 में खराब प्रदर्शन रहा था। वर्ल्ड कप के बाद ही बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद टेस्ट का कप्तान शान मसूद को और टी-20 फॉर्मेट का कप्तान शाहीन अफरीदी को बनाया गया था। बाबर की कप्तानी में टीम वनडे और टी-20 की टीम रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंची बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान टीम वनडे और टी-20 की टीम रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंची थी। उन्हीं की कप्तानी में टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा शाहीन अफरीदी की कप्तानी में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार झेलनी पड़ी थी।

# इंडियन प्रीमियर लीग -2024 में गुजरात की दूसरी जीत

## मिलर ने छक्का मारकर जिताया, हैदराबाद को 7 विकेट से मात दी



**अहमदाबाद, 31 मार्च (एजेंसियां)।** गुजरात टाइटंस के सबसे अनुभवी गेंदबाजों में से एक मोहित शर्मा अपनी घातक गेंदबाजी से इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में भी धमाल मचा रहे हैं।

खास तौर से डेथ ओवर्स में तो मोहित अपने स्लोअर गेंद से बल्लेबाजों के लिए काल बने हुए हैं। ऐसा ही कुछ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ देखने को मिला। 17 वें सीजन के 12वें मैच में मोहित ने सनराइजर्स के लिए अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 25 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। मोहित ने मैच में अभिषेक शर्मा, शहबाज अहमद और वॉशिंगटन सुंदर को अपना शिकार बनाया।

मोहित शर्मा की दमदार गेंदबाजी के अलावा अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। पिछले मैच में 277 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सनराजइर्स ने पावरप्ले के भीतर एक विकेट खोकर 56 रन बनाये लेकिन उसके बाद अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया।

नूर ने 32 रन देकर और राशिद ने 33 रन देकर एक एक विकेट लिया। नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) को सस्ते में आउट किया जबकि राशिद ने हेनरिच क्लासेन (24) को पवेलियन भेजा। राशिद ने डाइव करके एडेन मार्कराम का कैच भी लपका। सनराइजर्स ने आखिरी पांच ओवर में पांच विकेट सिर्फ 40 रन के भीतर गंवा दिए।

### टॉस जीतकर सनराइजर्स ने लिया था बैटिंग

पिछले मैच में तेजी से रन बनाने के बाद सनराइजर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। ट्रेविस हेड ने अच्छे स्ट्रोक्स लगाए, लेकिन मयंक अग्रवाल (16) सहज नहीं दिखे जिन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने पवेलियन भेजा। पिछले मैच के नायक अभिषेक शर्मा ने राशिद को दो छक्के लगाये लेकिन कलाई के स्पिनर नूर ने सनराइजर्स की रनगति पर अंकुश लगाया। हेड उनकी गेंद पर चकमा खाकर बोल्ड हो गए। इस बीच राशिद ने दूसरे ओवर में सिर्फ चार रन दिये।

शुभमन गिल ने दसवें ओवर में मोहित को गेंद सौंपने का शानदार फैसला लिया। मोहित ने क्रीज पर जम चुके अभिषेक (29) को आउट किया। इस बीच क्लासेन ने नूर को उनके आखिरी ओवर में दो चौके जड़े।

राशिद ने 14वें ओवर में क्लासेन को आउट करके फिर सनराइजर्स पर दबाव बनाया। अगले ओवर में राशिद ने डाइव लगाकर डीप में मार्कराम (17) का कैच लपका।

# गोवा में महिला फुटबॉलरों के साथ एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा ने की मारपीट, अंडे को लेकर शुरू हुआ था विवाद



**गगरेट, 31 मार्च (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के फुटबॉल क्लब खड्ड की दो खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खिलाड़ियों के अनुसार, शर्मा ने गोवा में चल रही भारतीय महिला लीग-2 के दौरान एक होटल के कमरे में उनकी पिटाई की। इन खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के पास शिकायत की है।

### घटना के समय नशे में थे दीपक शर्मा

दीपक शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव और एआईएफएफ की प्रतियोगिता समिति के उपाध्यक्ष हैं। खिलाड़ियों का यह भी आरोप है कि घटना के समय शर्मा नशे में थे और जब वे हिमाचल प्रदेश से गोवा जा रहे थे तो उनके सामने भी शराब पी रहे थे।

फुटबॉल खिलाड़ी पलक वर्मा ने इस घटना के बारे में बताया कि उस दिन मैं घायल हो गई थी और अपने कमरे में अंडे लेकर आई थी।

### अंडे को लेकर शुरू हुई बहस

रात को रूममेट लड़की के साथ रसोई में अंडे बना रही थी। उस समय सर ने हमें अपने कमरे में बुलाया। दूसरी लड़की उनके कमरे में गई और उनसे पूछा कि क्या कर रहे हैं। उसने बताया कि अंडा तैयार किया जा रहा है। सर ने उस लड़की को डांटा और फिर मुझे बुलाया। उन्होंने अभद्र तरीके से पूछा कि अंडा क्यों बना रही हो। इस पर पलक ने कहा कि खाना खत्म हो गया है और इसलिए अंडा बना रही थी। शर्मा उस समय नशे में थे। उन्होंने मुझसे अंडे फेंकने के लिए कहा।

### ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन ने गठित की कमेटी

मैं रोने लगी और अपने कमरे में आकर दरवाजा पीटने लगी। यह सुनते ही सर मेरे कमरे में पहुंचे और मुझे पीटने लगे। मेरी रूममेट ने उन्हें रोका तो वह चले गए। इस मामले पर दीपक शर्मा का पक्ष जानने के लिए उन्हें कई बार फोन करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। हालांकि मामले की जांच के लिए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने चार सदस्यीय कमेटी गठित की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### श्रीलंका को ...

285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया। कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया।

यह द्वीप सामरिक महत्व का था और इसका उपयोग मछुआरे करते थे। हालांकि इस द्वीप पर श्रीलंका लगातार दावा जताता रहा। यह मुद्दा तब उभरा जब भारत-श्रीलंका ने समुद्री सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने कड़ा विरोध किया था।श्रीलंका में अलगाववादी समूह लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) के सक्रिय वर्षों के दौरान, श्रीलंकाई सरकार ने सैन्य अभियानों के मुद्दों को उठाते हुए पानी में श्रीलंकाई मछुआरों की आसान आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया था। 2009 में, श्रीलंका ने पाक जलडमरूमध्य में अपनी समुद्री सीमा की कड़ी सुरक्षा शुरू कर दी। 2010 में एलटीटीई के साथ संघर्ष की समाप्ति के साथ श्रीलंकाई मछुआरों ने फिर से पाक खाड़ी में अपना आंदोलन शुरू कर दिया और अपने खोए हुए क्षेत्र को दोबारा हासिल कर लिया।तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुनः प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि श्रीलंका को कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पीएम मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुनः प्राप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि पारंपरिक तमिल मछुआरों के मछली पकड़ने के अधिकार अप्रभावित रहें, इसलिए इस संबंध में कार्रवाई करने का यह सही समय है। इससे पूर्व पीएम मोदी ने रविवार सुबह सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट के जरिए इस बाबत अपना कड़ा विरोध जताया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मोदी पूरी ताकत से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत, मेरा परिवार है। बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक से जमानत नहीं मिल रही है। इसलिए कई बड़े बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा कि कहीं बिस्तर से नोट निकल रहे हैं। कहीं दीवारों से निकल रहे हैं। अभी-अभी तो मैंने देखा वॉशिंग मशीन में नोटों के ढेर थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं करप्शन पर एक्शन ले रहा हूं। उससे कुछ लोग आपा खो बैठे हैं। मैं कहता हूं कि मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ। वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। यह चुनाव इन दोनों खेमो की लड़ाई है। एक खेमा करप्शन हटाने के लिए आया है। एक बचाने के लिए मैदान में है। फैसला आपको करना है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी का सपना भी है। मोदी की गारंटी भी है। 2029 में मुझसे हिसाब भी मांग लेना। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम किया जा रहा। नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। देश में 10 साल में करप्शन के खिलाफ कितनी बड़ी लड़ाई शुरू की है। हमारी सरकार ने 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए हैं। पहले ऐसी सरकार चलती थी, जिसका जन्म नहीं हुआ। ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ नाम हटाने की मोदी ने हिम्मत की है। ऐसा करके हमने आपके देशवासियों के पौने 3 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं।

### मोदी की गारंटी पर...

मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावी रण में रविवार को मेरठ में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन की अपील की। सीएम योगी ने मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान को जिताने की अपील की। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्ष के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी और कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा उठाकर दंगावादी-कर्फ्यूवादी लोग न केवल आजीविका पर प्रहार करेंगे, बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा पर प्रहार करेंगे, बल्कि विकास को बाधित करने का भी प्रयास करेंगे। आज एक तरफ भाजपा व सहयोगी दल पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए पूरी मुश्तैदी व मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद व जातिवाद के आधार पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का है, जिन लोगों ने सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है। यह चुनाव फैमिली फस्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है। एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। हमें तय करना है कि हमें कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। सीएम योगी ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए पीएम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। सीएम ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो।सीएम योगी ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तकदीर व तस्वीर बदलकर नए भारत का दर्शन कराया है। यूपी के विकास में जो तत्व बाधक थे, उन बाधाओं को दूर कराकर उप्र को नेतृत्व व मार्गदर्शन देकर नए भारत के नए उप्र को प्रस्तुत किया है। पीएम ने मेरठ को विकास की अनेक सौगातें दीं। 12 लेन का एक्सप्रेसवे हाइवे, खेल विश्वविद्यालय, ओडीओपी के माध्यम से यहां उत्पाद को वैश्विक मान्यता प्रदान करने का कार्य, रेल-रोड-एयरकनेक्टिविटी को नए आयाम की ओर ले जाने का कार्य किया गया। इस क्षेत्र में आपके मार्गदर्शन में अन्नदाता किसानों के लिए अभूतपूर्व कार्य हुआ। महज सात वर्ष में उप्र के गन्ना किसानों को ढाई लाख करोड़ से अधिक की धनराशि खातों में भेजी गई। मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल का पुनरोद्धार हुआ तो छपरौली चीनी मिल को नए सिरे से बनाने का कार्य हुआ है।

### गोवा चुनाव प्रचार...

आम आदमी पार्टी को दी गई कुल 100 करोड़ रुपये की रिश्वत राशि का हिस्सा है। ईडी का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा चुनाव प्रचार के लिए इन्ही रुपयों में से 45 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

गौरतलब है कि ईडी ने ये दावा तब किया है, जब हाल ही में इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही कहा गया था कि मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर उनके और उनकी पार्टी पर मुकदमे की कार्रवाई हो सकती है। शराब घोटाले में ईडी दिल्ली सीएम से पहले 16 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। इन प्रमुख व्यक्तियों में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के कविता, दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह शामिल हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं ने घोटाले के आरोपों से बार-बार इनकार किया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि यह मामला भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आप को एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में पेश करने के लिए गढ़ा है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि मामले में शामिल अन्य लोगों जैसे टीडीपी के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, उनके बेटे राघव मगुंटा और व्यवसायी और अरबिंदो फार्मा के प्रमोटर सरथ रेड्डी के बयान केजरीवाल को फंसाने और आगामी आम चुनावों में उनकी भागीदारी को रोकने के लिए बदल दिए गए थे।

### मदरसा शिक्षक ...

चाकू पर भी मौलवी के कपड़े का एक टुकड़ा मिला था। हमने सभी सबूत जमा कर दिए थे। मौलवी की पत्नी अदालत में ही मीडिया के सामने रो पड़ीं और कहा कि आदेश निराशाजनक हैं। मौलवी के परिवारों के सदस्यों का कहना है कि उन्होंने मामले में इस तरह के फैसले की कभी उम्मीद नहीं की थी। बता दें, अदालत ने मामले में 97 गवाहों, 215 दस्तावेजों और 45 भौतिक साक्ष्यों की जांच की है।

### जगन्नाथ मंदिर में ...

कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया। पुरी के डीएसपी सिटी प्रशांत कुमार साहू ने कहा कि हमने विदेशी पर्यटक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। इससे पहले 23 मार्च को पोलैंड की एक महिला को मंदिर में प्रवेश करने पर हिरासत में लिया गया था। इसके ठीक एक हफ्ते बाद ब्रिटिश नागरिक थॉमस को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर में प्रवेश करते समय पकड़ा गया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था।

### बीआरएस नेता कडियम...

वारंगल लोकसभा सीट से बीआरएस से चुनाव लड़ने से पीछे हटते हुए काव्या ने बीआरएस प्रमुख केसीआर को लिखा कि पार्टी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार, अतिक्रमण, फोन टैपिंग और शराब घोटाले के आरोपों ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिले में बीआरएस नेताओं के बीच समन्वय और सहयोग की कमी के कारण पार्टी कमजोर हुई है। बीआरएस ने मौजूदा सांसद पसुनुरी दयाकर का टिकट काटने के बाद काव्या को मैदान में उतारने का फैसला किया था। इससे नाराज होकर दयाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। दयाकर 2015 के उपचुनाव में और 2019 में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट वारंगल से चुने गए थे। एक प्रमुख एससी नेता श्रीहरि ने 1980 के दशक में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। उन्होंने संयुक्त आंध्रप्रदेश में एन. टी. रामाराव और चंद्रबाबू नायडू के मंत्रिमंडलों में मंत्री के रूप में भी काम किया। वह टीडीपी महासचिव और पोलित ब्यूरो के सदस्य भी रहे। वारंगल जिले के स्टेशन घनपुर से चार बार विधायक रहे। वह 2013 में टीआरएस (अब बीआरएस) में शामिल हो गए।वह 2014 में टीआरएस के टिकट पर वारंगल से लोकसभा के लिए चुने गए, लेकिन अगले साल बीआरएस अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने उन्हें उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के रूप में कैबिनेट में शामिल किया। श्रीहरि ने दो दिन पहले दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं से मुलाकात के बाद कहा था कि विभिन्न कारणों से लोग बीआरएस से दूर जा रहे हैं। लोगों की सेवा करने और निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ करने के लिए हमें एक निर्णय लेना होगा। बीआरएस की हैदराबाद मेयर विजयलक्ष्मी गडवाल के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के एक दिन बाद श्रीहरि और उनकी बेटी कांग्रेस में शामिल हुए। विजयलक्ष्मी बीआरएस महासचिव और सांसद के. केशव राव की बेटी हैं, जिन्होंने भी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है।

### आपा का अलग...

जाएगा कि वह राज्य में कुछ नहीं है।

असम में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार उतारने के बारे में बोरा ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल स्थित एक क्षेत्रीय पार्टी है और पड़ोसी राज्य में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा, अगर वे अपने गढ़ में एक भी सीट देने को तैयार नहीं हैं, तो मैं असम के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यहां तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के साथ कैसे बैठ सकता हूं और उन्हें कैसे सीट दे सकता हूं? उनके साथ सबसे पहला मामला पश्चिम बंगाल का है, न कि असम। उन्होंने कहा कि जहां तक माकपा का सवाल है, वाम दल केरल में कांग्रेस के खिलाफ लड़ रही है और उसने असम में उम्मीदवार उतारा है। बोरा ने कहा, हालांकि इन तीनों पार्टियों का राज्य में कोई मत नहीं है लेकिन ये सभी भाजपा के खिलाफ विपक्षी ब्लॉक इंडिया का हिस्सा हैं। मैंने यह भी फैसला किया है कि मैं इन पार्टियों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलूंगा। असम में तीन चरणों में 19 व 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के तीन सांसद हैं, जबकि अन्य यूओएफए सदस्यों का राज्य से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। सत्तारूढ़ भाजपा के असम से नौ सांसद हैं जबकि एक सांसद एआईयूडीएफ के पास है और एक निर्दलीय के पास है।

### स्वदेशीकरण और तकनीकी...

सिंह ने कहा, यह विषय परिवर्तनकारी बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ-साथ हमारी परिचालन और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के समाधान के लिए आंतरिक विशेषज्ञता का उपयोग करने और घरेलू रक्षा उद्योग के सहयोग से इन परियोजनाओं को आकार देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी कमान ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भर होने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भौगोलिक रूप से देश के उद्योग केंद्रों के साथ स्थित होने और बड़ी संख्या में फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) होने के कारण, दक्षिणी कमान विभिन्न हथियार, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों और परिष्कृत गोला-बारूद के परीक्षणों के लिए परीक्षण केंद्र के रूप में कार्य करती है।

उन्होंने आगे कहा कि दक्षिणी कमान द्वारा किए गए सात नवाचारों को उत्पादन के लिए औद्योगिक भागीदारों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ-साथ पैन-सेना कार्यान्वयन के लिए चुना गया है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से

**लखनऊ, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत पहली अप्रैल (सोमवार) से हो रही है। 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान संचारी यानी वेक्टरजनित रोगों को नियंत्रित करने के लिए विविध गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसके लिए योगी सरकार ने विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से यह अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने लोगों से भी अपील की है कि अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही उन स्थानों से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम को अवगत कराएं, जहां मच्छर पनपते हैं।




शासन ने बढ़ते तापमान को देखते हुए वेक्टरजनित और जलजनित रोगों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत गर्मी से संबंधित रोगों के बारे में विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले करने को कहा गया है। हीट वेब से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों को विद्यालयों एवं आम जनमानस में भी व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2025 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य पाने के लिए इस वर्ष 2024 के अंत तक यूपी के 15 जिलों को पूर्ण रूप से मलेरिया मुक्त किया जाना निर्धारित है। यह जिले अमेठी, चंदौली, सहारनपुर, मथुरा, चित्रकूट, महोबा, रायबरेली, मैनपुरी, ललितपुर, बस्ती, गाजीपुर, आजमगढ़, देवरिया, जालौन और अंबेडकरनगर हैं।

प्रदेश के सभी जिलों में 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी चलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ़्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। साथ ही क्षेत्रवार घरों की सूची जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, इसका विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से संचारी और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, वाणिज्य कर-मनोरंजन विभाग तथा सूचना जनसम्पर्क विभाग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग की भूमिका में होगा।

अभियान के दौरान जिलों में आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा आईडी) भी बनाई जाएगी। इससे मरीजों के उपचार करने में सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के पास यह भी जानकारी रहेगी कि मरीज का किस बीमारी का कब इलाज हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ अभियान की लगातार मानीटरिंग करेंगे। किस विभाग ने क्या और कितना काम किया, इस पर भी निगाह रखी जाएगी।

## सादाबाद विधायक प्रदीप चौधरी को दो माह कैद की सजा

**हाथरस, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

सादाबाद विधायक प्रदीप कुमार चौधरी उर्फ गुड्डू भैया को आदर्श आचार संहिता एवं कोविद-19 के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने दोषी करार देते हुए दो माह कैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने विधायक पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। हालांकि विधायक को न्यायालय ने उक्त मामले में जमानत दे दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर पैरवी करने वाले अभियोजन अधिकारी कृपाशंकर यादव ने बताया कि तत्कालीन एफएसटी प्रभारी सोहन सिंह पुत्र श्याम लाल ने थाना सादाबाद में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 19 फरवरी 2022 को सुबह समय करीब 10:15 बजे प्रदीप कुमार चौधरी उर्फ गुड्डू भैया पुत्र किरण सिंह निवासी ग्राम टिकैत थाना सादाबाद प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक दल विधानसभा सादाबाद के द्वारा अपने समर्थक करीब 100 से 150 व्यक्तियों के साथ प्रचार प्रसार ग्राम अरौठा में किया जा रहा था। इनके द्वारा आदर्श आचार संहिता एवं चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों व जिलाधिकारी हाथरस के द्वारा धारा 144 एवं कोविड-19 का उल्लंघन भी किया गया। इस मामले में थाना सादाबाद में मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचक ने विवेचना करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इंद्रेश के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने शनिवार को आरोपी प्रदीप चौधरी उर्फ गुड्डू को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 188 के तहत एक माह कैद की सजा सौ रुपये का अर्थदंड,आईपीसी की धारा 269 के तहत दो माह का कारावास एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

### रामपुर में बोले केशव प्रसाद : सपा होगी सफा

## प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतेंगे मोदी फिर से बनेंगे पीएम

**रामपुर, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रदेश में सपा अब सफा होगी जबकि प्रदेश में सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी। लोकसभा चुनाव में रामपुर क्षेत्र के स्वार विधानसभा की मसवासी नगर पंचायत में बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ये बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी पार्टी सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीड की हड्डी हैं। आप लोगों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमारा सबसे मजबूत कार्यकर्ता बूथ का अध्यक्ष होता है, जिसके ऊपर अपना बूथ जीतने की जिम्मेदारी होती है।



मैं पन्ना प्रमुखों को कहना चाहूंगा कि पार्टी के पक्ष में वोट करने के लिए सभी वोटरों को घर से बूथ तक पहुंचाना है। कोई भी वोट छूटना नहीं चाहिए। आपका डलाया एक-एक वोट हमें चुनाव में विजयी बनाएगा और हम भारी मतों से रामपुर लोकसभा की सीट जीतेंगे।

आप सभी के जोश और उत्साह को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि हम लोकसभा का चुनाव तो जीत ही रहे हैं। मोदी को लेकर जो लक्ष्य हम लोगों ने लिया है वह भी निश्चित पूरा करेंगे। हम अपने यूपी की सभी 80 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी के दिए हुए 400 प्लस के लक्ष्य को हम निश्चित प्राप्त करेंगे।

सम्मेलन में स्वार विधानसभा के समस्त सम्मानित बूथ अध्यक्षों, बूथ समिति के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुखों , सेक्टर संयोजकों , सेक्टर प्रभारी के साथ चुनाव प्रभारी हरि सिंह ढिल्लों, सह प्रभारी मंजू दिलेर, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, विधायक राजबाला, आकाश सक्सेना, शफीक अहमद, संयोजक सुरेश गंगवार सहित मौजूद रहे।

## टेंपो की टक्कर से सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी की मौत

**मैनपुरी, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में शनिवार को टेंपो की टक्कर लगने से घायल हुए सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी की मौत हो गई। रविवार की सुबह शव सीएचसी के बाहर मिला। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामला बेवर थाना क्षेत्र के सैदपुर रंपुरा गांव का है। गांव निवासी सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी 88 वर्षीय वीरेंद्र सिंह शनिवार की दोपहर कस्बा स्थित एक बैंक में आए थे। दोपहर के समय बैंक आफ इंडिया के सामने खड़े थे। तभी मार्ग से गुजर रहे टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध को स्थानीय लोगों ने टेंपो में बैठा सीएचसी भेजा था। लेकिन, टेंपो चालक इधर उधर घुमाता रहा। वीरेंद्र सिंह को भोगांव सीएचसी के बाहर छोड़कर चला गया।




रविवार की सुबह वृद्ध का शव सीएचसी के पास मिला। जानकारी मिलने के बाद परिजन ने मौके पर पहुंच कर पहचान की। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी आ गई। मृतक के पुत्र चंद्र भूषण सिंह ने टेंपो चालक सतीश सिंह निवासी बीलपुर खास के ला-परवाही बरतने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### मौलाना की कम नहीं हो रहीं मुश्किलें

## तौकीर रजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी

**बरेली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

बरेली में इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) कोर्ट में अर्जी दी गई है। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने कोर्ट में अर्जी देकर कहा कि मौलाना तौकीर रजा खां आला हजरत परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिनका समाज में खासा प्रभाव है। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद विपक्षी ने धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए राष्ट्र विरोधी बयान दिए। नौ फरवरी 2024 को शहर में धारा 144 लागू होने के दौरान जुमे की नमाज के बाद मार्च व सामूहिक गिरफ्तारी का ऐलान करके भीड़ को इकट्ठा करने की योजना बनाई।



इस दिन शहर में बवाल हुआ जो भड़काऊ बयानों का परिणाम था। कोर्ट से मौलाना तौकीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रार्थना की गई है। कोर्ट ने इस पर पुलिस से रिपोर्ट मांगते हुए सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की है।

बता दें कि 2010 के बरेली दंगे को लेकर मौलाना तौकीर रजा को पिछले दिनों कोर्ट ने मास्टरमाइंड बताया था। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। वह हाईकोर्ट गए तो वहां से ट्रायल कोर्ट में 27 मार्च को हाजिर होने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद मौलाना कोर्ट में हाजिर नहीं हुए थे। पेशी से एक दिन पहले ही वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए।

तौकीर रजा ने बीमारी का हवाला देकर अपने अधिवक्ता के जरिए अदालत में अर्जी लगवाई, जिसे कोर्ट ने लेने से इन्कार कर दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। फिलहाल, न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख एक अप्रैल नियत की है।

## आडवाणी जी के राष्ट्र-प्रथम की भावना का सम्मान है भारत-रत्न : योगी

**लखनऊ, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

पूर्व उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी।

योगी ने कहा, यह अलंकरण उनकी लोक-निष्ठा, राष्ट्र-प्रथम की भावना और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदानों का सम्मान है।

## आज बुलंदशहर आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**बुलंदशहर, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बुलंदशहर के निकुंज हॉल में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके लिए भले ही साढ़े चार हजार लोगों को बुलाने का दावा किया जा रहा है लेकिन कार्यक्रम हॉल में करीब 1700 कुर्सियां ही लगाई गई हैं।



सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर एक बजे निकुंज हॉल में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरेगा और उसके बाद कार से सीधे कार्यक्रम स्थल ले जाया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपाइयों की ओर से चिकित्सक, शिक्षक, चार्टर्ड एकाउंटेंट, अधिवक्ता समेत अन्य वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया है। लोकसभा चुनाव के लिए भले ही आचार संहिता लागू है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी भी दबे पांव मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कराने में जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नगर पालिका की स्प्रिंकलर गन से रविवार को कार्यक्रम स्थल के आसपास छिड़काव कराया गया। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों ने भी सफाई कराई गई है। बताया जा रहा है कि दोपहर एक बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पास दिया जाएगा। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को कार्यक्रम हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई आज

**प्रयागराज , 31 मार्च (एजेंसियां)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले की सुनवाई होनी है। दोपहर दो बजे से कोर्ट नंबर 89 में सुनवाई होनी है। अभी मुस्लिम पक्ष की ओर दलीलें दी जा रही हैं। इसके बाद हिंदू पक्ष की ओर अपना पक्ष रखा जाएगा। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन के समक्ष मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की थी। सिविल वादों पर मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता नसईरूज्जमा, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, अधिवक्ता हरे राम त्रिपाठी, प्रदीप शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल कोर्ट में मौजूद थे। वाद संख्या चार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष पांडेय ने दाखिल अर्जी पर पक्ष रखते हुए कहा था कि शाही ईदगाह मस्जिद परिसर में स्थित श्रीकृष्ण कूप में वर्षों से बासोदा पूजा होती आ रही है।

## यूपी के ट्रांसजेंडर भी वोटरों को करेंगे जागरूक

### इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर-डे पर गोण्डा में हुई पहल

**लखनऊ/गोण्डा, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के ट्रांसजेंडर भी अब मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इसके लिए वो निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस पहल की शुरुआत जनपद गोण्डा से होने जा रही है। रविवार को इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ विजिबिलिटी के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर सवांद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर्स ने अपने विचार भी रखे और मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय योगदान देने हेतु आश्वासन भी दिया।



अमृता सोनी एवं पूजा मिश्रा ने अपने सभी ग्रुप समेत लगभग 22 ट्रांसजेंडर्स के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर ग्रुप की मुखिया अमृता सोनी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न प्रकार के सुझाव प्रस्तुत किये।

साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी लोग गांव में शहरों में तथा अन्य सभी स्थानों पर कार्यक्रम के लिए जाते हैं और हम लोग जनपद में अब मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सभागार में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में उप-स्थित सभी ट्रांसजेंडरों ने अपने-अपने विभिन्न प्रकार के सुझाव रखे तथा उन्होंने प्रशासन से अपने सुविधाओं के संबंध में कई अन्य मांग को भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर पूजा मिश्रा ने कहा कि हम प्रशासन को आश्वस्त करते हैं कि जिलाधिकारी की इस अनूठी पहल के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही हम सभी लोग भी बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ट्रांसजेंडर संवाद में डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि ट्रांसजेंडर कम्युनिटी का आम जनता से जुड़ाव बहुत ही अच्छा है। अन्य वालंटियर के मुकाबले ट्रांसजेंडर आमजन से ज्यादा जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में 25 लाख से अधिक मतदाता है। उसमें से 97 ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि भारत में होने वाला लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है। इसमें ट्रांसजेंडर कम्युनिटी का भी अहम रोल है। उन्होंने सभी ट्रांसजेंडर वोटरों को 20 मई का मतदान करने के अपील की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग सभी लोगों को चुनाव में शामिल करने पर जोर दे रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अवनीश त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## चौधरी साहब को भारत रत्न राष्ट्र के नवनिर्माण में असाधारण योगदानों का अभिनंदन है: योगी

**लखनऊ, 31 मार्च (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिंह राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेत एवं खलिहानों से होकर जाता है, कहने वाले के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरां नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया भारत रत्न सम्मान राष्ट्र के नव-निर्माण में उनके असाधारण योगदानों का अभिनंदन है। गांव, गरीब, वंचित, शोषित और अन्नदाता किसानों के समग्र उत्थान को समर्पित चौधरी साहब के अविस्मरणीय कार्यों ने भारतीय राजनीति को उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न मिलने पर हर्ष जताया। सीएम ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा नई दिल्ली में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाना उनके कुशल नेतृत्व और लोक-कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान है। उनसे भारत के आर्थिक विकास को नई दिशा प्राप्त हुई। भारत को समृद्ध और उन्नत बनाने में उनके योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान कृषि वैज्ञानिक, हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से विभूषित किए जाने पर कहा कि डॉ. स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता से भारत में कृषि के उत्थान एवं अन्नदाता किसानों की समृद्धि व खुशहाली के एक नए युग की शुरुआत हुई।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने को योगी ने गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित रहा उनका पूरा जीवन भारतीय राजनीति के लिए सदैव एक आदर्श प्रतिमान रहेगा।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया मार्गदर्शन कार्यक्रम

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दसवीं कक्षा की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को भविष्य के लिए विषय का चयन करने में बहुत कठिनाई होती है। यह एक जटिल समस्या है जिससे हमारा युवा वर्ग जूझता रहता है। इस समस्या के निवारण की दिशा में अग्रवाल समाज तेलंगाना ने एक छोटा सा कदम उठाते हूए एक मार्गदर्शन कार्यक्रम रविवार को अबिड्स स्थित समाज कार्यालय में जॉब एंड कॅरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया। जॉब एंड कॅरियर काउन्सलिंग समिति के चेयरमैन प्रेम अग्रवाल ने बताया कि इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में अपने अपने क्षेत्र से तीन विद्वान सीए ऋषभ अग्रवाल, एडवोकेट अंकित सौंथेलिया, डॉ. दिव्य अग्रवाल, डीआरएस स्कूल से कॅरियर काउंसलर प्रमिला को विद्यार्थियों के मार्ग दर्शन हेतु आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में 30 छात्र-छात्राओं की सदस्य सीमा रखी गई थी।



इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सह मंत्री कंचन अग्रवाल, श्रीशैलम यात्री निवास समिति के वाईस चेयरमैन कमल अग्रवाल, मीडिया कमिटी के चेयरमैन अजय अग्रवाल एवं जॉब एंड कॅरियर काउन्सलिंग समिति के वाईस चेयरमैन अशुतोष अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में टैली एंड जीएसटी प्रशिक्षण शिविर में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज के निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और टैली प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आवश्यकतानुसार विद्यार्थीगण उनकी कंपनी में व्यवसायप्राप्त कर सकते हैं। समाज़ के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जॉब एंड कॅरियर कॉउन्सलिंग समिति को टैली एंड जीएसटी प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी और सफल छात्रों को उचित वेतन के साथ रोजगार दिलाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने छात्रों से कहा की जो गुण जो ज्ञान उन्होंने इस शिविर से प्राप्त किया वही वास्तव में छात्रों की वास्तविक सम्पति है जो उन्हें जीवन भर उपयोगी होगीं। उन्होंने समिति के चेयरमैन प्रेम अग्रवाल और वाईस चेयरमैन आशुतोष अग्रवाल को भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर और मार्गदर्शन कार्य करते रहने का आग्रह किया। उपाध्यक्ष पुरषोत्तम अग्रवाल ने भी छात्रों से वार्तालाप किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सीए ऋषभ अग्रवाल ने वाणिज्य विषय से संबंधित शंकाओं पर छात्रों का मार्गदर्शन किया और इस विषय की उपयोगिता बताई। एडवोकेट अंकित सौंथेलिया ने छात्रों से कानून के विषय में और वकालत की पढ़ाई से होने वाले लाभ के सम्बन्ध में चर्चा की और छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. दिव्या अग्रवाल ने छात्रों से अपनी शिक्षा यात्रा का अनुभव साँझा किया और बताया कि डॉ. बनने की यात्रा कितना परिश्रम, लगन एवं समर्पण माँगती है। डीआरएस स्कुल के कॅरियर काउंसिलर प्रमिला ने छात्रों को बताया के भविष्य में विषय के चयन के क्या आधार होने चाहिए और क्या-क्या विषय समाज में उपलब्ध हैं। कार्यक्रम समिति के चेयरमैन प्रेम अग्रवाल ने छात्रों को अनुशासन और समय के सदुपयोग की महत्वता को समझाया और कहा कि वे भविष्य में छात्रों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे और मार्गदर्शन में हर संभव सहायता करेंगे। भविष्य में इस प्रकार के अन्य और कार्यक्रम आयोजित करने के वचन के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया।




# धूमधाम से मनाया गया अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा का फागोत्सव



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा हैदराबाद द्वारा सभा के कर्यालय मानसी गंगा काम्प्लेक्स फीलखाना पर फूलों की होली एवं फाग के भजनों का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। भजनों के साथ ही प्रसिद्ध कथा वाचक गोविन्द देव गिरिजी महाराज की शिष्य डॉ. शिल्पा दीदी द्वारा प्रवचन रखा गया। मुख्य अतिथि तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर दयाल शर्मा, महामंत्री डॉ. महेश अवस्थी, तेलंगान महिला अध्यक्ष किरण व्यास, महामंत्राणी सावित्री नागला का स्वगत क्रमशः हैद्राबाद अध्यक्ष दुर्गाप्रसार तिवारी, मंत्री दीपक शर्मा, संगठन मंत्री गिरीश व्यास, महिला अध्यक्ष प्रेमलता व्यास, मंत्राणी विथ्या बर्ने एवं संगीता पाण्डीया ने स्वागत किया। भजनों के पश्चात प्रसादी का आयोजन रखा गया। लबढ़चढ़कर महिलाओं एवं पुरुषों ने भजन गायन एवं फूलों की होली का आनन्द लिया।

# बिहार एसोसिएशन ने हर्षोल्लास से मनाया होली स्नेह मिलन



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को बिहार भवन परिसर में बिहार एसोसिएशन द्वारा रंगारंग होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या मे उपस्थित होकर लोगों ने रंग-गुलाल के संग एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी। एसोसिएशन महासचिव प्रभास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि होली मिलन समारोह का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के फगुआ व चईता गानों के साथ हुआ, जिसका उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भी होली स्नेह मिलन में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिहं ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मानवेन्द्र मिश्रा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उपाध्यक्ष उत्तम यादव, रवि शंकर सिंह, भरत सिंह, दिनेश सिंह कोषाध्यक्ष, विनोद गुप्ता मीडिया प्रभारी, दिलीप कुमार, मनोज यादव, मदन सिंह इत्यादि का समारोह के आयोजन में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों द्वारा सुरुचि भोजन का प्रबंध किया गया था जिसका उपस्थित महानुभावों ने भरपूर आनंद लिया।

# बीजेयूपी राजपूत सेवा संघ का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बीजेयूपी राजपूत सेवा संघ का वार्षिक महोत्सव का आयोजन रविवार को गीता ज्ञान भवन आरके पुरम में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ललन सिंह का चयन सदस्यों द्वारा किया गया जो एचएस चौहान के निधन से रिक्त हो गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी रामना रेड्डी एवं अखिलेश सिंह रेलवे स्टेशन मास्टर नामपल्ली का सम्मान नवीन बिहारी द्वारा शाल एवं बुके के साथ किया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन डीके सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव धनंजय सिंह, संयुक्त सचिव अविनाश सिंह द्वारा समाज के विकास एवं सुधार पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विवाह ब्यूरो के संयोजक संजय सिंह द्वारा भी यहां बसे राजपूत समाज के बच्चों के शादी विवाह के संबंध में प्रकाश डाला गया। शादी विवाह में आने वाली अड़चनों पर प्रकाश डालते हुए उनके समाधान पर भी विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन केके सिंह द्वारा किया गया। समय-समय पर समाज के विकास एवं उत्थान की सलाह मंच पर उपस्थित नवीन बिहार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, पप्पू सिंह, रमेश कुमार सिंह, नागमणि सिंह, उत्तम सिंह, हरि सिंह, सुजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, हिमांशु सिंह, निरंजन सिंह, उदय सिंह, राज नारायण सिंह, संतोष सिंह, सोनू सिंह आदि द्वारा समाज के उत्थान एवं विकास पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर हजारों लोगों की उपस्थिति रही एवं सैकड़ो में सदस्यों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सभा का समापन मनोनीत नए अध्यक्ष ललन सिंह द्वारा किया गया।






**हिंदू उत्सव समिति द्वारा ग्रीष्म ऋतु में 2016 से प्रतिवर्षानुसार छांछ सेवा के तहत रविवार 31 मार्च को हाई कोर्ट पोस्ट ऑफिस के समक्ष राहगीरों में मसाला ठंडी छांछ के आठ हजार ग्लास का वितरण किया गया। इस अवसर सिद्धि विनायक पब्लिकेशन के चेयरमैन एवं हिंदी दैनिक शुभ लाभ समाचार पत्र के प्रधान संपादक गोपाल अग्रवाल, भाजपा नेता टी उमा महेन्द्र,एडवोकेट विशाल केडिया, जगदीश शर्मा, महेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल एवं सभी साथियों के सहयोग एवं सेवा के लिए किरन तायल ने आभार प्रकट किया।**

# अग्रवाल समाज तेलंगाना केंद्रीय समिति सदस्यों की तृतीय सभा सम्पन्न

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना केन्द्रीय समिति सदस्यों की तृतीया सभा अबिड्स स्थित समाज के कार्यालय में शनिवार को सम्पन्न हुई। सभा का प्रारंभ महाराजा अग्रसेन जी के चरणों में पुष्पांजलि के साथ हुआ। समाज के मानद मंत्री कपूर चंद ने इस वर्ष की अब तक की ग़ातिविधियों से सभा को अवगत कराया। सभा में समाज के उपाध्यक्ष पुरषोत्तम अग्रवाल ने श्रीशैलम में प्रास्तावित यात्री निवास के विषय में सभा को विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यथाशीघ्र यात्री निवास का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।



समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जय श्री राम के संबोधन के साथ स्वागत भाषण आरंभ किया और श्री राम मंदिर के निर्माण की सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यकाल में एक सफल महाराज अग्रसेन जी की जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 9000 सदस्यों में भाग लिया जो अब तक की अधिकतम संख्या है। उन्होंने इस सफल आयोजन में सहयोग के लिये सभी का आभार जताया और धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता सफल आयोजन किया गया जिसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। माहिल सशकिकरण की दिशा में कुल 12 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अबतक सबसे महत्वपूर्ण कार्य कन्यादान आरंभ हुआ और कन्यादान स्कीम के अंतर्गत प्रथम विवाह सम्पन्न कराया गया। टैली और जीएसटी प्रशिक्षण शिविर बहुत की सुंदर ढंग से सफलता पूर्वक पूर्ण किया गाया। शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में अबतक लगभग पांच लाख की राशि से समाज में 30 ज़रूरतमंद बंधुओं को सहायता पहुँचाई गई। प्रिविलेज कार्ड को और सुदृढ़ बनाया गया और विजया डायग्नोस्टिक, अपोलो हॉस्पिटल के साथ साथ अन्य कई अस्पताल एवं विद्यालयों को जोड़ा गया। इस कार्यकाल में प्रथम बार अग्रमंजुशा को एक मैगज़ीन के रूप में निकाला गया। इस कार्यकाल के लिए कुल 32 समितियां बनाई गईं और 18-20 समितियां पूर्ण रूप से सक्रियता से कार्य कर रही हैं। उन्होंने अबतक की गतिविधियों में सफलता प्राप्त करने के लिए सभी का आभार जताया और धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी समतियों को इसी प्रकार इसी ऊर्जा से कार्य करने को कहा और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने असक्रिय समितियों से भी जाग्रत होने को कहा। अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने शाखाओं की गतिविधियों के संबंध में अपने विचार रखे और शाखाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास दिलाया कि केंद्रीय समिति शाखाओं के प्रत्येक कार्य में उनके साथ है और केंद्रीय समिति द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं से धनसंग्रह पात्र पर ध्यान केंद्रित करने को कहा और बताया कि इस योजना को सफल बनाना सभी अग्रबंधुओं का कर्तव्य है और यह ज़िम्मेदारी सभी को उठानी पड़ेगी। उन्होंने समाज के अन्य अग्रबन्धुगण जो अभी तक समाज से नहीं जुड़े उन्हें समाज से जोड़ने का भी सभी शाखाओं को प्रयत्न करने का निवेदन किया और कहा के सदस्य संख्या को न्यूनतम 10000 तक पहुँचाना होगा। सभा में आने वाले जून माह में मछली दवा के संबंध में चर्चा की गई। सभा में पदाधिकारियों ने सभा के अन्य सदस्यों की शंकाओं का समाधान किया। सह मंत्री कंचन अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा स्थगित की गई।

# हिन्दी महाविद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नल्लाकुंटा स्थित हिन्दी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार लक्ष्मीनारायण, सम्मानित अतिथि डीसीपी गिरिधर, उस्मानिया विश्वविद्यालय के एसीपी जी. जगन, विशेष आमंत्रित जगदीश्वर राव, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सिम्स अस्पताल के निदेशक डॉ. रघुराम, हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, सचिव शील कुमार जैन, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार दत्त, कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा, उप-प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ तथा प्राचार्या डॉ. के. बाला कुमार के स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात विशेष अतिथियों के प्रेरक भाषण के बाद महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को विशेष आतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। रजिस्ट्रार प्रो. लक्ष्मीनारायण ने छात्र जीवन में शिक्षा और परीक्षाओं के महत्व को बताया तथा डीसीपी गिरिधर ने पौराणिक कहानियों का चित्रण करते हुए विद्यार्थियों को अपने वास्तविक जीवन में मूल्यों और नैतिकता के निर्माण के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्य अश्विनी सनपूरकर के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन किया।

तत्पश्चात सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिसमें नृत्य और संगीत की प्रस्तुति थी। अवसर पर कार्यक्रम को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए मुख्य गायक ममन एवं पावनी को आमंत्रित किया गया। जिनके गानों पर सभी विद्यार्थी झूम उठे। यह आयोजन शैक्षणिक जीवन की दैनिक व्यस्तता को दूर करने के लिए था। जिसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और मनोरंजन करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया था। उन्हें एक साथ आते और हर्षोल्लास से भरा एक जीवंत माहौल बनाते हुए देखना अत्यंत सुखद था। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण और छात्र उपस्थित रहे।



जाट भवन मंदिर अलमासुगुडा में चेन्नई से पधारे श्रीराम सेना के अध्यक्ष एवं गोरक्षक हनुमान (खदाव) जाट का शाल-माला द्वारा सम्मान करते हुए धर्माराम ढाका प्रदेश अध्यक्ष तेलंगाना जाट एकता मंच एवं शंकर चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, दिलीप जाट, सचिन जाट एवं अन्य।

# गौ सेवा एवं जीव दया कार्यक्रम का आयोजन



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री फलोदी खिचन लोहावट जैन संघ के तत्वावधान में भूमाता मंदिर बेगम बाजार गौशाला में गौ सेवा एवं जीव दया कार्यक्रम रखा गया। उसका संपूर्ण लाभ धर्मेन्द्र कुमार तनुज कुमार झाबक परिवार द्वारा लिया गया। गौ सेवा एवं जीव दया कार्यक्रम में धर्मेन्द्र कुमार झाबक, कुशलचंद पारेख, सुनील कुमार पारेख, विजय कुमार कोचर, महावीर कुमार बैद, स्वरूपजी पारेख, आनंद ओसवाल, कुसुम पारेख, कनिष्क कोचर, युवान ओसवाल, दर्श बैद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक संस्था के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद बंसलजी की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए पंकज संघी ने बताया कि 25-30 अभिभावकों ने अपने बालक और बालिकाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और दिये गये पुराने बायोडाटा पर चर्चा की गई। सभी अग्र बंधुओं से निवेदन है कि जिस किसी सदस्य के घर पर विवाह योग्य बालक और बालिका है, इस समिति का नि:शुल्क लाभ ले सकते हैं।

यह बैठक हर रविवार सिकंदराबाद ऑफ़िस में पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे से शुरू होती है। छले साढ़े पाँच साल के कार्याकाल में इस संस्था द्वारा सोलह सौ से अधिक रिश्ते हो चुके हैं। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज संघी, पुरुषोत्तम गुप्ता, सुनील अग्रवाल, अरविंद गोयल, शिवराज अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, रविंदर, नरेश, सत्यनारायण अग्रवाल, संगीता गोयल ने भाग लिया।

# माहेश्वरी भवन चेरिटेबल ट्रस्ट सिकन्दराबाद की ट्रस्टी बैठक हुई



**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माहेश्वरी भवन चेरिटेबल ट्रस्ट बोर्ड की मीटिंग रविवार को माहेश्वरी भवन टारबंड में की गई। ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष गोपाल लाल बंग ने सभी का स्वागत किया। ट्रस्ट मंत्री पीडी जाखोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट बोर्ड के मेंबर हर रविवार को भवन पर 3-4 घंटे तक मीटिंग की जाती है। सदस्यों ने भवन में जो कार्य चालू है उसका निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभी ट्रस्ट बोर्ड के मेंबर्स ने कहा कि यह भवन आधुनिक बनाना है। भवन निर्माण में क्वाइल्टी ब्रांड वाला सामान लगाने पर विचार किया गया। बैठक में सभी ने अपने सुझाव दिए। बैठक में गोपाल लाल बंग, पीडी जाखोटिया, सत्यनारायण मून्दरा, अशोक चण्डक, हरि किशन बंग, लाल चंद डागा, संदीप अट्टल, विष्णु कांत जाजू, चेतन चण्डक, नीरज लखोटिया, मनोज डाँगरा, बंकट गिल्डा, बाला प्रसाद नवन्दर, जयेश गिल्डा आदि सभी ने अपने-अपने विचार व सुझाव दिए और उन पर चर्चा की गई।

# नारनौल अग्रवाल समिति की गौरव यात्रा का नामांकन 5 अप्रैल तक

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में काशी विश्वनाथ तथा अयोध्या श्री रामलला की गौरव यात्रा का नामांकन आगामी 5 अप्रैल तक होगा। समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा हैदराबाद से आगामी 20 जुलाई से 24 जुलाई के बीच रवाना होगी। इस 6 दिवसीय गौरव यात्रा में भक्तगण प्रभु श्री रामलला (श्रीधाम -अयोध्या) तथा ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ (वाराणसी) के दर्शन का लाभ ले सकेंगे श्र पंकज कुमार अग्रवाल ने समिति के सभी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में गौरव यात्रा में सम्मिलित होकर दर्शन का लाभ लेते हुए पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया श्र

इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए लोगों के उमंग को देखते हुए नामांकन तारीख को बढ़ाकर 5 अप्रैल तक किया गया है समिति के इच्छुक सदस्य यात्रा की जानकारी के लिए अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल तथा महामंत्री रविंद्र अग्रवाल से संपर्क कर 5 अप्रैल से पूर्व अपना नाम उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा महामंत्री रविंद्र अग्रवाल के पास अपने आधार कार्ड की जेरोक्स कॉपी के साथ एडवांस शुल्क देकर नाम आरक्षित करवा सकते हैं श्र मंत्री रविंदर अग्रवाल ने बताया कि गौरव यात्रा हेतु कुछ भी सीट शेष रह गई है, जो कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर नामांकन लिया जाएगा।

# साँझ के साथी का होली काव्य मिलन आयोजित




**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साँझ के साथी का होली काव्य मिलन, शनिवार 30 मार्च को सायंकाल 6.00 बजे से नवजीवन बालिका विद्यालय, रामकोट में स्थित कीमती हॉल में भव्यता से सम्पन्न हुआ।

साँझ के साथी के सचिव नंदगोपाल भट्टड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार कवि डॉक्टर ऋषभ देव शर्मा ने की। साँझ के साथी के परामर्श मण्डल के सदस्य वेणुगोपाल भट्टड, नरेंद्र राय, अहिल्या मिश्र तथा साँझ के साथी के अध्यक्ष अजित गुप्ता मंच पर विराजमान थे। सरस्वती पूजन के पश्चात सभी को गुलाल लगा होली की बधाई दी गई। श्रीमति ज्योति नारायण की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अजित गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए होली के पर्व की बधाई दी। उन्होंने साँझ के साथी की भविष्य की योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष डाक्टर ऋषभ देव शर्मा का शाल तथा मुक्ता माला द्वारा सम्मान वेणुगोपाल भट्टड ने किया। साँझ के साथी के उपाध्यक्ष बिशन लाल संघी ने साँझ के साथी की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

नंद गोपाल भट्टड के संचालन में सम्पन्न काव्य अनुष्ठान में डॉक्टर ऋषभ देव शर्मा, वेणुगोपाल भट्टड, नरेंद्र राय, अहिल्या मिश्र, अजित गुप्ता, चम्पा लाल बैद, सुनीता लुल्ला, बिशन लाल संघी, ज्योतिनारायण, पंडित रामकृष्ण पांडेय, वर्षा शर्मा, रेखा अग्रवाल, सुरेश गुगलिया, सीताराम माने, आशा मिश्रा मुक्ता, दयाशंकर, रूबी मिश्रा, राजीव सिंह तथा सुषमा लाल ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षीय टिपण्णी करते हुए डॉक्टर ऋषभ देव शर्मा ने कहा कि साँझ के साथी का इतिहास बड़ा पुराना है। नई पीढ़ी के रचनाकारों को इसका पूरा ज्ञान हो इसके लिए इसे लिपिबद्ध करना अत्यावश्यक है। नंद गोपाल भट्टड धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर कैलाश भट्टड, प्रेमशंकर नारायण, चंद्रप्रकाश दायमा, विनोद गिरी अनोखा, ओमप्रकाश अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

# चोरों ने किया चोरी का प्रयास ग्रामीणों ने कर दी एक की हत्या

**निज़ामाबाद 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निज़ामाबाद जिले के नवीपेट पुलिस स्टेशन के तहत पालदा गांव में बंद पड़ी एक पुरानी चावल मिल से कुछ चोर चोरी करने के प्रयास किया। इसी दौरान ग्रामीणों के हमले में एक चोर की मौत हो गई। घटना शनिवार की है।

**विशेष टीम के साथ गांव में सुरक्षा व्यवस्था**

ईएसआई यादगिरी गौड़ और स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार दोपहर को निज़ामाबाद ग्रामीण मंडल के पालदा गांव में छह लोग एक ऑटो में आए और चावल मिल का पुराना सामान चुराने की कोशिश की। जब स्थानीय लोगों ने देखा और उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो पांच चोर ऑटो में बैठकर भाग गये। एक दीवार कूदकर खेतों में भाग गया। ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और उस पर लाठियों से हमला किया।

सूचना मिलने पर नवीपेट पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए निजामाबाद जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान बानोत सुनील (44) की मौत हो गई। चोरी करने की कोशिश करने वालों की पहचान डिचपल्ली मंडल के सुद्धपल्ली तांडा निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पालदा गांव में विशेष टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था की है।

# आदिवासियों ने किया पुलिस पर हमला, सीआई समेत चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल



**खम्मम, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** खम्मम जिले के सत्तुपल्ली मंडल के बुग्गपाडु ग्राम पंचायत के अंतर्गत चंद्रायपालेम वन क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया। कुछ समय से बंजर भूमि को लेकर दो आदिवासी समूहों के बीच विवाद चल रहा है। जैसे इसकी खबर पुलिस को मिली तो वे मौके पहुंचे और आदिवासियों को शांत करने का प्रयास किया।

इसी दौरान आदिवासियों ने उन्हें रोकने वाले पुलिसकर्मियों पर जोरदार हमला कर दिया। आदिवासियों के हमले में सत्तुपल्ली सीआई किरण समेत चार अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से चंद्रायपालेम वन क्षेत्र में बंजर भूमि को लेकर आदिवासियों के दो समुदाय के बीच विवाद चल रहा है। इसी क्रम में, रविवार को बुग्गपाडु और चंद्रायपालेम गांवों के आदिवासियों के बीच बहस शुरू हो गई। सत्तुपल्ली पुलिस को मामले की जानकारी मिली और वह वन क्षेत्र में गये। इसी समय आदिवासियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। आदिवासियों ने सीआई किरण पर लाठियों से हमला कर दिया। यह देख सीआई को बचाने की कोशिश करने वाले चार अन्य कर्मियों पर भी आदिवासियों ने गंभीर हमला किया। आदिवासियों के हमले से बड़ी मुश्किल सीआई किरण से बच निकले है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामला दर्ज किया है और की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# केसीआर किसानों तक पहुंचे, उनके लिए लड़ने का किया वादा

**जनगांव, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चिलचिलाती गर्मी से बेपरवाह किये भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव अपने दौरे की शुरुआत एर्रावेली फार्महाउस से की और रविवार को पालकुर्ती निर्वाचन क्षेत्र के दारावथ तांडा पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की, जो ज्यादातर धान की फसल उगाते हैं। किसानों में से एक सत्यम्मा ने कहा कि उन्होंने चार बोरवेल खोदे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पानी की कमी के कारण उनकी चार एकड़ फसल सूख गई है, जिसके परिणामस्वरूप उन पर 4 लाख रुपये का कर्ज हो गया है। जब सत्यम्मा ने बीआरएस अध्यक्ष को बताया कि उन्होंने अपने बेटे की शादी तय कर दी है, लेकिन फसल बर्बाद होने के कारण उनके पास एक पैसा भी नहीं बचा है, तो चंद्रशेखर राव ने उसके लिए 5 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की।



चंद्रशेखर राव ने कहा कि किसानों को उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। आइए, रायथु बंधु और कृषि ऋण माफी के अलावा पानी और 24 घंटे मुफ्त बिजली के लिए लड़ें। एक अन्य किसान धन सिंह ने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान किसानों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। हमने आपके नेतृत्व में प्राप्त स्वर्ण युग को बर्बाद कर दिया। हमेशा की तरह, हमें नहरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की उम्मीद थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने हमें धोखा दिया और अधर में छोड़ दिया। जैसे ही चन्द्रशेखर राव सूर्यापेट की ओर बढ़े, पुलिस ने इडुलापर्रे तांडा चेक पोस्ट पर एमसीसी चेकिंग के तहत उनके वाहन को रोक लिया। बाद में वह तुंगतुर्ती निर्वाचन क्षेत्र के तहत वेलुगुपल्ली पहुंचे और क्षतिग्रस्त फसलों का निरीक्षण किया। पूरे रास्ते में, गुलाबी स्कार्फ पहने और फसल के नुकसान के मुआवजे की मांग करते हुए तख्तियां पकड़े हुए लोगों ने बीआरएस प्रमुख का स्वागत किया।

# भारत- अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास टाइगर ट्रायंफ 2024 में लिया हिस्सा

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**
भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं की द्विपक्षीय मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) उभयचर अभ्यास टाइगर ट्रायंफ 2024 अमेरिका के समरसेट में संपन्न हुआ। भारतीय नौसेना ने रविवार को कहा कि समुद्री चरण 26 से 30 मार्च तक आयोजित किया गया। इसमें दोनों देशों की इकाइयां शामिल थीं। इसके बाद एचएडीआर ऑपरेशन के लिए एक संयुक्त कमान एवं नियंत्रण केंद्र तथा एक संयुक्त राहत एवं चिकित्सा शिविर की स्थापना के लिए काकीनाडा में सैनिकों की लैंडिंग हुई। काकीनाडा तथा विशाखापत्तनम के पास भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के बीच यूएच3एच, सीएच53 और एमएच60आर हेलीकॉप्टरों से जुड़े क्रॉस डेक हेलीकॉप्टर ऑपरेशन भी किए गए। भारतीय नौसेना की भाग लेने वाली इकाइयों में एक लैंडिंग



प्लेटफ़ॉर्म डॉक, लैंडिंग शिप टैंक (बड़े) जिनमें उनके अभिन्न लैंडिंग क्राफ्ट और हेलीकॉप्टर, गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट तथा लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान शामिल थे। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व मशीनीकृत बलों सहित एक इन्फैंट्री बटालियन समूह द्वारा किया गया था और भारतीय वायु सेना ने एक मध्यम लिफ्ट विमान, परिवहन हेलीकॉप्टर और रैपिड एक्शन मेडिकल टीम (आरएएमटी) को तैनात किया था।

अमेरिकी टास्क फोर्स में एक अमेरिकी नेवी लैंडिंग प्लेटफ़ॉर्म डॉक शामिल था जिसमें इसके अभिन्न लैंडिंग क्राफ्ट एयर कुशन और हेलीकॉप्टर, एक विध्वंसक, समुद्री टोही और मध्यम लिफ्ट विमान और अमेरिकी मरीन भी शामिल थे। तीनों सेनाओं के विशेष ऑपरेशन बलों ने भी अभ्यास में भाग लिया और बंदरगाह तथा समुद्री चरणों के दौरान विशाखापत्तनम और काकीनाडा में अमेरिकी समकक्षों के साथ संयुक्त रूप से संयुक्त अभियान चलाया। नौसेना ने कहा कि यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है और इसका उद्देश्य बहुराष्ट्रीय एचएडीआर संचालन में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को साझा करना है। इस अभ्यास का हार्बर चरण 18-25 मार्च तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था, जिसमें प्री-सेल चर्चा, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, खेल गतिविधियां, शिपबोर्डिंग अभ्यास और क्रॉस-डेक दौरे शामिल थे। भारत की जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दोनों नौसेनाओं के कर्मियों ने 25 मार्च को एक साथ होली का त्योहार मनाया।



**अत्तापुर स्थित एसएनसी कन्वेंशन में ध्यान फाउंडेशन गौशाला द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा के द्वितीय दिवस कथा की महत्ता बताते गोवत्स श्री राधाकृष्णजी महाराज। साथ में दानदाता राजकुमार, मायाराम अग्रवाल, महेन्द्र लाखोटिया, दीपक विजयवर्गीय, गोपाल अग्रवाल, मनोज मित्तल, विशंभर लाल अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, महेश खेतान, अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल व अन्य।**

# ईडी ने अरविंद केजरीवाल के फोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल को लिखा खत

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**
दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी की रिमांड में हैं। अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ जारी है। इस सबके बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरविंद केजरीवाल के यहां से जब्त किए गए उनके फोन और डिजिटल डिवाइसेज का एक्सेस ईडी हासिल नहीं कर पाई है। सूत्रों की मानें तो ईडी केजरीवाल से बार-बार इन डिवाइसेज का पासवर्ड बताने को कह रही है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल पासवर्ड बताने से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि ईडी ने केजरीवाल के आवास से बरामद 4 आईफोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल से खत के जरिए संपर्क किया है। वहीं, एप्पल की तरफ से ईडी को जवाब दिया गया है कि वह इन फोन का पासवर्ड का पता लगे बिना नहीं खोल सकते हैं और ऐसे में इन फोन का डाटा मिलना बेहद मुश्किल होगा। ईडी ने जब केजरीवाल को 21 मार्च की रात




उनके आवास से गिरफ्तार किया था तो उनके आवास से 4 फोन भी बरामद किए थे। इसके साथ ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का फोन भी ईडी ने जब्त किया था। ऐसे में कोर्ट में ईडी ने बताया था कि केजरीवाल की पत्नी के फोन का एक्सेस मिल गया है और उसका डाटा निकाल लिया गया है। लेकिन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं बता रहे हैं। वहीं, अरविंद केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि ईडी उनके फोन का एक्सेस लेकर उनकी चुनावी रणनीति और गठबंधन से संबंधित डाटा हासिल करना चाहती है।

# स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण सतह से हवा में मार करने में सक्षम

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।**
भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों की ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। आत्मनिर्भर भारत पहल को बढावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया था। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल डीआरडीओ द्वारा निर्मित एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार



करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित किया गया था, जिसमें नाग, अग्नि और त्रिशूल मिसाइल और पृथ्वी बैलिस्टिक मिसाइल का विकास भी शामिल था।

भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना के लिए दो मिसाइल संस्करण बनाए गए हैं। भारतीय सेना ने मई 2015 में आकाश मिसाइलों के पहले बैच को शामिल किया। पहली आकाश मिसाइल मार्च 2012 में भारतीय वायु सेना को सौंपी गई थी। मिसाइल को औपचारिक रूप से जुलाई 2015 में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था।

आकाश मिसाइल सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली पूरी तरह से स्वायत्त मोड में काम करते हुए कई हवाई लक्ष्यों को साध सकती है। प्रणाली में एक लॉन्चर, एक मिसाइल, एक नियंत्रण केंद्र, एक बहुक्रियाशील अग्नि नियंत्रण रडार, एक प्रणाली हथियार और विस्फोट तंत्र, एक डिजिटल ऑटोपायलट, सी4ख (कमांड, नियंत्रण संचार और खुफिया) केंद्र और सहायक जमीनी उपकरण शामिल हैं।

# विजयवाड़ा ब्राह्मण समाज ने मनाया होली स्नेह मिलन



**विजयवाड़ा, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
स्थानीय कृष्ण लंका स्थित प्राचीन शिवमंदिर परिसर में विजयवाड़ा ब्राह्मण समाज द्वारा होली स्नेह मिलन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज बंधुओं द्वारा शिव परिवार की विशेष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात उपस्थित बंधुओं ने रंग गुलाल एवं फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को शभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्यगण उपस्थित थे। अल्पहार के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बिना लालच के मताधिकार का प्रयोग करें : सदैया



**आसिफाबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना में आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव बिना किसी दंगे के शांतिपूर्ण माहौल में होने चाहिए। मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए और शराब, पैसे और उपहार के लालच में अपना मताधिकार का प्रयोग करें तथा पूजा स्थलों और शैक्षणिक संस्थान में चुनाव संबंधी प्रचार न करें। डीएसपी सदैया ने कहा कि किसी भी शिकायत सीटी एप्लीकेशन नंबर 1950 पर की जा सकती है।

जैनूर सीआई अंजैया और सीआरपीएफ इंस्पेक्टर बद्रीप्रसाद, जैनूर एसएसआई संदीप कुमार और सीआरपीएफ ने रविवार, दि. 31 मार्च, 2024 को सुबह 6 बजे जैनूर मंडल के बुसीमेट्टा कैंप, बुसीमेट्टा और दबोली गांवों का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण बताया जाए और कोई अप्रिय घटना नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और पैसे व शराब के लालच में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों, मजीदों, चर्चों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में कोई चुनाव अभियान नहीं चलाया जाना चाहिए।इसी तरह अगर आपको कोई चुनावी शिकायत है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं, और सी व्हिसल ऐप में भी शिकायत की जा सकती है।बाद में डीएसपी सदैया गारी अद्वैर्यम, जैनूर सीआई अंजैया, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर बद्रीप्रसाद सिरीपुर (यू) एसए-सआई माधव, लिंगपुर एसएसआई प्रवीण कुमार और 40 सीआरपीएफ केंद्रीय बलों और स्थानीय पुलिस ने जैनूर मंडल केंद्र में मार्च किया और लोगों को साहस और आश्वासन दिया।

# आदिलाबाद का ऑयल पाम पायलट प्रोजेक्ट फलीभूत हुआ

**आदिलाबाद , 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पहली बार, पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले के किसान ऑयल पाम की खेती का लाभ उठा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इससे अन्य किसानों को इस आकर्षक उद्यम की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

सरकार द्वारा 2020-2021 में शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट में, मंचेरियल जिले के कोटापल्ली और भीमाराम मंडल में 284 एकड़ में 109 किसानों ने तेल पाम की खेती की ओर रुख किया। कपास जैसी पारंपरिक फसलों से हटकर, ये किसान अब कंपनियों को प्रति टन फसल के लिए 26,000 रुपये की पेशकश करते हुए देख रहे हैं।

भीमाराम मंडल के कोथापल्ली गांव के किसान इतिक्याला पद्मा, जिन्होंने तीन साल पहले लगभग एक एकड़ में ताड़ के तेल के बीज बोए थे, अब उन्हें इसका फल



मिल रहा है। इसी तरह, कोटापल्ली मंडल के रासपल्ली गांव के मूल निवासी जी. राजन्ना ने तीन साल पहले ऑयल पाम की खेती शुरू की थी और अब वह अपने प्रयासों का फल देख रहे हैं।कई कंपनी के प्रतिनिधियों ने उपज खरीदने के लिए खेतों का दौरा किया और सीधे किसानों के खातों में भुगतान जमा किया, खेती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे किसानों को फसल के पैटर्न और खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिलती है। जिला बागवानी और रेशम उत्पादन अधिकारी वी. उदय कुमार कहते हैं कि तेल ताड़ के पौधों को धान और अन्य फसलों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। वह कहते हैं, ''हम किसानों की कमाई बढ़ाने के लिए अंतरफसल को भी प्रोत्साहित करते हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि सरकारी सब्सिडी किसानों को इस आकर्षक उद्यम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। 2022-23 में, 446 किसानों ने 1537.60 एकड़ में ऑयल पाम की खेती की। 2023-24 में, अधिकारियों का लक्ष्य खेती को 3,400 एकड़ तक बढ़ाना है।

# हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ कर युवक बुरी तरह झुलसा

**हांसी,31 मार्च (एजेंसियां)।**
हांसी में शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया। जब हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक रोहित बुरी तरह झुलस गया। युवक के शरीर से धुआं निकल रहा था। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। आनन-फानन में युवक को हांसी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर हिसार रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल में ले गए।

दरअसल, यह मामला शहर के रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर के समीप फौजी एकेडमी के साथ का है। बताया जा रहा है कि फौजी एकेडमी के समीप एक घर में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। शादी के दौरान परिवार में डीजे व खाने का रविवार व लड़के की बारात सोमवार को जानी है। इस दौरान शादी वाले घर के समीप एक घर में बिजली न होने के चलते लोगों को समस्या झेलनी पड़ रही थी, इसी के चलते उन्होंने घर की बिजली का कनेक्शन जनरेटर के साथ करने के लिए डीजे पर काम करने वाले एक आपरेटर को बुलाया।

जिसके बाद रविवार दोपहर करीब 12 बजे युवक पहुंचा और मकान की बिजली कनेक्शन को जनरेटर के साथ कनेक्ट करने के लिए वह छत पर काम कर रहा था। उसी दौरान बताया जा रहा है कि युवक ने कनेक्शन करने के दौरान कुछ तारों को नीचे फेंका तो वह हाई वोल्टेज तार से टच हो गई और जोर से धमाका हो गया, जिससे वह उसकी चपेट में आ गया। इस घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया है। धमाका होने के बाद मकान की पूरी बिजली फिटिंग जल गई।

# तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू चलने और रातें गर्म होने की संभावना

**हैदराबाद, 31 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मध्य गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के कारण राज्य में दिन ही नहीं, अब रातें भी गर्म हो गई हैं।

आईएमडी ने कहा कि राज्य में शुष्क मौसम रहेगा, साथ ही आदिलाबाद, कुमुरामभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, राजन्ना-सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, महबूबनगर, नागरकुर्नूल जिलों में गर्म रातें रहने की संभावना है। वानापर्ती, नारायणपेट, जोगुलाम्बा गडवाल, खम्मम, मुलुगु, भद्रद्रिकोथागुडेम और पड़ोसी क्षेत्र के अलावा, कामारेड्डी, करीमनगर, कोमाराम भीम आसिफाबाद, आदिलाबाद, महबूबनगर, सूर्यापेट, नलगोंडा, नारायणपेट, राजन्ना सिरसिला और अन्य स्थानों के अलग-अलग इलाकों में भी लू की स्थिति का अनुभव किया जाएगा।आईएमडी ने 1-3 अप्रैल के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है क्योंकि तापमान में असामान्य वृद्धि देखी जाएगी।

अगले पांच दिनों तक पीला और नारंगी अलर्ट जारी रहेगा क्योंकि अधिकतम तापमान 44ओउ-45ओउ के आसपास बने रहने की संभावना है। शनिवार तक, सभी 33 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि तेलंगाना राज्य के अनुसार, राज्य में उच्चतम तापमान रिकॉर्ड नलगोंडा में 43.10 डिग्री सेल्सियस था, इसके बाद सूर्यापेट और भद्राद्री में 43 डिग्री सेल्सियस था। विकास और योजना सोसायटी की रिपोर्ट।

DAILY शुभ लाभ Classifieds

**नाम में परिवर्तन**

मैं **श्रीमंता सुरेश पाटिल**, माँ आर्मी नं. 15179296K, रैंक : नायक- संजय पाटिल निवासी, ग्राम/पोस्ट : किणये तहसील, जिला : बेलगावी, राज्य : कर्नाटक, शपथ पत्र संख्या KA94877836433017W, दि. 09.01.2024 के माध्यम से सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम **शालन** से **श्रीमंता सुरेश पाटिल** में बदल लिया है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम **श्रीमंता सुरेश पाटिल** एवं सही जन्मतिथि 15.06.1960 है, जो आधार एवं पैन कार्ड में अंकित है।

**नाम में परिवर्तन**

मैं **सुरेश अमृत पाटिल**, पिता आर्मी नं. 15179296K, रैंक : नायक- संजय पाटिल निवासी, ग्राम/पोस्ट : किणये तहसील, जिला : बेलगावी, राज्य : कर्नाटक, शपथ पत्र संख्या KA94846714401300W, दि. 09.01.2024 के माध्यम से सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम **सुरेश** से **सुरेश अमृत पाटिल** में बदल लिया है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम **सुरेश अमृत पाटिल** एवं सही जन्मतिथि 26.10.1955 है, जो आधार एवं पैन कार्ड में अंकित है।

A PROJECT BY
BASAI
GROUP

hmda
Growing Global





# PUSHPA RESIDENCY-1

Quality Living Starts Here

## Ready to occupy @ Thumkunta << SHAMIRPET




- 2 Bhk
- Parking 2 wheeler & 4 Wheeler
- 100% Vaastu



SCAN FOR
SITE LOCATION

Everyone love to live in a beautiful & luxurious home where elders are happy & children grow up in a healthy environment. To experience the comfort of a spacious flat in a good neighbourhood, where fresh air & abundant water & the blissful silence of environment invites your family to live in comfort. Pushpa Residency is a prestigious project by Basai Group who have executed several successful projects. Their strength in the construction field can be gauged by the quality and dedication they bring to every project. we work hard to ensure customer satisfaction ... So why to wait now we provide you the luxurious flat in Thumkunta, Shamirpet .

FOR DETAILS

+91 77991 23471
94901 18708

Email : pushparesidency1@gmail.com